

वांगचुक का भाषण तीन मिनट का तो उसका अनुवाद आठ मिनट का क्यों -12



आयात बढ़ने से देश का व्यापार घाटा दोगुना होकर 10 अरब डॉलर के पार -12



ईरान बोला-अगर अमेरिका प्रतिबंध हटाए तो हम समझौते के लिए तैयार -13





टी-20 विश्वकप में इटली को 24 रनों से हराकर इंग्लैंड पहुंचा सुपर आठ में -14


आज का मौसम | 28.0° अधिकतम तापमान | 13.0° न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 06.44 | सूर्यास्त 06.01

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष अमावस्या 05:30 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082


मंगलवार, 17 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 178, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 5 रुपये


## गारमेंट फैक्टरी में अवैध रूप से बना रहे थे पटाखे, धमाके में 7 लोग जिंदा जले

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले के भिवाड़ी कस्बे में सोमवार को पटाखे बनाने वाली एक अवैध फैक्टरी में धमाके के साथ आग लगने से सात लोगों की मौत हो गई। प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट सुमित्रा पारीक ने बताया गारमेंट फैक्टरी में अंदर अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे। मैनेजर पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

फैक्टरी में फंसे दो लोगों को निकालकर दिल्ली के अस्पताल में भर्ती



फैक्टरी में धमाके के बाद लगी आग।

करवाया गया है, जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा भिवाड़ी के खुशखेड़ा-करोली औद्योगिक क्षेत्र में हुआ। पारीक ने कहा, परिसर को

- भिवाड़ी में घटी घटना, मैनेजर पुलिस की हिरासत में

गारमेंट फैक्टरी के लिए किराए पर लिया गया था, लेकिन प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार इसमें अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे। पुलिस को घटना की जानकारी नियमित गश्त के दौरान मिली, इसके बाद तुरंत बचाव अभियान शुरू किया गया। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार फैक्टरी में 20 से अधिक लोग मौजूद थे। आग लगते ही कुछ मजदूर बाहर निकलने में सफल रहे जबकि नौ लोग अंदर फंस गए। डेढ़ घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। शव बुरी तरह जले हुए थे, कई के कंकाल मिले।

## भारी भीड़, लंबी कतारों के बीच एआई महाकुंभ का आगाज

नई दिल्ली, एजेंसी

दुनिया का सबसे बड़ा एआई शिखर सम्मेलन सोमवार को भारी भीड़ और लंबी कतारों के बीच यहां 'भारत मंडपम' शुरू हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्सपो का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने प्रदर्शनी में हिस्सा ले रही स्टार्टअप कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद भी किया। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में प्रौद्योगिकी और उद्योग जगत के दिग्गज, नीति निर्माता, संस्थापक और विशेषज्ञ शामिल होंगे।

राष्ट्रीय राजधानी में सम्मेलन के प्रतिनिधियों, वक्ताओं और मेहमानों के स्वागत के लिए बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाए गए हैं। सम्मेलन के सुबह



नई दिल्ली में स्टार्टअप कंपनियों के प्रतिनिधियों से संवाद करते प्रधानमंत्री मोदी।

साढ़े नौ बजे से काफी पहले ही भारत मंडपम के बाहर लंबी कतारें लग गईं, जो इस विषय और सम्मेलन में लोगों की गहरी रुचि को दर्शाता है। वैश्विक प्रौद्योगिकी दिग्गज सुंदर पिचाई, सैम ऑल्टमैन और एंथ्रोपिक के सीईओ दारियो अमोडेई के सत्र बुधवार से पहले शुरू नहीं होंगे। शिखर सम्मेलन के अंतिम दो दिन 19 और 20 फरवरी को दुनिया के 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष और सरकार के प्रमुख हिस्सा लेंगे। 'समिट 2026' में प्रधानमंत्री मोदी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा शामिल होंगे। 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में 3,250 से अधिक वक्ता और 500 से अधिक सत्र होंगे। आयोजकों ने कहा कि पंजीकरण अपेक्षाओं से अधिक हुए हैं।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्सपो का किया उद्घाटन, भारत मंडपम के बाहर लंबी कतारें लगीं
- प्रौद्योगिकी और उद्योग जगत के दिग्गज, नीति निर्माता, संस्थापक और विशेषज्ञ शामिल

### गूगल, एनवीडिया, अमेजन, मेटा, ओपनएआई माइक्रोसॉफ्ट भी नवाचार को प्रदर्शित कर रही

सम्मेलन के दौरान एआई एक्सपो का भी आयोजन किया गया है, जहां प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियां जैसे गूगल, एनवीडिया, अमेज़न, मेटा, ओपनएआई, माइक्रोसॉफ्ट और भारत की बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां अपने एआई नवाचार को प्रदर्शित कर रही हैं। यह एक्सपो एआई के बदलाव और विकास पर ध्यान केंद्रित करता है और इसमें 300 से अधिक प्रदर्शनियां, 13 देशों के पवेलियन शामिल हैं। इसके अलावा, एक्सपो में पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर भी जोर दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### अंतरिम व्यापार समझौते को रूप देने अमेरिका जाएगा भारतीय दल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि अंतरिम व्यापार समझौते के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देने के लिए भारतीय अधिकारियों का एक दल अगले सप्ताह अमेरिका जाएगा। इस समझौते पर मार्च में हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। यह यात्रा 23 फरवरी से शुरू होने की संभावना है। भारत और अमेरिका ने इस महीने की शुरुआत में एक संयुक्त बयान जारी कर घोषणा की थी कि अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा तैयार कर ली गई है।

### शबरिमला मामले में पूर्व टीडीबी सचिव जयश्री ईडी के समक्ष पेश हुईं

**कोच्चि।** शबरिमला सोना चोरी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में टीडीबी की पूर्व सचिव एस जयश्री सोमवार को पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश हुईं। द्वारपालक (संरक्षक देवता) की मूर्ति से तौर पर सोना गायब होने से संबंधित मामले में चौथी आरोपी जयश्री की कथित भूमिका की जांच विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा की जा रही है। उन्हें जांच के तहत उच्चतम न्यायालय द्वारा अंतरिम सुरक्षा प्रदान की गई थी। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज किए गए धनशोधन मामले में भी उनका नाम आरोपी के रूप में दर्ज किया गया।

### महिला बीएलओ के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के शामली जिले के एक गांव में महिला बीएलओ (बूथ स्तरीय अधिकारी) के साथ दुर्व्यवहार करने, उनके सरकारी कार्य में रुकावट डालने और उनके बेटे पर हमला करने के आरोप में सोमवार को एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार यह घटना शामली जिले के झिंझाना पुलिस थाना क्षेत्र के चटेला गांव में हुई। शामली के एसपी ने बताया कि बीएलओ बबीता की शिकायत पर गुलाब नाम के आरोपी पर मामला दर्ज कर लिया गया।

## भारतीय संस्कृति को रौंदने वाले गाजी की समर्थक है सपा : योगी

### विधान परिषद में गाजी मियां व वंदेमातरम् मुद्दे पर मुख्यमंत्री का तीखा प्रहार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** विधान परिषद (विप) में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सपा और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने गाजी मियां और वंदेमातरम् से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए कहा कि सपा ऐसे गाजी के मेले का समर्थन करती है, जो भारत की परंपरा और संस्कृति को रौंदने आया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा और कांग्रेस एक ओर संविधान की दुहाई देती हैं, वहीं दूसरी ओर राष्ट्रगीत वंदेमातरम् का अपमान कराती हैं, जो किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदुस्तान में रहकर वंदेमातरम् न गाने की बात करना संविधान निर्माताओं और बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान है। वंदेमातरम् को 24 जनवरी 1950 को राष्ट्रगीत के रूप में मान्यता दी गई थी। प्रत्येक भारतीय का यह कर्तव्य है कि वह राष्ट्र के प्रतीकों का सम्मान करे। उन्होंने कहा कि गाजी



- सीएम बोले- 2017 से पहले यूपी में माफिया चला रहे थे समांतर सरकार आज प्रदेश फियर जोन से फेथ जोन बना

भारत की संस्कृति और परंपरा को मिटाने आया था, लेकिन श्रावस्ती के तत्कालीन नरेश महाराज सुहेलदेव के नेतृत्व में हिंदू राजाओं ने उसे परास्त कर दिया। डबल इंजन सरकार ने महाराज सुहेलदेव को उनका उचित सम्मान दिया है, बहराइच के चित्तौड़ा में भव्य स्मारक और उनके नाम पर विश्वविद्यालय इसका प्रमाण हैं।

योगी ने वर्ष 2017 से पहले की कानून-व्यवस्था की स्थिति को याद करते हुए कहा कि उस दौर में प्रदेश में सत्ता के संरक्षण में पल रहे गुंडे और माफिया समांतर सरकार चला रहे थे। गुंडा टैक्स, अवैध वसूली, दंगे और कर्फ्यू आम बात थी। पर्व-त्योहार आस्था नहीं, बल्कि आशंका का कारण बन जाते थे। न महिलाएं सुरक्षित थीं, न व्यापारी। कहा कि 2017 के बाद यूपी ने उपद्रव से उत्सव तक की यात्रा पूरी की है। न कर्फ्यू, न दंगा-यूपी में सब चंगा है। यूपी की बढ़ती जीडीपी, किसानों को डीबीटी के माध्यम से भुगतान, ओडीओपी और एमएसएमई के विस्तार का उल्लेख करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार ने विकास को गति दी है।

### बीएलओ और कर्मियों से दुर्व्यवहार कर रहे सपाई

मुख्यमंत्री ने संवैधानिक संस्थाओं पर विपक्ष के रवैये की भी कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी समाज को जातीय आधार पर बांटने, आस्था का अपमान करने और संवैधानिक मूल्यों पर प्रहार करने से नहीं चूक रही है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चल रही एसआईआर प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें सरकार की कोई भूमिका नहीं है, फिर भी सपा कार्यकर्ता बीएलओ और अन्य कर्मियों से दुर्व्यवहार कर रहे हैं, जो संवैधानिक संस्थाओं का अपमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि हम संविधान की शपथ लेते हैं, तो उसकी संस्थाओं का सम्मान करना भी हमारा दायित्व है।

### नई घोषणाएं व प्रमुख दावे

- प्रदेश में तीन नई पीएसी बटालियन के गठन की प्रक्रिया तेज
- सभी नगर निगमों व गौतमबुद्ध नगर में सेफ सिटी परियोजना लागू
- फॉरेंसिक लैब और साइबर इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार
- कृषि, एमएसएमई और उद्योग में टेक्नोलॉजी आधारित योजनाओं पर जोर
- निवेश के लिए ट्रस्ट, स्टेबिलिटी और स्पीड के मॉडल को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता

## पत्नी व बेटे को गोली मारकर रिटायर्ड फौजी ने भी दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सेन पश्चिमपारा थाना क्षेत्र में 55 वर्षीय रिटायर फौजी चेतराम ने लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक से पहले 47 वर्षीय पत्नी सुनीता और 15 वर्षीय बेटे दीप की गोली मारकर हत्या कर दी, इसके बाद घर से करीब दो किलोमीटर दूर भाऊपुर रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के आगे कूदकर अपनी भी जान दे दी। पुलिस को पत्नी और बेटे की हत्या का पता तब चला, जब वह रिटायर्ड फौजी की शिनाख्त होने पर आत्महत्या की सूचना देने उसके घर पहुंची। इस वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया। फौजी ने ऐसा कदम क्यों उठाया, फिलहाल आर्थिक तंगी की बात सामने आ रही है।

मूलरूप से घाटमपुर के पतारा में शेरूवा बखेड़िया गांव का रहने वाला चेतराम पासवान फौज से रिटायर था। वह करीब तीन महीने पहले सेनपश्चिम पारा थानाक्षेत्र के तुलसियापुरवा नई बस्ती में बनवाए गए नए मकान में रहने आया था। पिछले साल ही उसने बेटी प्रीति की शादी हापुड़ में की थी। बताते हैं कि बेटी की शादी में खर्च के बाद परिवार आर्थिक दबाव में था। इसी दौरान आवास विकास का मकान बेचकर चेतराम ने तुलसियापुरवा में नया घर बनवाया और तीन माह पहले शिफ्ट हो गया था। सेमवार सुबह घर से करीब दो किलोमीटर दूर भाऊपुर रेलवे ट्रैक पर उसका क्षत-विक्षत शव मिला। सूचना



चेतराम | दीप | सुनीता वर्मा

- लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक से हत्या करने के बाद ट्रेन के आगे कूदकर दी जान
- हाल में बनवाया था नया आशियाना, आर्थिक संकट में वारदात की बात आ रही सामने

पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पास खड़ी मोटरसाइकिल से मृतक की पहचान चेतराम के रूप में की। आत्महत्या की सूचना देने पुलिस उसके आवास विकास स्थित पुराने घर पर पहुंची, जहां से पता चला कि वह परिवार समेत तीन महीने पहले नए घर में शिफ्ट हो गए हैं।

इस पर पुलिस तुलसियापुरवा स्थित घर पहुंची, वहां दरवाजा बंद मिला। घर के अंदर जाने पर पुलिस टीम ने देखा कि बेड पर सुनीता का शव और दरवाजे के पास बेटे दीप की लाश और पास ही डबल बैरल गन पड़ी है। तुरंत घटना की जानकारी आला अधिकारियों को दी गई। मौके से चार खोखे और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। दो मोबाइल फोन और पर्स भी कब्जे में लिया गया। तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए। पुलिस कॉल डिटेल, लेन-देन और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

## मोदी-मैक्रों की मुलाकात आज रणनीतिक साझेदारी पर होगी चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात करेंगे और इस दौरान दोनों नेता भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे। दोनों नेताओं की बातचीत रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने तथा उन्हें नए और उभरते क्षेत्रों तक विस्तारित करने पर केंद्रित रहेगी।

प्रधानमंत्री मोदी 17 फरवरी को मुंबई जाएंगे, जहां फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर मैक्रों 17 से 19 फरवरी तक भारत की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वह भारत द्वारा आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट' में भाग लेंगे और मुंबई में प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय शिखर वार्ता करेंगे।

- एआई इम्पैक्ट समिट में शिरकत करेंगे फ्रांस के राष्ट्रपति, भारत में 19 तक रुकेंगे मैक्रों

## सीबीएसई छात्रों के लिए 10वीं की पहली बोर्ड परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए पहली बोर्ड परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य है और जो विद्यार्थी पहले चरण में कम से कम तीन विषयों में उपस्थित नहीं होते हैं, उन्हें अनिवार्य पुनरावृत्ति श्रेणी में रखा जाएगा। सीबीएसई 2026 से कक्षा 10वीं के लिए दो बोर्ड परीक्षाएं शुरू करने जा रहा है।

बोर्ड द्वारा यह स्पष्टीकरण कुछ अनुरोध प्राप्त होने के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि कुछ कारणों से कक्षा 10वीं के जो विद्यार्थी पहली बोर्ड परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएंगे, उन्हें दूसरी बोर्ड परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जानी चाहिए। परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, सभी विद्यार्थियों के लिए पहली बोर्ड परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य है। सभी उत्तीर्ण और पात्र विद्यार्थियों को विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने की अनुमति दी जाएगी। पहली पहली परीक्षा में शामिल नहीं होने पर अगले वर्ष फरवरी में आयोजित होने वाली मुख्य परीक्षाओं में ही परीक्षा दे सकेंगे।

- पहले चरण में तीन विषयों में उपस्थित नहीं होने पर अनिवार्य पुनरावृत्ति श्रेणी में रखा जाएगा
- सीबीएसई 2026 से कक्षा 10वीं के लिए दो बोर्ड परीक्षाएं शुरू करेगा

## एसआईआर में लापरवाही पर प. बंगाल के 7 अधिकारी सस्पेंड

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने चुनाव संबंधी विधिक प्रावधान के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए पश्चिम बंगाल में सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी के रूप में कार्यरत सात अधिकारियों को गंभीर कदाचार, कर्तव्य में लापरवाही व मतदाता सूची के एसआईआर से जुड़े वैधानिक अधिकारों के दुरुपयोग के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

बूथ अधिकारी, निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी व सहायक राज्य सरकार के कर्मचारी होते हैं, जो मतदाता सूची अद्यतन करने और चुनाव कराने में सहायता के लिए प्रतिनियुक्ति पर काम करते हैं। अधिकारियों ने बताया कि ईसी ने राज्य की मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि संबंधित अधिकारी अपने विभाग के जरिए इन अधिकारियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई शुरू करें और इसकी जानकारी आयोग को दें।

- चुनाव आयोग बोला- वोटर लिस्ट का काम संवेदनशील

## जेईई मेन्स : पहले फेज में 12 अभ्यर्थियों को परफेक्ट 100

नई दिल्ली, एजेंसी

इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मुख्य 2026 में 12 अभ्यर्थियों ने 'परफेक्ट 100' अंक प्राप्त किए हैं, जिनमें से अधिकांश राजस्थान से हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को यह घोषणा की।

इस महत्वपूर्ण परीक्षा के पहले संस्करण में 13.04 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। जिन प्रतिभागियों ने एनटीए में 'परफेक्ट 100' अंक प्राप्त किए हैं, उनमें से तीन राजस्थान से, दो आंध्र प्रदेश व एक-एक दिल्ली, बिहार, ओडिशा, हरियाणा, महाराष्ट्र, गुजरात और तेलंगाना से हैं। ये सभी 12 अभ्यर्थी लड़के हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, एनटीए स्कोर ऐसे सामान्यीकृत अंक हैं जो कई पालियों में आयोजित परीक्षा के प्रश्न पत्रों में समान रूप से मापने के लिए तैयार किए जाते हैं। ये अंक उस पाली में परीक्षा देने वाले सभी उम्मीदवारों के सापेक्ष प्रदर्शन के आधार पर निर्धारित किए जाते हैं। प्रत्येक पाली में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंक 0 से 100 तक के पैमाने में परिवर्तित किए जाते हैं। एनटीए अंक प्राप्त अंकों के प्रतिशत के समान नहीं होते। परीक्षा के सुचारू संचालन की निगरानी और सुविधा प्रदान करने के लिए एक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष खोला गया था।

- 13.04 लाख उम्मीदवारों ने दी थी परीक्षा, परफेक्ट 100 में सभी लड़के

सुनवाई

पीठ ने कहा– यह मामला जटिल और संवेदनशील मुद्दों से संबंधित, आक्षेपित प्रावधानों पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार

## डेटा संरक्षण 2023 कानून से संबंधी याचिका पर केंद्र को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम, 2023 के कई प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को केंद्र को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत ने हालांकि आक्षेपित प्रावधानों पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया और कहा कि जब तक हम मामले की सुनवाई नहीं करते, तब तक अंतरिम आदेश से संसद द्वारा लागू की गई व्यवस्था को रोका नहीं जा सकेगा।

सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने सूचना



के अधिकार अधिनियम के प्रावधानों में संशोधन को लेकर डीपीडीपी अधिनियम और डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नियम 2025 के कुछ प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर केंद्र को नोटिस जारी किया। पीठ ने तीन याचिकाओं, डिजिटल समाचार मंच 'द रिपोर्टर्स कलेक्टिव' की ओर से वेंकटेश नायक, पत्रकार नितिन सेठी और राष्ट्रीय जन सूचना अधिकार अभियान (एनसीपीआरआई) द्वारा दायर, को भी बृहद पीठ के पास भेज दिया। इन याचिकाओं में विश्वसनीयता संबंधी प्रावधानों पर चिंता जताई गई है, जो केंद्र सरकार को अपने विवेक से किसी भी डेटा प्रबंधन संस्था से डेटा प्राप्त करने की अनुमति देते हैं। पीठ ने कहा कि यह मामला जटिल और संवेदनशील मुद्दों से संबंधित है, और इसमें दो परस्पर विरोधी मौलिक अधिकारों, सूचना के अधिकार और निजता के अधिकार के बीच संतुलन बनाना शामिल है। सीजेआई ने कहा, यह परस्पर विरोधी हितों को संतुलित करने का मामला है। हमें सभी जटिलताओं को दूर करना होगा और यह निर्धारित करना होगा कि व्यक्तिगत जानकारी क्या होती है। याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने ऐतिहासिक सुभाष अग्रवाल फैसले का हवाला देते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने पहले ही आरटीआई और निजता के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए एक ढांचा तैयार कर लिया है। पीठ ने हालांकि कहा कि नए विधायी ढांचे के लिए एक नए, गहन परीक्षण की आवश्यकता है। याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने अतिरिक्त दलीलें पेश करने की कोशिश की, लेकिन कोर्ट ने केंद्र से व्यापक जवाब सुनिश्चित करने के लिए नोटिस जारी करने की कार्यवाही शुरू कर दी। मामले की सुनवाई मार्च में निर्धारित की है।

### धार्मिक स्थलों पर महिलाओं से भेदभाव मामले की 9 जजों की पीठ करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि नौ न्यायाधीशों की पीठ केरल के शबरिमला मंदिर सहित विभिन्न धर्मों और धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव से संबंधित याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई शुरू करेगी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि गठित की जाने वाली यह पीठ सात अप्रैल को याचिकाओं पर महत्वपूर्ण सुनवाई शुरू करेगी। सुनवाई 22 अप्रैल को पूरी होने होने की संभावना है। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उन्होंने शबरिमला से संबंधित उस फैसले की समीक्षा याचिकाओं का समर्थन किया है, जिसमें केरल के पवित्र पर्वतीय मंदिर में सभी आयु वर्ग की महिलाओं के प्रवेश की अनुमति दी गई थी। शबरिमला फैसले की समीक्षा का समर्थन करने वाले पक्षों के लिए पीठ द्वारा नियुक्त वकील कृष्ण कुमार सिंह नोडल अधिवक्ता हैं। सीजेआई ने कहा, हम यह उचित समझते हैं कि वरिष्ठ अधिवक्ता के परमेश्वर और शिवम सिंह को अदालत मित्र नियुक्त किया जाए। सिंह इस न्यायालय के समक्ष सभी पक्षों के विचार प्रस्तुत करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### 'कुष्ठाश्रम' शब्द हटाने का विधेयक पेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरकार ने उत्तर प्रदेश के नगरीय निकाय कानूनों से भेदभावपूर्ण शब्दावली हटाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सोमवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा में विधेयक पेश किया। इसके तहत उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 और उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम, 1916 से 'कुष्ठाश्रम' शब्द हटाया जाएगा। यह विधेयक उस अध्यादेश के स्थान पर लाया गया है, जिसे सरकार ने दो फरवरी को जारी किया था। यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के सात मई 2025 के निर्देशों के अनुपालन में की जा रही है। शीर्ष अदालत ने सभी राज्यों को कुष्ठ रोगियों से जुड़े कानूनों में मौजूद भेदभावपूर्ण प्रावधानों की पहचान कर उन्हें समाप्त करने के निर्देश दिए थे। कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि ऐसे प्रावधान मानवाधिकार और मानवीय गरिमा के प्रतिकूल हैं।

### दो राजकीय विवि की स्थापना के लिए विधेयक पारित

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा के बजट सत्र 2026-27 के दौरान योगी सरकार ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2026 और उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2026 को बहुमत से पारित करा लिया। सदन में विधेयक पेश करते हुए उच्च शिक्षा राज्य मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि संशोधन विधेयक के तहत ज्ञानपुर, जनपद भदोही स्थित काशी नरेश स्नातकोत्तर महाविद्यालय को उन्नत कर विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाएगा। इससे आसपास के 23 महाविद्यालयों का संबद्धीकरण संभव होगा और हजारों विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, शोध और नवाचार के बेहतर अवसर मिलेंगे।

### एनएचएम संविदा कर्मियों का बकाया वेतन जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश भर में स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) व अन्य इकाइयों पर तैनात राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है। करीब एक लाख कर्मचारियों का दिसंबर और जनवरी का वेतन जारी कर दिया गया है। डॉ. पिंकी जोवल, प्रबंध निदेशक, एनएचएम ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) को निर्देश दिए हैं कि फरवरी माह का वेतन भी कर्मचारियों को होली पर्व से पूर्व हर हाल में उपलब्ध कराया जाए। संयुक्त एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय ने एमडी के निर्णय पर आभार व्यक्त किया है।

### रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग करने वाले सात गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** बालीवुड में दहशत फैलाने के इरादे से फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी के मुंबई स्थित बंगले पर की गई फायरिंग के मामले में एसटीएफ ने बड़ी सफलता प्राप्त की है। यूपी एसटीएफ ने मुंबई क्राइम ब्रांच और हरियाणा एसटीएफ को साथ लेकर मुख्य शूटर समेत गैंग के सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। सभी गिरफ्तार शूटर यूपी के आगरा, नोएडा और इटावा के रहने वाले हैं। एसटीएफ प्रवक्ता के मुताबिक, मुंबई क्राइम ब्रांच को सुराग लगा कि फायरिंग करने वाले शूटर शुभम लोनकर गैंग से जुड़े हैं। शुभम के तार लारेंस बिशनोई गैंग से भी जुड़े हैं। मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम लखनऊ आई और एसटीएफ से मदद मांगी। एसटीएफ ने हरियाणा के झज्जर में दबिश देकर आगरा के बाह थाना क्षेत्र के गांव बिजौली निवासी मुख्य शूटर दीपक, सनी, सोनू व रितिक (भाई), विष्णु कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया। दूसरी टीम ने गाजियाबाद के साहिबाबाद से जतिन भारद्वाज और विशाल को गिरफ्तार कर लिया।

# धर्मस्थल केवल आस्था नहीं, राष्ट्रचेतना के भी केंद्र : योगी

## विधान परिषद में मुख्यमंत्री ने कहा- आस्था को दबाने वालों को नया उत्तर प्रदेश स्वीकार नहीं करेगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



विधान परिषद में भाजपा सरकार की उपलब्धियों को रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

- विरासत पर गर्व के साथ आगे बढ़ रही डबल इंजन सरकार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धर्मस्थल केवल पूजा-अर्चना के स्थल नहीं, बल्कि राष्ट्रचेतना और सांस्कृतिक चेतना के भी केंद्र होते हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने भारत की आस्था, विरासत और सांस्कृतिक मूल्यों को सम्मान देने का कार्य किया है। लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर को सम्मान देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा काशी विश्वनाथ धाम में उनकी भव्य प्रतिमा स्थापित कराई गई, जबकि समाजवादी पार्टी उनके नाम पर जनता को गुमराह करती रही है।

विधान परिषद में सोमवार को मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि सपा और कांग्रेस ने राम मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर और अन्य धार्मिक आयोजनों का विरोध किया। सपा सरकार के दौरान कांवड़ यात्रा, जन्माष्टमी और अयोध्या की 84 कोसी परिक्रमा पर रोक लगाई गई। वहीं दीपोत्सव और रंगोत्सव जैसे आयोजनों को भी बाधित किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय में भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण को मिथक बताया, जबकि सपा शासन में रामभक्तों पर गोलियां तक चलीं और मंदिर निर्माण के मार्ग में कानूनी अड़चनें खड़ी की गईं। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि भारत की आस्था को कैद करने का प्रयास अब स्वीकार नहीं किया जाएगा।

योगी ने कहा कि आज अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बन चुका है और देश-प्रदेश से हर दिन लाखों श्रद्धालु वहां दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। डबल इंजन सरकार ने आस्था को सशक्त भारत की अटल आधारशिला मानते हुए प्रयागराज, अयोध्या, काशी, मथुरा-वृंदावन, विंध्याचल, चित्रकूट, शुकतीर्थ, संभल, बरेली और नैमिषारण्य सहित बौद्ध, जैन और सिख तीर्थस्थलों का समग्र विकास किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की पहचान अब दीपोत्सव, देव दीपावली और रंगोत्सव जैसे आयोजनों से बन रही है। ये आयोजन केवल उत्सव नहीं, बल्कि भारत के आध्यात्मिक गौरव को वैश्विक मंच पर स्थापित करने का माध्यम हैं।

### विपक्ष पर मुख्यमंत्री का हमला

- **राज्यपाल का अपमान अस्वीकार्य–** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्यपाल संवैधानिक प्रमुख हैं, उनके प्रति अभद्र व्यवहार लोकतंत्र और संविधान दोनों का अपमान है।
- **राष्ट्रीय प्रतीकों पर दोहरा रवैया–** सपा व कांग्रेस पर आरोप लगाया कि एक ओर संविधान की बात करते हैं, दूसरी ओर राष्ट्रगीत वंदे मातरम् और राष्ट्रीय प्रतीकों का विरोध कराते हैं।
- **समाज को बांटने की राजनीति–** आरोप लगाया कि सपा नेता जातीय संघर्ष भड़काने और समाज में विद्वेष फैलाने वाले बयान देते हैं।
- **संवैधानिक संस्थाओं पर हमला–** मुख्यमंत्री ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान बीएलओ और कर्मियों से दुर्व्यवहार कर विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं का अपमान कर रहा है।
- **कांग्रेस से सबक लेने की नसीहत–** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस विधान परिषद से बाहर हो चुकी है, सपा भी अगर अनर्गल बयानबाजी और महापुरुषों का अपमान जारी रखेगी तो उसका भविष्य भी वैसा हो सकता है।

### टेक्नोलॉजी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन की त्रिवेणी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश बीते साढ़े आठ–नौ वर्षों में एक ऐतिहासिक परिवर्तन की यात्रा से गुजरा है। अब प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस और उत्सव प्रदेश के रूप में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश को टेक्नोलॉजी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन की त्रिवेणी के रूप में देखा जा रहा है। यह केवल नारा नहीं, बल्कि शासन की कार्यशैली और विकास की दिशा का प्रतीक बन चुका है। यह नई त्रिवेणी प्रदेश की प्रगति, पारदर्शिता और जनविश्वास की आधारशिला बनी है। बिना अतिरिक्त टैक्स लगाए टैक्स चोरी पर रोक लगाकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया गया।

# अखिलेश-राहुल ने चुपके से लगवाई थी वैक्सीन

## दावे पर सपा सदस्यों ने विरोध जताया तो नेता सदन ने साक्ष्य प्रस्तुत करने की बात कही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### विधान परिषद

- बजट सत्र में उप मुख्यमंत्री ने गिनाईं उपलब्धियां
- कहा- सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ यूपी में सशक्त हो रहा स्वास्थ्य ढांचा



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**अमृत विचार :** विधान परिषद में उप मुख्यमंत्री व विधान परिषद में नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने बजट सत्र के दौरान दावा किया कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस के राहुल गांधी ने कोरोना बचाव में चुपके-चुपके वैक्सीन लगवायी थी, सपा सदस्यों ने विरोध जताया तो नेता सदन ने साक्ष्य स्वरूप फोटो प्रस्तुत करने की बात कही।

बजट सत्र के दौरान सोमवार को प्रश्नकाल के बाद शाहनवाज खान समेत सपा सदस्यों ने नियम-105 अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं के गिरते स्तर मुद्दा उठाया। मुकुल यादव ने कहा कि मरीजों को अपेक्षित इलाज नहीं मिल रहा है, सरकारी अस्पतालों में 38 प्रतिशत चिकित्सक व 46 प्रतिशत नर्सेस की कमी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 45 फीसदी मरीजों को वार्ड में भर्ती करने की सुविधा नहीं है। जवाब में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास" के मूलमंत्र के साथ स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत कर रही है। प्रदेश में चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की संख्या बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया है। मेडिकल कॉलेजों में विलय हुए जिला अस्पतालों सहित पीएचसी और सीएचसी में सुविधाएं पहले से बेहतर हुई हैं। जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी है, वहां निजी क्षेत्र की भागीदारी से एमआरआई और सीटी स्कैन जैसी जांच सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

इसके पूर्व प्रश्न काल में शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा वर्ष 2023-24 में बिजनेस प्लान के अन्तर्गत आवंटित रुपये से पूर्व में हुए कार्यों को लेकर सवाल पूछे। ऊर्जा मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होने पर सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने पूर्ण कार्य की जांच कराकर सूची सदन के पटल पर रखवाने के निर्देश दिये। इसके अलावा ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कोरोना महामारी को देखते हुए सेवानिवृत्त सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों एवं राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों को छोड़ करके काटे गये राहत भत्तों का सवाल किया था, सत्ता पक्ष के जवाब में संतुष्ट न होने पर सभापति ने इसे दिखवा लेने के सरकार को निर्देश दिये।

शून्यकाल में निर्दलीय सदस्य राजबहादुर सिंह चंदेल एवं डॉ. आकाश अग्रवाल ने उन्नाव के परिषदीय विद्यालयों से सेवानिवृत्त शिक्षक, कर्मचारियों को पेंशन गणना में एक नोशनल वेतनवृद्धि का लाभ दिलाये जाने की सूचना दी, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के जवाब के बाद सभापति ने सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए भेज दिया।

### बजट पर नेता विरोधी दल ने सरकार को घेरा

**अमृत विचार :** परिषद में बजट पर चर्चा के दौरान नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव ने कहा कि सरकार बजट का 50 प्रतिशत भी खर्च नहीं कर पाई है और विकास के बड़े-बड़े दावे कर रही है। उन्होंने बजट को जनविरोधी बताते हुए ठोस कार्ययोजना पेश करने की मांग की। उन्होंने कहा कि किसानों की फसल की लागत लगातार बढ़ रही है, लेकिन उनकी आय में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं हुई है। सरकार किसानों की आय दोगुनी करने का दावा करती है, जबकि जमीनी हकीकत इससे अलग है।

### पर्यटन विकास की 111 परियोजनाएं पूरीं

**अमृत विचार :** विधानसभा में शून्यकाल के दौरान विधायकों ने सड़क, स्वास्थ्य सेवाओं और किसानों से जुड़े मुद्दे सदन में उठाए। सरकार ने आश्वासन दिया कि सभी मामलों की जांच कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। विधानसभा में पर्यटन विभाग को लेकर सवाल उठे। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 2022 से 2025-26 के बीच विभिन्न श्रेणियों में कुल 111 परियोजनाएं पूरी की जा चुकी हैं और कोई परियोजना लंबित नहीं है।

# 'पॉलिटिकल रायता' पर नोकझोंक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रश्नकाल में कानून-व्यवस्था और विकास योजनाओं पर गरमाई बहस
- शून्यकाल में समस्याओं के सवाल गूंजे, आशा-आंगनबाड़ी मानदेय का मुद्दा भी उठा

**अमृत विचार:** विधानसभा में प्रश्नकाल और शून्यकाल के दौरान विपक्ष ने तमाम मुद्दे उठाकर मंत्रियों को घेरा। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की 'पॉलिटिकल रायता' वाले बयान पर सदन में नोकझोंक हुई। बाद में अध्यक्ष के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ। प्रश्नकाल में कानून-व्यवस्था और विकास योजनाओं पर बहस देखने को मिली तो शून्यकाल में स्थानीय समस्याओं की गूंज और आशा-आंगनबाड़ी मानदेय पर सवाल हुए।

विधानसभा में उस समय तीखी नोकझोंक देखने को मिली जब सपा विधायक आरके वर्मा के बोलने के दौरान डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक खड़े हो गए। उन्होंने कहा कि सीधे सवाल होंगे तो सीधे जवाब देंगे, लेकिन राजनीतिक सवाल किए गए तो 'राजनीतिक रायता' फैलाया जाएगा। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने टिप्पणी करते हुए कहा कि मंत्री सही बात कह रहे हैं। बाद में सपा विधायक कमाल अख्तर ने भी हस्तक्षेप करते हुए मंत्री से सवाल किया कि उनके विभाग में 'रायता' कहां बन रहा है। इस पर सदन में हल्की मुस्कान और टिप्पणी का माहौल रहा।

विधानसभा में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चर्चा के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार ने निजी अस्पतालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि 281 अस्पतालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई, 533 अस्पताल सीज किए गए और 1541 को नोटिस जारी किया गया। इसके अलावा 426 डायग्नोस्टिक सेंटरों को नोटिस और 57 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, जबकि 91 को सीज किया गया। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय का मुद्दा उठा। प्रयागराज से सपा विधायक संदीप पटेल ने आशा बहुओं के योगदान का उल्लेख करते हुए स्थायीकरण और मानदेय बढ़ाने की मांग की। प्रतापगढ़ के विधायक आरके वर्मा ने भी पूछा कि आंगनबाड़ी कर्मियों का वेतन बढ़ाया जाएगा या नहीं। स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने जवाब में कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद आशा कार्यकर्ताओं का मानदेय दोगुना किया गया है।

### कुपोषण के मुद्दे पर मंत्री से स्पीकर ने मांगा जवाब

विधानसभा में सपा विधायक रागिनी सोनकर ने महिलाओं और बच्चों में कुपोषण व एनीमिया का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट में कटौती के कारण महोबा में बच्चों को दूध में पानी मिलाकर दिया गया। महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य जब लिखित जवाब पढ़ने लगीं तो विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उन्हें टोका और कहा कि सिस्टम में पहले से उपलब्ध जवाब न पढ़ें, बल्कि अपने स्तर से स्पष्ट उत्तर दें। इसके बाद मंत्री ने कहा कि सरकार साल में 300 दिन बच्चों को भोजन उपलब्ध करा रही है और कुपोषण के मामलों में सुधार हो रहा है।

### विधानसभा में बजट पर चर्चा जारी

विधानसभा में सोमवार को बजट पर चर्चा की भी शुरुआत हुई। सत्ता पक्ष और उसके सहयोगी दलों के सदस्यों ने बजट को सर्वतोन्मुखी और विकासोन्मुखी बताते हुए सरकार की उपलब्धियां गिनाईं, जबकि विपक्ष ने इसे झूठ का पुलिंदा करार दिया। भाजपा, निषाद पार्टी, अपना दल (एस) और रालोद के सदस्यों ने जहां क्षेत्रीय मांगें और विकास योजनाएं रखीं, वहीं सपा सदस्यों ने स्वास्थ्य, सड़क और शिक्षा व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाए। बजट पर चर्चा मंगलवार को भी जारी रहेगी।

# विधानसभा में गूंजा जल जीवन मिशन में घपले का मुद्दा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अध्यक्ष ने विधानसभा की जांच समिति गठन की मांग ठुकराई

**अमृत विचार:** विधानसभा में सपा ने जल जीवन मिशन में कथित घपले का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। सपा सदस्यों ने विधानसभा की समिति बनाकर जांच कराने की मांग की। सपा का आरोप था कि प्रदेश के कई जिलों में टंकियां गिर रही हैं, नलों से पानी नहीं आ रहा और पाइपलाइन डालने के बाद गांवों की सड़कें भी दुरुस्त नहीं की जा रहीं। हालांकि अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानसभा की जांच समिति गठन की मांग ठुकरा दी।

सपा के कमाल अख्तर और प्रभु नारायण सिंह ने नियम-56 के तहत कार्यस्थगन प्रस्ताव लाकर कहा कि योजना की अंतिम तिथि बार-बार बढ़ाई जा रही है और अब इसे 2028 तक कर दिया गया है। उन्होंने लखीमपुर और सीतापुर में टंकियां गिरने, कुछ स्थानों पर ट्यूबवेल से कम प्रेशर में जलापूर्ति होने और पाइपलाइन की गुणवत्ता खराब होने का आरोप लगाया। सपा सदस्यों ने दावा किया कि देश भर में दर्ज 17 हजार शिकायतों में से 85 प्रतिशत उत्तर प्रदेश से संबंधित हैं। साथ ही कहा कि गांवों की गलियां खोद दी गईं, लेकिन मरम्मत नहीं हो रही और हैंडपंप योजना भी बंद कर दी गई है। मामले में अध्यक्ष ने सदन में दायर याचिकाओं का छह माह में निस्तारण करने के निर्देश दिए, जिस पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आश्वासन दिया कि समयसीमा में निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।

### जलशक्ति मंत्री बोले आरोप बेबुनियाद

इस पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि सपा के सदस्यों की बातें आधारहीन हैं और वे अपने क्षेत्र की वास्तविक स्थिति से परिचित नहीं हैं। मंत्री ने कहा कि जहां भी गड़बड़ियां सामने आईं, वहां सख्त कार्रवाई की गई है।

# उप्र. शहरी पुनर्विकास नीति-2026 लागू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 25 वर्ष से अधिक पुराने भवनों को मिलेगा नया जीवन, स्ट्रक्चरल ऑडिट होगा अनिवार्य
- पीपीपी मॉडल, ट्रांजिट आवास और तीन वर्ष की समय सीमा के साथ शहरी पुनर्विकास

**अमृत विचार:** तेजी से बढ़ते शहरीकरण और जर्जर हो चुके पुराने आवासीय परिसरों की चुनौती से निपटने के लिए योगी सरकार ने 'उत्तर प्रदेश शहरी पुनर्विकास नीति-2026' लागू कर दी है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद शहरी एवं नियोजन विभाग ने इसका शासनादेश जारी कर दिया है।

इस नीति का उद्देश्य 25 वर्ष या उससे अधिक पुराने ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट्स को सुरक्षित, आधुनिक और सुविधायुक्त स्वरूप में पुनर्विकसित करना है, ताकि नागरिकों को बेहतर और सुरक्षित आवास उपलब्ध हो सके। सरकार का मानना है कि इस पहल से न केवल पुराने भवनों को नया जीवन मिलेगा, बल्कि निर्माण, रियल एस्टेट और संबद्ध क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। प्रदेश के कई शहरों में पुरानी अपार्टमेंट और ग्रुप हाउसिंग परियोजनाएं संरचनात्मक रूप से कमजोर हो चुकी हैं। नई नीति के तहत वही सार्वजनिक और निजी परियोजनाएं पुनर्विकास के लिए पात्र होंगी, जो कम से कम 25 वर्ष पुरानी हों या स्ट्रक्चरल ऑडिट में असुरक्षित पाई गई हों। हाउसिंग सोसायटी या अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन के मामलों में पुनर्विकास प्रक्रिया शुरू करने के लिए दो-तिहाई सदस्यों की सहमति अनिवार्य होगी। हालांकि, 1500 वर्गमीटर से कम क्षेत्रफल की भूमि, एकल मकान, नजूल भूमि, लीज की भूमि और इंप्रूवमेंट ट्रस्ट की भूमि को इस नीति से बाहर रखा गया है।

### तीन मॉडल से होगा पुनर्विकास

सरकार ने पुनर्विकास के लिए तीन विकल्प तय किए हैं, जिसमें शासकीय एजेंसी द्वारा सीधे पुनर्विकास, पीपीपी मॉडल के तहत निजी डेवलपर की भागीदारी और सोसायटी या एसोसिएशन द्वारा स्वयं पुनर्विकास शामिल है। पीपीपी मॉडल में शासकीय एजेंसी, डेवलपर और सोसायटी के बीच त्रिपक्षीय समझौता होगा, जिसमें सभी की जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से तय होंगी। हर परियोजना के लिए डीपीआर तैयार करना अनिवार्य होगा, जिसमें कॉरपेट एरिया, पार्किंग, कॉमन एरिया, ट्रांजिट आवास या किराया व्यवस्था और वित्तीय प्रबंधन शामिल रहेगा।

### तीन वर्ष में पूरी होगी परियोजना

पुनर्विकास परियोजनाओं को सामान्यत: तीन वर्ष में पूरा करना अनिवार्य होगा। विशेष परिस्थितियों में अधिकतम दो वर्ष का अतिरिक्त समय दिया जा सकेगा। नियोजन मानकों में व्यावहारिक लचीलापन रखते हुए बोर्ड की मंजूरी से कुछ शर्तों में केस-टू-केस आधार पर छूट दी जाएगी। साथ ही, आपस में जुड़े एक से अधिक भूखंडों को मिलाकर पुनर्विकास की अनुमति भी दी गई है, जिससे समेकित और बेहतर शहरी विकास संभव हो सके।

सक्रियता

अति संवेदनशील जिलों समेत प्रदेश भर में सुरक्षा एजेंसियों को किया गया अलर्ट

# होली और रमजान एक साथ, पुलिस के लिए बड़ी चुनौती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पूर्व में उपद्रव करने के लिए बदनाम लोगों को लिया जा रहा रडार पर



**अमृत विचार:** होली और रमजान एक साथ पड़ रहे हैं तो पुलिस के लिए कानून व्यवस्था को लेकर बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। दोनों समुदायों के पर्व शांति और सौहार्द से मनाए जाएं, इसके लिए पुलिस के साथ ही खुफिया टीमों को अलर्ट कर दिया गया है। प्रदेश के अति संवेदनशील जिले लखनऊ, अयोध्या, मथुरा, बरेली, आजमगढ़, अलीगढ़, बरेली, कानपुर, मुरादाबाद, मेरठ, रामपुर, सहारनपुर समेत प्रदेश भर में चौकसी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। उधर पुलिस ने पूर्व के उपद्रवों में शामिल रहे असामाजिक तत्वों को भी रडार पर ले लिया है।

होली का मुख्य पर्व 3 और 4 मार्च को है, लेकिन होलिका से संबंधित कार्यक्रम महा शिवरात्रि से ही शुरू हो जाते हैं। इसके तहत ब्रज क्षेत्र में तो लगातार फाग खेले जाने के आयोजन होना शुरू हो चुके हैं। दूसरी ओर 18 या 19 फरवरी से रमजान शुरू हो सकते हैं, जो कि एक महीने तक जारी रहेंगे। ऐसे में होली और रमजान का महीना साथ-साथ होंगे। इस चुनौती से निपटने के लिए पुलिस मुख्यालय से सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। प्रदेश के सभी एडीजी, पुलिस कमिश्नर और आईजी-डीआईजी से कहा गया है कि वह फोर्स को अलर्ट मोड पर रखें। खास कर मिश्रित आबादी वाले इलाकों पर विशेष नजर रखी जाए। रमजान से पहले क्षेत्र की मस्जिदों समेत सभी धार्मिक स्थलों का निरीक्षण कर लिया जाए।

### पीस कमेटी की बैठक शुरू करें

पुलिस और प्रशासन के अफसरों से कहा गया है कि वह अपने-अपने क्षेत्र में पीस कमेटियों की बैठक करना शुरू कर दें। सख्त हिदायत दी गई है कि पीस कमेटी की बैठकें महज रस्म अदायगी न हों, बल्कि उनमें दोनों समुदायों के कद्दावर और बड़े धार्मिक लोग शिरकत करें। उनसे खुले मन से बात की जाए। साथ ही रमजान और होलिका दहन के मौके पर आने वाली दिक्कतों के बारे में जरूर पता लगाया जाए।

### होलिका दहन स्थलों का करें सत्यापन

पुलिस को हिदायत दी गई है कि होलिका दहन स्थलों का भी पुलिस अधिकारी सत्यापन करें। यदि यदि किसी जिले में होली से पहले या फिर बाद में जुलूस की परंपरा हो तो देख लिया जाए कि पूर्व उसका रूट क्या था। कोई भी नया रूट या फिर नई परंपरा न पड़ने दी जाए। पुलिस अधिकारी रूट को पैदल गश्त करके उसका निरीक्षण कर लें। होलिका दहन भी नए स्थान पर नहीं कराया जाए। यदि विवाद की स्थिति आती है तो उसे दोनों पक्षों को बुलाकर प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाए।

# फार्म-7 के दुरुपयोग को लेकर सपा विधायक चुनाव आयोग को देंगे ज्ञापन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



सपा प्रमुख अखिलेश यादव

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि प्रदेश में बड़े पैमाने पर अज्ञात नामों से फार्म-7 भरवाए गए हैं। कन्नौज, बलिया, अयोध्या सहित कई जिलों के उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि शिकायतों के बावजूद निवार्चन आयोग की ओर से कार्रवाई नहीं हो रही।

सपा प्रमुख ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भाजपा 2027 का विधानसभा चुनाव हारने जा रही है, इसलिए मतदाता सूची के एसआईआर में फार्म-7 के जरिए बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सपा के सभी विधायक फार्म-7 के दुरुपयोग और अन्य विसंगतियों को लेकर चुनाव आयोग को ज्ञापन देंगे और विधानसभा में भी यह मुद्दा उठाएंगे। उन्होंने मांग की कि नाम हटाने की प्रक्रिया केवल सरकारी बीएलओ के माध्यम से हो तथा किस बूथ पर किसके नाम से फार्म-7 जमा हुआ, इसका पूरा डेटा सार्वजनिक किया जाए। अखिलेश यादव ने मेरठ का एक वीडियो दिखाते हुए कहा कि विधायक मनोज पारस के क्षेत्र में 37 हजार और डॉ. मुकेश वर्मा के क्षेत्र में 75 हजार लोगों को नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि बलिया में हमारे विधायक मो. रिजवी की पत्नी का वोट भी काट दिया गया।

### कांग्रेस के पूर्व विधायक सपा में शामिल

कांग्रेस नेता तथा पूर्व विधायक केके शर्मा ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ सोमवार को सपा की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का भी संकल्प लिया।

अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# खेत में पानी लगाने गए अधेड़ की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

## परिजनों ने साथ गये ग्रामीण पर लगाया हत्या का आरोप, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** खेत में रात पानी लगाने गये किसान का शव पडा मिला। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सूचना पर पहुंची डॉग स्क्वायड, फॉरेंसिक टीम व स्थानीय पुलिस जांच में जुट गई है।

थाना क्षेत्र के गांव नगला वीरभान निवासी चंद्रपाल (50) पुत्र श्रीकृष्ण यादव रविवार की देर रात गांव के बाहर खेत में खड़ी फसल में अपने साथी के साथ पानी लगाने गया था। सुबह होने पर जब वह वापस नहीं लौटे तो घर वालों ने उसकी खोजबीन शुरू की तो पाया गांव के बाहर चंद्रपाल का शव पड़ा था। शव देख कर परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी होने पर आसपास से वहां भीड़ एकत्रित होने लगी। मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने डॉग स्क्वायड में हैंडलर मानवीर सिंह व डॉग जैकी एवं फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से नमूने एकत्र किए। पुलिस को परिवार के लोगों ने बताया चंद्रपाल की हत्या की गई।


चंद्रपाल।


घटनास्थल पर जांच करतीं डॉग स्क्वायड टीम व मौके पर लोगों की भीड़।

परिजनों ने उसके साथी पर हत्या का आरोप लगाया। परिजनों ने कहा कि रविवार देर रात वह अपने साथी के साथ फसल में पानी लगाने के लिए गये थे। पुलिस ने साथी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। प्रभारी निरीक्षक जयंती प्रसाद गंगवार ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आरआरसी की पूर्व सैनिक रैली आज

**फर्रुखाबाद।** राजपूत रेजिमेंटल सेंटर की ओर से मंगलवार को करिअप्पा कांप्लेक्स फतेहगढ़ में प्रस्तावित वृहद पूर्व सैनिक रैली को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। सैन्य प्रवक्ता के अनुसार रैली में फर्रुखाबाद के साथ आसपास के जनपदों के पूर्व सैनिक और वीर नारियां भी शामिल हो सकेंगीं। इस बार रैली में सैन्य कार्यालयों के साथ प्रशासनिक कार्यालयों के स्टाल भी लगाए जाएंगे, ताकि पेंशन, स्पर्श पोर्टल, बैंक संबंधी समस्याओं और जमीन-संपत्ति विवाद जैसे मामलों पर मौके पर सुनवाई हो सके। राजस्व अधिकारी और कानूनी सलाहकारों की मौजूदगी में होगा।

## किसान यूनियन की महापंचायत में कई मुद्दों पर चर्चा

**छिबरामऊ।** कस्बे के एक गेस्ट हाउस में भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) की महापंचायत हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील से किसानों को लाभ मिलेगा। इसलिए किसानों को भ्रमित न होकर इसका समर्थन करना चाहिए। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता के संचालन में महापंचायत में कई नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया। अमरदीप दीक्षित ब्लॉक उपाध्यक्ष, ओमपाल सिंह व रामनिवास तहसील उपाध्यक्ष, राजवीर सिंह जिला उपाध्यक्ष फर्रुखाबाद, रामू मिश्रा उर्फ रामनारायण मण्डल उपाध्यक्ष कानपुर व विकास दुबे को मंडल उपाध्यक्ष कानपुर युवा प्रकोष्ठ, वैभव त्रिवेदी को जिला उपाध्यक्ष औरैया बनाया गया। इन नियुक्तियों पर राष्ट्रीय संरक्षक राजपाल सिंह चौहान आदि ने खुशी जताई।

# उन्नतशील खेती के लिए मृदा स्वास्थ्य, मृदा सुधार आवश्यक

संवाददाता जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** निदेशक प्रसार ने पिछले वर्ष कराए गए कार्यों की प्रगति व आगामी वर्ष में कराए जाने वाले कार्यों की योजनाओं पर चर्चा की गई। किसानों को बैठक में उन्नतशील खेती के लिए एवं उन्नत प्रजातियों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

सोमवार को केवीके सभागार में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में निदेशक प्रसार डॉ. आरके यादव ने किसानों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुन कर निदान के बारे में चर्चा की। उन्होंने किसानों को उन्नतशील खेती के लिए मृदा स्वास्थ्य मृदा सुधार एवं उन्नत प्रजातियों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। वैज्ञानिकों ने अपनी पिछले वर्ष कराए गए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की एवं 2026 में कराए जाने वाले कार्यों की योजनायें प्रस्तुत की। इस दौरान वरिष्ठ वैज्ञानिक अध्यक्ष डॉ. बीके कनौजिया, उप कृषि निदेशक संतोष कुमार यादव, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सरदूल सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी आरके वर्मा, जिला कृषि अधिकारी संतलाल गुप्ता, डॉ. अरविंद कुमार, सुशील कुमार, अमर सिंह, सुशील कुमार, अमरेन्द्र कुमार, अवनींद्र कुमार, चंद्रकला, मानवेंद्र सिंह मौजूद रहे।



बैठक में जानकारी देते वरिष्ठ वैज्ञानिक अध्यक्ष डॉ. बीके कनौजिया।


# 'काफी विद प्रिंसिपल' में अभिभावकों ने दिए सुझाव

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** सीपी इंटरनेशनल स्कूल के प्राइमरी विंग द्वारा "काफी विद प्रिंसिपल" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों एवं विद्यालय प्रशासन के मध्य विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, आगामी परीक्षाओं की तैयारी तथा उनके सर्वांगीण विकास पर सार्थक एवं सकारात्मक संवाद हुआ। अभिभावकों के सुझाव आमंत्रित किए गए तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियां रहीं। बच्चों ने मधुर स्वर में गीत, भावपूर्ण अभिनय एवं आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित सभी जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निदेशक डॉ. मिथिलेश अग्रवाल ने विद्यालय के समग्र विकासात्मक दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती जोशना अग्रवाल ने उत्कृष्ट अंकों के साथ गहन समझ एवं संस्कारों के संवर्धन पर बल दिया। उपनिदेशक श्रीमती अंजू राजे ने अभिभावक-विद्यालय सहभागिता को विद्यार्थियों की सफलता का आधार बताया।

प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने अपने उद्बोधन में कहा कि परीक्षा की तैयारी के लिए नियमित अभ्यास, समय प्रबंधन एवं सकारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों के अध्ययन में सहयोगात्मक वातावरण प्रदान करें। कार्यक्रम के दौरान सक्रिय सहयोग हेतु कुछ अभिभावकों को सम्मानित भी किया गया। साथ ही कई अभिभावकों ने उद्बोधन देते हुए विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता, अनुशासन एवं संवादात्मक पहल की सराहना की। अंत में प्राइमरी विंग की इंचार्ज श्रीमती शिवानी दीक्षित ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।



कार्यक्रम में मौजूद विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. मिथलेश अग्रवाल व अन्य। अमृत विचार

## महिला का मोबाइल छीनकर भाग रहे युवक को भीड़ ने पीटा

**फर्रुखाबाद।** शमशाबाद में मोबाइल चोरी कर भाग रहे एक युवक को महिला के शोर मचाने पर भीड़ ने पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला दलमीरखा निवासी डॉली मिश्रा फैजबाग में लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा के निकट अपनी बच्ची के साथ बैठी थीं। बच्ची को लघुशंका होने पर डॉली कुछ आगे बढ़ीं, तभी पास में रखे पर्स से एक युवक मोबाइल लेकर भाग गया। अचानक हुई इस घटना से घबराई डॉली मिश्रा ने शोर मचाना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों की भीड़ ने आरोपी युवक का पीछा किया और उसे पकड़ लिया। भीड़ ने आरोपी की जमकर पिटाई की। सूचना मिलने पर चौकी इंचार्ज प्रदीप कुमार, कांस्टेबल विजय कुमार, गौरव चौधरी और अजय कुमार मौके पर पहुंचे और आरोपी को अपनी हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुद को शमशाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला सिकंदरपुर महमूद का निवासी बताया है।

इस संबंध में चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि एक युवक को हिरासत में लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस द्वारा आवश्यक कानूनी कार्यवाही जारी है।

# वाहन की टक्कर से वृद्ध की थम गईं सांसें, परिवार में मचा कोहराम

संवाददाता, अमृतपुर

**अमृत विचार।** थाना राजेपुर क्षेत्र के अमृतपुर रोड पर रविवार देर रात एक सड़क हादसे में 50 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया, वहीं क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, विश्वनाथ सिंह पुत्र सूर्य बक्श सिंह, निवासी ग्राम वीरपुर हरिहरपुर, थाना राजेपुर, जनपद फर्रुखाबाद, रविवार रात्रि करीब 2.30 बजे एक मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद अमृतपुर रोड स्थित दूसरे मंदिर की ओर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि वह धार्मिक आस्था के तहत रात्रि में पूजा करने निकले थे।


विश्वनाथ सिंह।

इसी दौरान अमृतपुर रोड पर किसी अज्ञात वाहन चालक ने तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि विश्वनाथ सिंह गंभीर रूप से घायल होकर सडक़ पर गिर पड़े और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना राजेपुर के प्रभारी निरीक्षक सुदेश कुमार विश्वकर्मा पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का प्रतीत हो रहा है। अज्ञात वाहन और चालक की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# रोडवेज बस अड्डे पर इलेक्ट्रिक बसों की टेस्टिंग हुई शुरू, प्रदूषण से मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा यात्रियों को प्रदूषण रहित और आधुनिक सुविधाओं से युक्त सफर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। फर्रुखाबाद डिपो में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है और फिलहाल दो बसों की टेस्टिंग शुरू हो चुकी है। अधिकारियों का कहना है कि परीक्षण सफल रहने के बाद जल्द ही और बसें भी इस रूट पर संचालित की जाएंगी।

फर्रुखाबाद रोडवेज के एआरएम राजेश कुमार ने सोमवार को बताया कि ये इलेक्ट्रिक बसें पूरी तरह प्रदूषण रहित हैं। डीजल बसों की तुलना में इनमें रखरखाव का खर्च कम आता है और ये अधिक आरामदायक होती हैं, जिससे यात्रियों को झटके महसूस नहीं होते। फर्रुखाबाद में इन बसों के लिए चार्जिंग पॉइंट भी स्थापित किया गया है। बताया गया परिवहन विभाग ने यात्रियों के लिए इलेक्ट्रिक बस सेवा (अटल सेवा बस) शुरू की है। ये बसें वर्तमान में आगरा से फर्रुखाबाद के लिए संचालित हो रही हैं। यह सेवा पूरे उत्तर प्रदेश में चलाई जा रही है। इन बसों में यात्रियों की सुविधा के लिए कई आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। हर सीट पर एयर कंडीशनिंग, चार्जिंग सिस्टम, अग्निशमन यंत्र और प्राथमिक उपचार बॉक्स लगा हुआ है। सीटों को मोड़ने की सुविधा भी है, जिससे यात्रा और आरामदायक बनती है। एक बार पूरी तरह चार्ज होने पर बस लगभग 250 किलोमीटर तक चल सकती है। आगरा से फर्रुखाबाद की 200 किलोमीटर की दूरी तय करने में लगभग 5 घंटे लगते हैं और इसमें बैटरी का 55 से 60 प्रतिशत हिस्सा खर्च होता है। फर्रुखाबाद पहुंचने पर बस को चार्ज किया जाता है, जिसमें लगभग एक घंटा लगता है। ये बसें 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती हैं।


रोडवेज बस अड्डे पर खड़ी इलेक्ट्रिक बस। अमृत विचार

## जन औषधि केंद्र पर धक्का-मुक्की, हंगामा

**फर्रुखाबाद।** डॉ. राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय परिसर में संचालित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र पर सोमवार को मरीजों की अत्यधिक भीड़ के चलते धक्का-मुक्की और हंगामे की स्थिति उत्पन्न हो गई। दवाएं लेने पहुंचे मरीजों के बीच अव्यवस्था के कारण काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह से ही जन औषधि केंद्र पर मरीजों की लंबी कतार लगी हुई थी। भीड़ बढने के साथ ही लोग जल्दी दवा लेने के लिए आगे बढने लगे, जिससे धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इस दौरान कुछ मरीजों ने नाराजगी जाहिर करते हुए हंगामा भी किया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए औषधि केंद्र के कर्मचारियों ने तत्काल महिलाओं और पुरुषों की अलग-अलग लाइन लगवाई, ताकि व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके। हालांकि इसके बावजूद कुछ महिलाओं के बीच नोकझोंक की स्थिति बन गई।

# विद्यार्थियों को मिला व्यवहारिक प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मेजर एस.डी. सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित श्रीबाबू सिंह दद्दूजी नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज में नर्सिंग चैम्प्स के सहयोग से "ट्रेनिंग हैंड्स, ट्रांसफॉर्मिंग लाइव्स" विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह, उनके सलाहकार एवं प्रथम कुलपति डॉ. रंगनाथ मिश्र, कुलपति डॉ. अनिल चौहान तथा कुलसचिव रणजीत यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर सोमवार को शुभारंभ किया।

कार्यशाला के प्रथम दिन संकाय के सेमिनार हॉल में नर्सिंग चैम्प्स के संस्थापक एवं सीईओ डॉ. अशोक शर्मा ने विद्यार्थियों को नर्सिंग के आधुनिक तकनीकी पहलुओं, क्लीनिकल स्किल्स और पेशेवर दक्षताओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि व्यवहारिक प्रशिक्षण ही विद्यार्थियों को कुशल और आत्मविश्वासी नर्स बनने में मदद करता है। आज के प्रतिस्पर्धी स्वास्थ्य क्षेत्र में केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं, बल्कि मजबूत क्लीनिकल स्किल्स और हैंड्स-ऑन अनुभव अत्यंत आवश्यक हैं। विशेषज्ञ वक्ता रंजीत मीणा ने आधुनिक नर्सिंग तकनीकों, बेसिक से एडवांस्ड प्रक्रियाओं तथा क्लीनिकल प्रैक्टिस के दौरान आने वाली चुनौतियों से निपटने के व्यावहारिक उपायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने नियमित अभ्यास और सही मार्गदर्शन को आत्मविश्वास का आधार बताया। दिव्येश मकवाना ने अपने सत्र में हैंड्स-ऑन डेमो के माध्यम से विभिन्न नर्सिंग प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया। उन्होंने मरीजों के साथ संवाद कौशल, टीमवर्क और आपात स्थितियों में त्वरित निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों को वास्तविक कार्यस्थल के लिए तैयार करती हैं।

इस अवसर पर कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह ने कहा कि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण से ही सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का संचालन मनमोहन सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रो शेरीन पी एलेक्स, डॉ. मनीष शर्मा, नेहा, रचना यादव, विजय यादव, करिश्मा कटारे, शिवा भदौरिया आदि रहे।


कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ करते कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह यादव

## नलकूप वाले किसान छूट का लाभ लेने में नहीं दिखा रहे रुचि

**कन्नौज।** बिल में सरकार की घोषणा के अनुसार छूट का लाभ लेने में निजी नलकूप किसान धारक किसान रुचि नहीं ले रहे। अधिकतर किसानों ने नलकूप पर मीटर ही नहीं लगवाए हैं। इसके अलावा अन्य औपचारिकताएं भी पूरी नहीं की हैं।

भाजपा सरकार ने किसानों को निजी नलकूपों पर बिल में छूट देने की घोषणा की थी। घोषणा के अनुसार इसे लागू भी किया गया। भले ही कुछ नियम लागू किये गये। कहा गया कि किसानों को निजी नलकूप पर 1045 यूनिट बिजली फ्री में दी जायेगी। इसका लाभ लेने के लिए किसानों को अपने नलकूप पर सबसे पहले मीटर लगवाना होगा। पुराना बकाया बिल पूरा पेड करना होगा। मीटर की रीडिंग तीन माह में निकाली जायेगी। इसमें प्रति माह 1045 यूनिट को माफ किया जायेगा। इसके बाद जो रीडिंग आयेगी उसका बिल पेड करना होगा।



## न्यूज ब्रीफ

### युवक की मौत पर सड़क हादसे की रिपोर्ट दर्ज

**कन्नौज।** डिवाइडर से टकरा कर बाइक सवार युवक की मौत के मामले में मामा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। कानपुर नगर के नानकारी प्रधान गेट निवासी सार्थक अवस्थी (24) पुत्र प्रताप शंकर अवस्थी 14 फरवरी को बुलेट से गाजियाबाद से अपने घर कानपुर जा रहे थे। सुबह करीब 09 बजे जैसे ही वह बाइक लेकर हाईवे पर मानपुर चौराहा के निकट पहुंचे उसी समय उनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई थी। हेलमेट लगा होने के बाद भी वह मुंह के बल गिरे। जिससे उनकी मौत हो गई। मामले में मृतक के मामा विनय कुमार शुक्ला पुत्र वेद प्रकाश शुक्ला निवासी गल्ला मण्डी नौबस्ता कानपुर ने सदर कोतवाली में तहरीर दी है।

### बंद मकान से लाखों के जेवरात, नकदी चोरी

**छिबरामऊ।** सिकंदरपुर चौकी के नगला सदारी गांव में चोरों ने बंद मकान में सेंध लगाई। एनएच 34 हाईवे के किनारे सर्वे रोड पर स्थित इस मकान के मालिक अरविंद निजी काम से कानपुर गए हुए थे। घर लौटने पर उन्हें ताला टूटा मिला और अंदर से सामान गायब था।चोरों ने एक सोने का हार, एक पायल, एक कमर पट्टी सहित लाखों रुपये नकदी जेबरात चोरी कर लिये। घटना से परिवार सदमे में है। सूचना मिलते ही डायल 112 टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

### 58 हज यात्रियों को लगाए गए रोग निवारक टीके

**कन्नौज।** मदरसा अरविया हाजी इलाही बक्श हीजीगंज में हज यात्रा पर जाने वाले लोगों के लिये कैंप लगाया गया। इस कैंप में हज जाने वालों को टीके लगाये गये। जिले से हज को जाने वाले लोगों के लिये शहर के मदरसा अरविया हाजी इलाही बख्श हीजीगंज में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर 58 हज यात्रियों को जीवन रक्षक टीके लगाये गये। रविवार की सुबह 9:30 बजे कैंप लगाया गया। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत हज यात्रियों ने मदरसे में पहुंच कर टीके लगवाये। हज टीका करण के दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. जितेंद्र कुमार, कृष्णकांत कुशवाहा, एआरओ इरशाद वेग, फार्मासिस्ट खरसीद आरिफ, डा. जीशान, एएनएम नीशू मौर्या, कनक द्विवेदी रहे।

### नौ विभागों से अतिरिक्त एईआरओ किए तैनात

**कन्नौज।** विस क्षेत्रों की मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिए जनपद में 9 विभागों से अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की तैनाती कर दी गई है। उनको जिम्मेदारी भी दे दी गई है। उप जिला निर्वाचन आकारी देवेंद्र सिंह ने जारी किए आदेश में कहा है कि अधिकारियों को विधानसभा क्षेत्रों में तैनात कर आदेश भी जारी हो गया है। जो कार्यालयों के पद रिक्त हैं वहां अधीनस्थों को जिम्मेदारी मिली है। छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र में ईओ समधन दिव्या गुप्ता, खाद्य सुरक्षा अधिकारी विमलेश कुमार व अरविंद साहू, अवर अभियंता जिला पंचायत शीतला प्रसाद शर्मा व पंकज यादव तैनात हुए हैं। तिर्वा इलाके में राज्य कर अधिकारी, अत्युत्तम सिंह, राज्य कर अधिकारी अशोक मिश्र, अवर अभियंता सिंचाई खंड अश्वनी सिंह, अवर अभियंता पीडब्ल्डी निर्माण संजय वर्मा व रामनरेश दिवाकर को जिम्मेदारी मिली है। कन्नौज सदर इलाके में जिला रोजगार सहायता अधिकारी अपूर्वा दुबे, सहायक आयुक्त राज्य कर विवेक कुमार, वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक शिवसेवक पांडेय, एई आरईडी अभिषेक व उद्यान निरीक्षक रविशंकर मिश्र को जिम्मेदारी दी गई है।

# आरटीई की मैपिंग में धांधली, कई विद्यालय गायब

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पोर्टल पर सौरिख नगर पंचायत क्षेत्र के महज तीन स्कूल ही पंजीकृत
- निजी शिक्षण संस्थाओं में नहीं मिलेगा गरीबों को योजना का लाभ

**अमृत विचार।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 की वेबसाइट से विद्यालयों को जोड़ने वाली मैपिंग में जमकर धांधली हुई है। कई स्कूलों को दरकिनार कर पोर्टल से जोड़ा नहीं गया है। इस वजह से योजना के तहत 25 फीसदी सीटों पर कॉन्वेंट विद्यालयों में निःशुल्क पढ़ाई का लाभ गरीबों को नहीं मिल सकेगा। पात्र होते हुए भी जनपद के हजारों जरूरतमंद इससे वंचित हो जाएंगे।

बात अगर नगर पंचायत सौरिख क्षेत्र की हो तो यहां महज 03 निजी स्कूल ही संचालित दिखाए गए हैं। 11 वार्ड वाले इस नगर पंचायत इलाके में संजय नगर, अंबेडकरनगर, इंदिरा नगर, लोहिया नगर, सुभाष नगर, नेहरू नगर, सदर बाजार, गांधीनगर, किदवईनगर, सरोजनी नगर व आजाद नगर मोहल्ले हैं। सवाल उठाने वाली बात यह है कि पोर्टल पर दो मोहल्ले यानि वार्ड में ही तीन स्कूल पंजीकृत हैं। इसमें गांधीनगर में आदर्श बाल विकास विद्यालय में आरटीई की 14 सीटों का लाभ मिलेगा। इसी मोहल्ले के सनराइज एकेडमी जेबी नगर में 14 व नेहरू नगर स्थित नेहरू नर्सरी स्कूल में 09 सीटों पर प्रवेश मिलेगा। तीनों विद्यालयों में नर्सरी से प्रवेश की सुविधा जरूर है। कुल 37 सीट ही निःशुल्क योजना में हैं। इसी तरह विकास खंड सौरिख इलाके में 29 विद्यालय हैं इसमें 10 निजी स्कूल ऐसे हैं जहां प्री-प्राइमरी की कक्षाएं संचालित होना दिखाया गया है। यहां कुल 88 सीटें दुर्बल वर्ग के लिए आरक्षित हैं। इच्छुक पात्र व्यक्ति www.rte25.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।




### इस उम्र के हिसाब से मिलेगा कक्षाओं में प्रवेश

- नर्सरी में 03 से 04 साल तक के बच्चे का प्रवेश।
- एलकेजी में 04 से 05 वर्ष तक के बच्चे का एडमीशन।
- यूकेजी में 05 से 06 साल तक के बच्चे का प्रवेश होगा।
- कक्षा 01 में प्रवेश 06 से 07 साल तक के बेटे को लाभ मिलेगा।

नोट- उम्र की गणना 01 अप्रैल 2026 से की जाएगी।

### कॉन्वेंट स्कूलों में इनको मिलता है निःशुल्क पढ़ाई का लाभ

- अलाभित समूह में अनुसूचित जाति, जनजाति, सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्ग व निशक्त बच्चों को लाभ मिलता है। एचआईवी या कैंसर पीड़ित माता- पिता/ अभिभावक के बच्चे, अनाथ बच्चा।
- दुर्बल वर्ग में जिनके माता- पिता या संरक्षक, सक्षम प्राधिकारी से जारी अंत्योदय राशन कार्ड। जिनके अभिभावक को दिव्यांगता, वृद्धावस्था या विधवा पेंशन मिल रही है। जिनके माता- पिता की अधिकतम वार्षिक आय 01 लाख रुपये तक है।

# जिले में कितने पेड़ पौधे, गिने जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- वर्ष 2026- 27 में पौधरोपण के लिए 18.69 लाख का लक्ष्य भी मिला

**अमृत विचार।** जनपद में कितने पेड़ व पौधे हैं इसकी गिनती की जाएगी। साथ ही पता लगाया जाएगा कि किस- किस विभाग की देखरेख में कितनी हरियाली है। दूसरी ओर वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पौधरोपण का लक्ष्य भी आ गया है। हालांकि नया लक्ष्य पिछले वर्ष की अपेक्षा कम आया है।

प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. हेमंत सेठ ने बताया कि पेड़ों की गिनती को लेकर कानपुर में प्रशिक्षण भी हो चुका है। इसमें जनपद से विभागीय 06 लोग गए थे। चार दिवसीय ट्रेनिंग करने के बाद पेड़ों को गिनने वाले अभियान को शुरू करने की कवायद चल रही है। सड़क किनारे खड़े पेड़ों को वरीयता से गिना जाएगा। इस कार्य में वन विभाग के कर्मी लगाए जाएंगे। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि आगामी वित्तीय वर्ष के लिए पौधरोपण का लक्ष्य आ गया है। इस बार 18 लाख 69 हजार 217 पौधे लगाए जाएंगे। वर्ष 2025-26 में यह लक्ष्य 20 लाख पौधों के करीब था। उन्होंने बताया कि जनपद में 18 नर्सरी हैं। यहां पर करीब 50 लाख पौधे तैयार किए जा रहे हैं।



जिला मुख्यालय के निकट स्थित वन विभाग का कार्यालय। अमृत विचार

## अधिवक्ताओं ने रिकार्ड 97.1 प्रतिशत डाले वोट

**छिबरामऊ।** बार एसो. के विभिन्न पदों के लिए कराए गए चुनाव में सोमवार को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक तहसील परिसर मतदान प्रक्रिया हुई। मंगलवार को मतगणना कराई जाएगी।

बार एसो. के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रामचंद्र यादव की देखरेख में अधिवक्ता सभागार में बनाए गए मतदान केंद्र पर सुबह 9 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू कराई गई। यहां वोट डालने के लिए छह बूथ बनाए गए थे। सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम थे। पूरे समय कोतवाली पुलिस मतदान केंद्र के बाहर डटी रही। इस बार मतदाता सूची में 552 मतदाताओं के नाम शामिल थे। शाम 4 बजे तक 536 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। बताया कि मंगलवार को इसी अधिवक्ता सभागार में मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे।

### 96 केंद्रों पर शुरू होंगे हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के इम्तिहान, डीआईओएस पप्पू सरोज ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण

# कल से बोर्ड परीक्षाएं, सीसीटीवी से हो रही प्रश्नपत्रों की निगरानी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी यानि कल से शुरू हो जाएंगी। प्रश्नपत्रों को सभी 96 परीक्षा केंद्रों पर पहुंचा दिया गया है। डबल लॉक में रखे पेपरों की निगरानी जिले के कंट्रोल रूम से भी हो रही है। सोमवार को डीआईओएस ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर जानकारी की।

जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के बीच प्रश्न पत्र पहुंचा दिए गए हैं। डबल लॉक में उनको रखा गया है। स्थानीय सुरक्षा के अलावा कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम से भी हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के प्रश्न पत्रों की निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि परीक्षाएं दो पालियों में चलेंगी। 18 फरवरी से 12 मार्च तक चलने वाले इम्तिहानों के लिए सभी तैयारियां पूरी हो गईं हैं। कार्यालय में 12 कंप्यूटर सिस्टम लगे हैं। 10 कंप्यूटर से 08- 08 सेंटरों को जोड़ा गया है। 02 सिस्टम से यूपी बोर्ड परीक्षा के 08- 08 केंद्रों की निगरानी तो होगी ही, साथ में 01- 01 केंद्र यूपी संस्कृत बोर्ड परीक्षा की हकीकत देखी जाएगी।



निरीक्षण के दौरान जानकारी करते डीआईओएस पप्पू सरोज। डीआईओएस कार्यालय में ड्यूटी के परिचय पत्र लेते शिक्षक।

### कक्ष निरीक्षक ड्यूटी के परिचय पत्र लेने पहुंचे

- विभाग की ओर से भी शिक्षकों की ड्यूटी कक्ष निरीक्षक के रूप में लगाई गई है। इसके परिचय पत्रों का वितरण सोमवार को कार्यालय में चलता रहा। प्रधानाध्यापक शिवमोहन कुशवाहा ने अध्यापकों को परिचय पत्र बांटे।

### बोर्ड परीक्षा के कुछ जरूरी तथ्य

- 25,058 परीक्षार्थी हाईस्कूल में पंजीकृत।
- 22,447 परीक्षार्थी इंटर में शामिल होंगे।
- 03 जोनल मजिस्ट्रेट तहसीलवार तैनात।
- 15 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए।
- 96 केंद्र व्यवस्थापक
- 96 वाह्य केंद्र व्यवस्थापक
- 96 स्टेटिक मजिस्ट्रेट
- 04 सचल दल गठित

### परीक्षार्थी तनाव मुक्त होकर दें इम्तिहान

- डीआईओएस पप्पू सरोज ने बताया कि सभी परीक्षार्थी तनाव मुक्त होकर इम्तिहान में शामिल हों। परीक्षा को लेकर छात्र- छात्राओं ने जो मेहनत की होगी उसका सम्मान होगा। परिश्रम बेकार नहीं जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने अभिभावकों को भी सलाह दी है कि बच्चों पर बेवजह का दबाव न बनाएं, इससे परीक्षार्थियों का मनोबल गिर सकता। साथ ही कहा है कि परीक्षा शुरू होने से एक दिन पहले ही परीक्षार्थी तैयारी पूरी कर लें कि उनको पेन, पेंसिल आदि निर्धारित सामग्री में क्या- क्या केंद्र तक ले जाना है।

### मुख्य संकलन व दो उप संकलन केंद्र बने

- जनपद में शहर के एसबीएस इंटर कॉलेज को मुख्य संकलन केंद्र बनाया गया है। तहसील छिबरामऊ व तिर्वा तहसील उप संकलन केंद्र बना है। तीनों स्थानों पर पांच- पांच शिक्षक व कर्मचारी तैनात किए गए हैं जिसमें एक- एक प्रभारी शामिल हैं।

## मांग : स्कूल आने-जाने के समय कस्बे में नहीं प्रवेश करें भारी वाहन

संवाददाता, तिर्वा

- प्रतिनिधि मण्डल ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर की मांग

**अमृत विचार।** कस्बे में स्कूली बच्चों की छुट्टी होने को दौरान भारी वाहनों के गुजरने से हादसा हो सकता है। इसी समस्या को लेकर तिर्वा कस्बे के लोगों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा है।

सोमवार को कस्बा निवासी सपा व्यापार सभा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अंशुल गुप्ता, पूर्व सभासद सनी यादव, प्रतीक राजपूत समेत अन्य लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर समस्या के निदान की मांग की है। कहा कि कस्बा में विद्यालयों की छुट्टी के समय प्रतिदिन भारी जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इस दौरान नगर सीमा के भीतर भारी वाहनों के आवागमन से स्कूली बच्चों, अभिभावकों और आम नागरिकों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा बना रहता है। सुबह के समय भी बड़ी संख्या में कस्बे व ग्रामीण क्षेत्रों से छात्र मुख्य मार्ग से होकर स्कूल आते हैं, उसी समय कस्बा की मुख्य मार्ग से दर्जनों की संख्या में गिट्टी मौरंग से भरे तेज रफ्तार बड़े वाहनों का आवागमन होता है। इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।



बताया गया कि लगभग तीन वर्ष पहले कस्बे में स्कूल जा रही एक साइकिल सवार छात्रा को डंपर ने टक्कर मार दी थी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि विद्यालयों में प्रवेश व छुट्टी के समय प्रतिदिन करीब दो घंटे के लिए कस्बा सीमा में भारी वाहनों के प्रवेश पर अस्थायी रोक लगाई जाए, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु रहे और संभावित दुर्घटनाओं से बचाव हो सके। जिला प्रशासन से अपेक्षा जताई गई है कि जनहित को प्राथमिकता देते हुए जल्द प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की है।

## डॉक्टरों पर गलत नसबंदी ऑपरेशन करने की रिपोर्ट

**तिर्वा।** नसबंदी का ऑपरेशन कराने पहुंची महिला का गलत आपरेशन कर दिया गया। मामले में न्यायालय के आदेश पर दो डाक्टर व आशा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है।

ठठिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने न्यायालय के आदेश पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 24 नवंबर 2025 गांव निवासी आशा बहू ममता एक महिला की नसबंदी कराने के लिए सीएचसी तिर्वा लाई। सीएचसी में डॉ. राजन शर्मा ने जिला अस्पताल से डॉ. मो. शरीफ को बुलवाया। उसी दिन शाम को दूरबीन विधि के बजाय पेट में चीरा लगाकर ऑपरेशन किया गया। उसके पांच टांके लगाए गए। 9 दिसंबर 2025 को जब वह अपने पति के साथ नसबंदी का प्रमाणपत्र लेने पहुंचीं तो डॉक्टरों ने टालमटोल की और यह कह दिया कि उनका कोई ऑपरेशन हुआ ही नहीं। ऑपरेशन के बाद उसे दिक्कत हो रही है। आरोप लगाया कि डॉ. मो. शरीफ पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आशा बहू ममता, डॉ. मो. शरीफ, और डॉ. राजन शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी व जातिसूचक की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। वहीं सीएससी चिकित्सा प्रभारी डॉ राजन शर्मा ने बताया महिला को ऑपरेशन के बाद जानकारी दी गई थी कि नसबंदी का ऑपरेशन सफल नहीं हुआ था जिसको लेकर डॉ. शरीफ ने भी महिला को बता दिया था।

## 22 को लगेगा मेगा विधिक शिविर

**कन्नौज।** कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बैठक की। इस दौरान उन्होंने 22 फरवरी को शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में आयोजित होने वाले मेगा/ वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर की तैयारियों को लेकर निर्देश दिए।

सोमवार को बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शिविर में सभी विभाग अनिवार्य रूप से अपने-अपने स्टॉल लगाएं। आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करें। साथ ही प्रत्येक विभाग कम से कम 05-05 पात्र लाभार्थियों की सूची, जिन्हें शिविर में लाभान्वित किया जाना है, मोबाइल नंबर सहित हर हाल में 18 फरवरी को दोपहर 04 बजे तक उपलब्ध करा दी जाए।

# गीले और सूखे कचरे को अलग अलग एकत्र करने की विधि बताई

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** नॉलेज पार्टनर संस्था मदर निर्मला फाउंडेशन ने स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अंतर्गत सोर्स सेग्रिगेशन पर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम वार्ड 1 अम्बेडकर नगर तथा वार्ड 2 पटेल नगर में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम संयोजक इकबाल बहादुर और अल्ताफ अली ने स्थानीय निवासियों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित करने की विधि समझाई। उन्होंने गीला, सूखा सेनेटरी वेस्ट एवं डायपर अलग अलग डस्टबीन तथा इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट काले डस्टबीन में डालना बताया। नगर पालिका परिषद के सुपरवाइजर सलाउद्दीन एवं सुजीत कुमार व सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के निदेशक डॉ. जितेंद्र चतुर्वेदी ने जानकारी दी। पालिका अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे व ईओ सुनील कुमार सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में वार्ड सभासद पान कुमारी, चरन सिंह, रामनाथ, नीरज कुमार, रामप्रकाश, पप्पू, वाहिद, सोबरन, अंशुल शाक्य, जैद पठान, अनस पठान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


स्वच्छता जागरूकता अभियान में मौजूद लोग। अमृत विचार

## हादसों में 3 घायल

**सौरिख।** सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए। थाना क्षेत्र के अलीपुर रोड निवासी पुष्पेंद्र (28) पुत्र राम किशोर रविवार को बाजार करने आया हुआ था। वापस जाते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद पुष्पेंद्र को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इसीतरह फूलनपुर निवासी राजेश पुत्र राजाराम बाइक फिसलने से घायल हो गया। इसे भी तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। तीसरी घटना में नगला बिहारी निवासी अंकित पुत्र अनूप घायल बाइक फिसलने से घायल हो गया। एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

**बैठक** | नगर पालिका परिषद कन्नौज, गुरसहायगंज व नगर पंचायत समधन के प्रतिनिधि नहीं आए

# विकास कार्यों की बैठक में तीन चेयरमैन गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- डीएम ने 15वें वित्त आयोग के तहत बुलाई थी बैठक, कई प्रस्तावों को मिली सहमति

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में 15वें वित्त आयोग के तहत नगर पालिका व नगर पंचायतों के प्रस्ताव के संबंध में चर्चा की। इसमें नगर पालिका परिषद कन्नौज, गुरसहायगंज एवं नगर पंचायत समधन के अध्यक्ष अनुपस्थित रहे।

सोमवार को डीएम ने नगर पालिका छिबरामऊ में बुनियादी अनुदान के तहत बाउंड्रीवॉल, सीसी रोड, नाली, स्नानघर इत्यादि निर्माण कार्य कराये जाने के लिए प्रथम व द्वितीय किस्त जारी करने पर सहमति दी। इसी प्रकार निर्दिष्ट अनुदान में सालिड वेस्ट मैनेजमेंट एवं जलापूर्ति के कार्यों पर समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने नगर पंचायत सिकंदरपुर, सौरिख तथा तालग्राम में बुनियादी व निर्दिष्ट अनुदान के तहत मार्ग प्रकाश, निर्माण कार्य, जलापूर्ति आदि के प्रस्ताव पर सहमति प्रकट की। निर्देश दिए कि जो भी कार्य कराया जाए वह मानक व गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। जो नगर पालिका व नगर पंचायत के तीन अध्यक्ष बैठक में नहीं आए उनको अगली बैठक में बुलाकर प्रस्ताव पर विचार-विमर्श करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एडीएम (वि./रा.) देवेंद्र सिंह, प्रभात त्रिपाठी, अध्यक्ष नगर पालिका छिबरामऊ मनोज दुबे, नगर पंचायत तिर्वा के प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व मौजूद ईओ और नगर निकायों के प्रतिनिधि। अमृत विचार

## चौकी प्रभारी से अभद्रता पर होगी कार्रवाई

**कन्नौज।** वारंट लेकर गये चौकी प्रभारी से अभद्रता करने के मामले में आरोपियों पर शांति भंग की कार्रवाई की जायेगी। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव उदइयापुर का मामला है।

इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव उदइयापुर में हसेरन चौकी प्रभारी राजेश कुमार पुलिस टीम के साथ उदइयापुर गांव निवासी शशिदेवी को कोर्ट से जारी वारंट देने गई थी। इसी दौरान शशिदेवी के जेठ अमर सिंह ने अपने कई साथियों के साथ चौकी प्रभारी से अभद्रता की। इस दौरान गांव के लोग एकत्र हो गये। बताया जाता है कि उक्त लोगों ने वारंट को भी मौके पर ही फाड़ कर फेंक दिया। किसी तरह जान बचा कर वह गांव के बाहर निकले और थाना पुलिस को घटना के संबंध में जानकारी दी। इसके बाद थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर गए लेकिन तब तक लोग मौके से फरार हो गये।

# प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में मिस्टर कन्नौज बने अर्पित

संवाददाता, गुरसहायगंज

- गुरसहायगंज के अर्पित ने प्रदेश में प्राप्त की चौथी रैंक
- कन्नौज में आयोजित हुई बॉडी बिल्डिंग मिस्टर यूपी स्पर्धा

**अमृत विचार।** नगर के अर्पित मिश्रा ने कन्नौज में आयोजित बॉडी बिल्डिंग मिस्टर यूपी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश में चौथी रैंक प्राप्त की। इतना ही नहीं कार्यक्रम में उसे मिस्टर कन्नौज की उपाधि भी दी गई।

सोमवार को फिटनेस जिम गांधी नगर के कोच मिस्टर रेहान ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार की शाम कन्नौज स्थित अजीजी क्लासिक फिटनेस सेंटर में मिस्टर उत्तर प्रदेश कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें प्रदेश के तमाम जनपदों से युवाओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनके सेंटर से केवल एकमात्र कैंडिडेट मोहल्ला रामगंज निवासी मिस्टर अर्पित मिश्रा पुत्र वेद भूषण मिश्रा पहुंचे थे। उन्होंने स्टेज पर शानदार परफॉर्मेंस दी। कार्यक्रम में कमेटी के जजेज ने उसके परफॉर्मेंस को देखते हुए उसे प्रदेश में चौथा रैंक देकर मिस्टर कन्नौज की उपाधि प्रदान की। उन्होंने बताया कि अर्पित मिश्रा ने 50 से 55 किग्रा कैटिगरी डेनियल मॉडल प्रतियोगिता में भाग लिया था। इसमें उसने अपनी मेहनत और लगन की बदौलत यह मुकाम हासिल किया। प्रतियोगिता में मिली सफलता का श्रेय अर्पित ने अपने कोच मिस्टर रेहान को दिया है। इस दौरान उनके साथ फैसल पठान, नरेन्द्र त्रिपाठी, बाबू खान, समीर कुरैशी, छोटू ठाकुर आदि लोग भी मौजूद रहे।



अर्पित मिश्रा को मेडल पहनाकर प्रशस्ति पत्र देते आयोजक व कोच। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### हड्डी रोग विशेषज्ञ डीके दुबे की मां का निधन


गंगा देवी।

इटावा। वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ व आईएमए के अध्यक्ष डा डीके दुबे की मां गंगा देवी का निधन हो गया। वह 85 साल की थी। वह काफी समय से बीमार चल रही थी। उनका अंतिम संस्कार आज यानी मंगलवार को यमुना घाट पर सुबह नौ बजे होगा। उनके निधन की जानकारी मिलने पर लोगों ने उनके आवास पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की।

### सीएचसी पर दो वाटर कूलर लगाए गए

**महेवा** । स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए दो नए वाटर कूलर स्थापित किए गए हैं। केंद्र पर कार्यरत लैब टेक्नीशियन विजय गुप्ता ने अपनी स्वर्गीय माता कमलेश गुप्ता की स्मृति में एक वाटर कूलर लगवाया, जिससे अस्पताल आने वाले मरीजों व तीमारदारों को शीतल पेयजल उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अभिषेक वर्मा द्वारा इमरजेंसी वार्ड में एक अन्य वाटर कूलर स्थापित कराया गया है। अस्पताल परिसर में पेयजल की बेहतर व्यवस्था से लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

### मारपीट की घटनाओं में दो घायल

**इटावा**। जनपद के अलग अलग स्थानों पर ही मारपीट की घटनाओं में दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत कल्यानपुर निवासी पुष्पा देवी पत्नी राम बहादुर को गांव में दवंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत अहेरीपुर निवासी योगेंद्र सिंह पुत्र रामसिंह को दवंगों ने गांव में मारपीट कर घायल कर दिया।

### तीन लोगों ने किया विषाक्त पदार्थ का सेवन, भर्ती

**इटावा**। जनपद के अलग अलग स्थानों पर तीन लोगों ने किसी बात से नाराज होकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत मानिकपुर बिसु निवासी रौनक पांडेय ने किसी बात से नाराज होकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। थाना पछायगांव क्षेत्र के अंतर्गत पुरा दंगली निवासी राजू ने घर पर किसी विवाद के चलते विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत साईं मोहल्ला निवासी निशा ने किसी बात से नाराज होकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। सभी भर्ती कराया गया।

### बाइक ने मोपेड में मारी टक्कर, दंपती घायल

**इटावा**। थाना पछायगांव क्षेत्र के अंतर्गत सराय ताल के पास बाइक ने मोपेड में टक्कर मार दी जिससे मोपेड में सवार वृद्ध दंपती घायल हो गए। थाना पछायगांव क्षेत्र के अंतर्गत सराय ताल गढायता निवासी विद्याराम 72 वर्ष अपनी पत्नी प्रेमा देवी 70 वर्ष के साथ मोपेड से पछायगांव से अपने घर आ रहे थे तभी सराय ताल मोड़ के पास बाइक ने टक्कर मार दी जिससे वृद्ध दंपती मोपेड से सड़क पर गिरकर घायल हो गये। उन्हें भर्ती कराया गया है।

### बीडीसी सदस्य सोनू ने दिया इस्तीफा

**इटावा**। महेवा ब्लॉक के बीडीसी सदस्य सोनू ने सांसद पुत्र पर बैठक में प्रस्ताव फाड़ने और अपमानित करने का आरोप लगाते हुए अपना इस्तीफा दे दिया है। बीडीसी सदस्य का आरोप है कि लगभग दो महीने पहले हुई बैठक के दौरान सांसद के पुत्र ने सबके सामने उनका प्रस्ताव फाड़ दिया था जिससे आहत होकर उन्होंने यह कदम उठाया है। निवाड़ी कला निवासी सोनू बीडीसी ने बीडीओ महेवा ब्रज बिहारी त्रिपाठी को अपना इस्तीफा भेजा। अपने पत्र में सोनू ने लिखा कि पिछली मीटिंग में सांसद के पुत्र ने सरेआम उनका प्रस्ताव फाड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि जब वह जनप्रतिनिधि होकर अपने समाज की बात ही नहीं रख सकता, तो ऐसे पद पर बने रहने का कोई औचित्य नहीं है।

### बाजार गई युवती लापता, गुमशुदगी दर्ज

**भरथना**। कस्बा के पुराना भरथना से एक बीस वर्षीय युवती घर से बाजार जाने की बात कहकर निकली और पांच दिन बीत जाने पर भी युवती के घर वापस ना आने पर परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका पता नही चल सका। पीड़ित माँ ने बताया कि उसकी बीस वर्षीय बेटी 11 फरवरी की देर शाम घर से बाजार जाने की बात कहकर निकली थी, किन्तु देर रात घर वापस नहीं लौटी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# महेवा के लिये करोड़ों का बजट पास

## क्षेत्र पंचायत महेवा की बैठक संपंन, 2026-27 का बजट पेश किया गया

संवाददाता महेवा इटावा


बैठक में मौजूद ब्लाक प्रमुख पवित्रा दोहरे, सांसद व अन्य ।

**अमृत विचार** । क्षेत्र पंचायत महेवा की खुली बैठक में वर्ष 26-27 के विकास कार्यो के लिए वित्तीय मद से करीब पांच करोड़ तथा मनरेगा का लेबर बजट 1972.58 लाख का ध्वनि मत बजट पारित किया गया।

बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख महेवा पवित्रा दोहरे ने की। बैठक में सांसद इटावा जितेंद्र दोहरे मौजूद रहे तथा उन्होंने विकास कार्यों में पूरा सहयोग देने का भरोसा दिया। बीडीओ बृज बिहारी त्रिपाठी ने सांसद सहित सभी अतिथियों का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। बैठक शुरू होते ही बीडीओ बृजबिहारी त्रिपाठी ने पिछली कार्यवाही पढ़कर सुनाई तथा विगत वर्षों में हुए विकास कार्यों को पढ़कर सुनाया ।

ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख पवित्रा देवी की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक में एडीओ पंचायत इन्द्रपाल सिंह भदौरिया ने पंचायत कल्याण कोष से लाभान्वित लोगों की जानकारी दी। वहीं शौचालय से लाभान्वित लोगों की संख्या बताई तथा मातृभूमि योजना पर प्रकाश डाला एडीओ कृषि हर्ष कुमार ,एडीओ ग्राम विकास प्रवीण कुमार शाक्य ने अपने विभाग से संबंधित जानकारी अपने पटल पर रखी। वहीं बीडीओ ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को सदन के सामने प्रस्तुत किया। एनआरएलएम के संदर्भ में संचालित योजनाओं की जानकारी बीबीएम आशुतोष सिंह ने सदन को दी। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अनुराग दोहरे ने अब तक हुए विकास कार्यों का खाका सदन पटल पर रखा। उन्होंने कहा कि विगत चार वर्षों में क्षेत्र पंचायत द्वारा क्षेत्र में 60 वाटर कूलर ,करीब 75 नाले ,120 इंटरलॉकिंग सड़क , हाईमास्ट लाइट ,सोलर लाइट , एलईडी लाइट आदि लगवाई गई ।

- बैठक में पिछले वित्तीय वर्ष में कराए गए कार्यों का ब्योरा पेश किया गया
- ब्लाक प्रमुख पवित्रा दोहरे, सांसद जितेंद्र दोहरे बीडीओ व अन्य अधिकारी मौजूद रहे

जिला पंचायत सदस्य फरियाद भारती एवं जेपी दोहरे ने अपने क्षेत्र की समस्यायों को सदन को अवगत कराया। वहीं सदर से बीडीसी देवेंद्र यादव ने सब्जी मंडी वाली गली मरम्मत ,नाला निर्माण आदि का प्रस्ताव दिया , अंत में ब्लॉक प्रमुख पवित्रा दोहरे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# प्रशिक्षण महाअभियान कार्यकर्ताओं को तराशने की प्रक्रिया : कमलावती

कार्यालय संवाददताता इटावा



कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करतीं कमलावती सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार** । पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अरुण गुप्ता उर्फ अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ।

मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष व जनपद प्रभारी कमलावती सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यकर्ता को तराशने की प्रक्रिया है। जो सीखता है वह बढ़ता है, जो सीखना बंद कर देता है वो बढ़ना भी बंद कर देता है। व्यक्ति निर्माण से ही संगठन का निर्माण होता है। यह अभियान कार्यकर्ताओं को विचार, व्यवहार और नेतृत्व तीनों स्तरों पर समृद्ध करेगा। पूर्व सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर आधारित यह प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता और सेवा भाव की दिशा में और अधिक सजग बनाता है।

- भाजपा कार्यालय पर आयोजित की गई कार्यशाला

जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने कहा जिला प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करना, सांगठनिक कौशल विकसित करना और सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुचाने के लिए तैयार करना है। प्रशिक्षण अभियान दो दिवसीय व मंडल स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया जाएगा जबकि बूथ स्तर पर दो सत्रों में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जायेंगे। कार्यशाला को रामकुमार चौधरी, डॉ रमाकांत शर्मा, गोपाल मोहन शर्मा आदि ने सम्बोधित किया। संचालन प्रशिक्षण अभियान सह-संयोजक व जिला मंत्री जितेंद्र गौड़ ने किया।

# एसएसपी ने साइबर थाने के लिए किया भूमि पूजन, मिलेगा भवन

कार्यालय संवाददताता इटावा


भूमि पूजन करते एसएसपी व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार** । जनपद में साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रस्तावित साइबर थाने की भूमि का विधि-विधान से पूजन किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तावित साइबर थाने की भूमि पूजन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ निर्माण कार्य के शीघ्र एवं सफल समापन की कामना की गई। इस अवसर पर एसएसपी ने कहा कि आधुनिक तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराधों में भी वृद्धि हो रही है। ऐसे में अलग से साइबर थाना स्थापित होने से आमजन की शिकायतों का त्वरित निस्तारण संभव हो सकेगा।

उन्होंने बताया कि साइबर थाने में प्रशिक्षित पुलिसकर्मी एवं तकनीकी विशेषज्ञ नियुक्त किए जाएंगे जिससे ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया अपराध, बैंकिंग फ्रॉड आदि मामलों में प्रभावी कार्रवाई की जा सकेगी। साइबर थाने की स्थापना से जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी तथा नागरिकों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया जाएगा।

- एसएसपी ने कहा इसके बनने से लोगों को मिलेगी राहत

इस अवसर पर पुलिस विभाग के अन्य अधिकारीगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**बकेवर** । जनता कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 16 फरवरी से 22 फरवरी तक जय गुरुदेव आश्रम, खितौरा में किया जा रहा है। शिविर के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ आश्रम परिसर में आम के पौधारोपण के साथ पर्यावरण संरक्षण के संदेश द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज के प्राचार्य प्रो. राजेश किशोर त्रिपाठी ने की।

इस अवसर पर प्रो त्रिपाठी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्यों जैसे सेवा, समर्पण एवं अनुशासन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनएसएस युवाओं के व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत बकेवर के अध्यक्ष विवेक यादव ने राष्ट्रीय सेवा योजना को जोड़ते हुए कहा कि युवा शक्ति यदि सकारात्मक दिशा में कार्य करे तो समाज में परिवर्तन संभव है।

# अवैध अतिक्रमण पर गरजा बुलडोजर, मचा हड़कंप


अतिक्रमण हटवातीं एसडीएम काव्या सी व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता भरथना इटावा

**अमृत विचार** । कस्बे में यातायात व्यवस्था सुधारने तथा फुटपाथों को खाली कराने के उद्देश्य से प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। सोमवार को नगर के प्रमुख बाजारों, मुख्य सड़कों और नालों के किनारे किए गए अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाया गया।

दोपहर करीब एक बजे भरथना उपजिलाधिकारी काव्या सी, नगर पालिका ईओ संतोष मिश्रा तथा थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह पुलिस बल की संयुक्त टीम के साथ जवाहर रोड, सरोजनी रोड, बालूगंज होते हुए पुराना भरथना पर पहुंचे। टीम ने सड़क किनारे बने अस्थायी शेड, बढ़ाए गए चबूतरे, गुमटी, ठेले और दुकान के बाहर फैलाया गया सामान हटवाया। कई जगह जेसीबी मशीन से टीन शेड भी तोड़े गए। इस दौरान चौकी प्रभारी तनमय चौधरी, उपनिरीक्षक राजेश कुमार, क्षेत्रीय लेखपाल विपिन कुमार, राम जी भदौरिया आदि रहे।

### छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती 19 को मनेगी

**इटावा**। कुर्मी क्षत्रिय समाज एवं मराठा समाज के संयुक्त तत्वाधान में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती 19 फरवरी दिन गुरुवार को प्रातः 9 बजे से मनाई जाएगी। उक्त जानकारी धर्मेश कुमार उर्फ मौधू एवं डॉ हरी शंकर पटेल ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि समाज के लोग होमगंज में एकत्र होकर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा को अपने हाथ में लेकर होमगंज से तहसील चौराहे, बजाज लाइन होते हुए नगर पालिका चौराहा और कोतवाली चौराहा के सामने से पुरबिया टोला के तलैया मैदान में स्थापित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर रुद्राभिषेक करके प्रसाद वितरण करेंगे। मराठा समाज के संरक्षक बसंत पाटिल एवं अध्यक्ष प्रकाश मराठा ने बताया कि सभी मराठा समाज के लोग भरथना, जसवंत नगर तथा लखना में अपने प्रतिष्ठान छत्रपति शिवाजी महाराज की जयन्ती पर बन्द रखेंगे।

# दहेज में चालीस लाख रुपये मांगने का लगाया आरोप

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार** । थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर 40 लाख रुपये की अतिरिक्त दहेज मांगने, न देने पर मारपीट और जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

नूतन यादव ने बताया कि उसकी शादी 5 दिसंबर 2023 को शिवम यादव निवासी फिरोजाबाद के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी में उसके परिजनों ने 30 लाख रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण, कपड़े और अन्य घरेलू सामान दिया था। शादी के दो दिन बाद ही पति, सास अनीता यादव, ननद नेहा, नीरू व नंदू यादव ने 40 लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। कई बार मायके पक्ष के समझाने के बावजूद ससुराल पक्ष का रवैया नहीं बदला। 22 जुलाई 2025 को उसे बेरहमी से पीटा गया और जेवर व नकदी छीन ली गई। 3 अगस्त 2025 को भाई के आने पर उसे निकाल दिया गया।

आरोप है कि 19 नवंबर 2025 को ससुराल पक्ष मायके पहुंचा और दोबारा 40 लाख रुपये की मांग दोहराई। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और दुपट्टे से फांसी लगाने का प्रयास किया गया। शोर सुनकर परिजन व आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पीड़िता का कहना है कि उसने पूर्व में भी थाने में शिकायत दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। थानाध्यक्ष कमल भाटी का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मेधावी छात्रों को पहनाये मेडल

कार्यालय संवाददताता इटावा


कार्यक्रम का शुभारंभ करते डॉ. आनन्द। अमृत विचार

**अमृत विचार** । सेवेन हिल्स इंटर कॉलेज में एनुअल अचीवमेंट अवॉर्ड फंक्शन 2025-26 का आयोजन बड़े धूमधाम से हुआ, जिसमें प्रत्येक कक्षा के सभी विजयी छात्र- छात्राओं को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ. आनंद मुनि, विद्यालय के चेयरमैन शिव किशोर दुबे , विद्यालय के ट्रस्टी सुनील राजपूत एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ दुबे के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के नृत्य कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की गई। बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित रहे । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ आनंद मुनि ने विद्यालय के बच्चों एवं उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि किस प्रकार माता पिता अपने बच्चों के जीवन में सफल होने के सपनों को सजाकर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचने में सहायक हो सकते हैं। विद्यालय के शिक्षक भी बच्चों के भीतर छिपी उनकी विशेष प्रतिभा को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ने में सहायक बनें। इसके उपरांत प्रत्येक कक्षा के प्रत्येक सेक्शन से लगभग 15 से भी ज्यादा उपलब्धि अर्जित करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन शिव किशोर दुबे एवं ट्रस्टी सुनील राजपूत ने बच्चों को बधाइयां तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ दुबे ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में पुलवामा के हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।

- सेविन हिल्स में एनुअल अचीवमेंट अवार्ड कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर युवक से लाखों रुपये ठगे

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार** । शेयर ट्रेडिंग के नाम पर रकम दोगुनी करने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक युवक से 21 लाख 48 हजार 698 रुपये ठग लिए। ठगों ने टेलीग्राम के जरिए संपर्क किया और अलग अलग बैंक खातों में लाखों रुपये ट्रांसफर कराए।

थाना बढ़पुरा के ग्राम गाती निवासी सोमेन्द्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 8 दिसंबर 2025 को उनके मोबाइल पर टेलीग्राम के माध्यम से एक संदेश आया। संदेश में कहा गया था कि शेयर ट्रेडिंग में निवेश करने पर कम समय में रकम दोगुनी कर दी जाएगी। पहले उनसे कम रकम जमा कराई गई और मुनाफा दिखाने का दावा किया गया। इसके बाद उनसे कहा गया कि अगर निवेश बढ़ाया जाएगा तो लाभ भी ज्यादा मिलेगा। पीड़ित के अनुसार 8 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 के बीच उनसे अलग अलग तारीखों में कई बैंक खातों में कुल 21 लाख 48 हजार 698 रुपये ट्रांसफर करा लिए गए। ठग कभी टैक्स के नाम पर तो कभी प्रोसेसिंग फीस और ट्रेडिंग चार्ज बताकर पैसे मांगते रहे। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब न तो कोई मुनाफा मिला और न ही जमा की गई रकम वापस आई तो उन्हें शक हुआ। उन्होंने कई बार फोन और संदेश के जरिए संपर्क करने की कोशिश की लेकिन सभी नंबर बंद मिले। जानकारी मिलने के बाद थाना साइबर थाना ने मुकदमा दर्ज कर लिया। जिन बैंक खातों में रकम ट्रांसफर की गई है, उनका रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। संबंधित मोबाइल नंबरों की भी जांच की जा रही है ।

## खेल के मैदान से

### सिंडौस में हुए दंगल में देश भर के 50 से अधिक पहलवानों ने दिखाया दमखम

# इटावा के विकास व पठानकोट के शेरू का बराबरी पर छूटा मुकाबला

संवाददाता चकरनगर इटावा


दांवपेच दिखाते पहलवान। अमृत विचार


फाइनल मुकाबले में खेलतीं आगरा व मैनपुरी की टीम ।

**अमृत विचार** । सिंडौस गांव में रविवार को राष्ट्रीय स्तर के दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा,पंजाब और राजस्थान के नामी पहलवानों ने दमखम दिखाया। कुरछा के विकास का पठानकोट के शेरू से बराबरी का अखाड़ा रहा। मुख्य अतिथि भानु प्रताप उर्फ़ डीएम ने दंगल का फीताकाट शुभारम्भ किया। वही आखिरी झंडा कुस्ती का पूर्व विधायक रविंद्र सिंह तोमर ने हाथ मिलवाया।

फिरोजाबाद के श्याम ने मथुरा के राहुल को, मिटहटी के राघव ने फिरोजाबाद के किशन को, आगरा के सुनील ने मथुरा के रंजीत, मिटहटी के गोलू ने फिरोजाबाद के सन्नी को, आगरा के सुरेन्द्र ने नौधा के मंजेश को, समसाबाद के प्रमोद ने मथुरा के विष्णु को, मुरैना के बादशाह ने फिरोजाबाद के उमेश को, आगरा के विशाल ने नौधा के मंजेश को, आगरा के करुआ ने मथुरा के राहुल को, मुरैना के पुलन्दर ने आगरा के सौरव को, मुरैना के भारत ने आगरा के गजेंद्र को हराया। वही आगरा के करुआ का फिरोजाबाद के लवकुश से, गेहवत के भानू का मुरैना के भूपेंद्र से, समसाबाद के गजेंद्र का हाथरस के सोनू सके बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। आसपास के क्षेत्र से आए दर्शकों ने इस रोमांचक दंगल का खूब लुत्फ लिया और तालियों के साथ पहलवानों की हौसला बढ़ाया। जीत हासिल करने वालों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अथिति गौरव राजावत, सिद्धनाथ दंगल आयोजक आलोक दुबे, ग्राम प्रधान सज्जन सिंह राजावत, किशन सिंह राजावत, सतेन्द्र राजावत, बेटा मास्टर, बिजेंद्र मास्टर, राजेश चौहान, दीपक प्रजापति, राघवेंद्र सिंह, पप्पन सिंह, राहुल राजावत, श्याम प्रताप राजावत, महेंद्र सिंह आदि कमेठी के लोग मौजूद रहे।

### मैनपुरी को हराकर वालीबाल विजेता बना आगरा

**भरथना**। कस्बा के मिडिल स्कूल मैदान में आदर्श वालीबाल क्लब भरथना द्वारा दिवंगत विधायक स्व. महाराज सिंह यादव सहित अन्य दिवंगत संभ्रांतजनों की स्मृति में आयोजित दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा। फाइनल में आगरा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैनपुरी की टीम को दो सीधे सेटों में 25-13 व 25-18 से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में आगरा की टीम शुरुआत से ही आक्रामक रही। सटीक सर्विस और मजबूत डिफेंस के दम पर टीम ने मैनपुरी को वापसी का मौका नहीं दिया। पहले सेट में 25-13 से बढ़त बनाने के बाद दूसरे सेट में भी 25-16 से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता पर कब्जा जमा लिया। इससे पूर्व खेले गए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में मैनपुरी ने बांदा को 21-12, 21-19 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में आगरा की टीम ने खितौरा को 21-17, 21-17 से शिकस्त देकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी। क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में खितौरा, आगरा, मैनपुरी और बांदा की टीमों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में स्थान सुनिश्चित किया था। कार्यक्रम के दौरान समिति अध्यक्ष सुखराम सिंधी, रवि यादव, गजेंद्र यादव, अरविंद यादव, सुशांत पालीवाल, गौरव, मुकेश यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### गोमती ट्रेन में जहर खुरानी का शिकार हुआ यात्री

**इटावा**। युवक को दिल्ली से अपने घर लौटते समय गोमती ट्रेन में जहरखुरानों ने नशीला बिस्कुट खिलाकर लूट लिया।

भूरे दिल्ली में फॉल सीलिंग का काम करता है और गोमती से वापस घर आ रहा था तभी अज्ञात व्यक्ति ने उससे बातचीत शुरू की और भरोसा जीतकर अलीगढ़ और हाथरस के बीच बिस्किट खाने को दे दिया। बिस्किट खाने के कुछ देर बाद ही भूरे की तबीयत बिगड़ने लगी और वह बेसुध हो गया। जब होश आया तो वह फफूंद रेलवे स्टेशन के पास पटरी किनारे पड़ा मिला। आरपीएफ और जीआरपी को सूचना दी गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। भूरे के अनुसार उनके पास से करीब पांच हजार रुपये, एटीएम कार्ड, मेट्रो कार्ड और मोबाइल फोन गायब हैं। पुलिस जांच में जुट गई है।

# संदिग्ध हालात में किसान की गई जान, मचा हड़कंप

## अजीतमल के कोतवाली क्षेत्र के अमावता गांव का मामला

संवाददाता, अजीतमल (औरैया)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अमावता गांव में एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। 35 वर्षीय किसान अर्जुन सिंह पुत्र दुर्गा सिंह शुक्रवार रात हरपालपुर अड्डा स्थित अपने गेहूं के खेत की रखवाली कर रहे थे।

रात करीब तीन बजे उनके भाई विक्रम सिंह (जो चेन्नई में रहते हैं) के मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया, जिसमें बताया गया कि अर्जुन को सूअर ने टक्कर मार दी है। सूचना मिलते ही परिजन खेत पहुंचे, जहां अर्जुन का शव मचान से करीब 200 मीटर दूर गेहूं के खेत में पड़ा मिला। घटनास्थल से एक कुल्हाड़ी, लाल मिर्च पाउडर का पैकेट और मृतक की टूटी टॉर्च मिली, जबकि मोबाइल फोन और जूते गायब थे। हालात देखकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रिपोर्ट में मौत का कारण सिर में गंभीर चोट (हेड इंजरी) बताया गया है, जो वार से लगने की आशंका को मजबूत करता है। इससे पहले सूअर के हमले की बात कही जा रही थी, लेकिन चोटों की प्रकृति और मौके पर मिले साक्ष्यों से मामला संदिग्ध होता दिखा।


घटनास्थल पर मौजूद लोगों की भीड़। अमृत विचार

### सड़क जाम कर जताया विरोध

- हत्या की आशंका को लेकर परिजनों व ग्रामीणों ने सड़क जाम कर विरोध भी जताया। जिसके बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया गया, जहां शोक की लहर दौड़ गई। सैकड़ों ग्रामीण अंतिम संस्कार में शामिल हुए। पुलिस की मौजूदगी में शव यात्रा सिकरोड़ी घाट पहुंची और अंतिम संस्कार किया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ललितेश त्रिपाठी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेड इंजरी की पुष्टि हुई है। आसपास के क्षेत्र के तीन संदिग्धों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द मामले का खुलासा करने का दावा कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### छह दिनों तक चार घंटे ठप रहेगी बिजली

**कालपी जालौन।** आगामी छह दिनों तक न्यामतपुर और सिरसाकलार बिजलीघरों से दिन में चार घण्टे तक विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी। विभाग द्वारा फर्रुखाबाद महेबा लाइन में स्टर्गिंग की जाएगी। विदित हो कि शासन द्वारा आपात स्थित में विधुत आपूर्ति बहाल रखने के लिए ग्रीन एनर्जी कारीडोर बनाया जा रहा है, जिसके तहत महेवा ब्लॉक क्षेत्र में एक पावरहाउस की स्थापना की गई है जिसके लिए 400 के वी एम की लाइन बनाई गई है, जिसका काम पूरा हो चुका है, जिसकी स्टिर्गिंग होनी है। उपखण्ड अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह सचान द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि 17 फरवरी से 22 तक न्यामतपुर और सिरसाकलार बिजलीघरों से बिजली आपूर्ति बन्द रहेगी। हालांकि यह दिन में सिर्फ चार घण्टे का शटडाउन दिया जाना है क्योंकि इस दौरान फर्रुखाबाद महेबा 400 केवीएम लाईन की काम कर इकाई को स्टिर्गिंग करनी है। उन्होंने क्षेत्रीय जनता से कटौती की अवधि मे शान्ति बनाए रखने की अपील की है।

### भंडारे में उमड़े भक्त

**कालपी-जालौन।** सोमवार को बनखण्डी देवी मन्दिर परिसर में विशाल भण्डारा आयोजित हुआ जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर स्थित बनखण्डी देवी मन्दिर प्रबंधन द्वारा परम्परा अनुसार महाशिवरात्रि के पर्व पर शिव बारात का आयोजन किया जाता है, जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। इसी परम्परा के तहत सोमवार को परिसर में विशाल भण्डारा भी आयोजित किया गया, जिसमें नगर के कोने कोने से आए भक्तो ने प्रसाद ग्रहण कर देवी का आशीर्वाद लिया। इस दौरान मन्दिर के महन्त जमुना दास ने बताया कि भक्तो की इस मन्दिर के प्रति आस्था ऐसी की यहा भक्तो के दान से बडे से बडा आयोजन सकुशल संपंन हो जाता है।

### साढ़े आठ करोड़ से सुधरेंगी 3 सड़कें

**कालपी।** तहसील क्षेत्र की लगभग साढे आठ किमी जर्जर तीन सड़कों का जीर्णोद्धार होगा। शासन ने इसके लिए लगभग साढ़े आठ करोड़ रुपये मंजूर कर लिए है। विदित हो कि क्षेत्र में काफी दिनों पहले विभिन्न योजनाओं और विभागों द्वारा गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ा गया था। इनमें से कई सड़के जर्जर हो गई हैं। क्षेत्रीय विधायक के प्रतिनिधि आशु चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि कदौरा से इकौना होकर मिश्रीपुर तथा चमारी से सन्दी एवं हथनौरा से पिपरौंधा सम्पर्क मार्ग का जीर्णोद्धार कराने का प्रस्ताव सार्वजनिक निर्माण विभाग के माध्यम से शासन को भेजा गया था, जिसे मंजूर कर लिया गया है।

## कांवड़ियों के विवाद में 10 के खिलाफ प्राथमिकी

**अयाना, औरैया।** थाना क्षेत्र के बरबटपुर में रविवार सुबह शिवरात्रि पर शिवालय में पहले जलाभिषेक करने को लेकर दो कांवड़िए व उनके परिजन आपस में भिड़ गए। इसके बाद गांव में जाकर दोनों पक्षों में दोबारा मारपीट हो गई। मामले में दोनों पक्षों की ओर से कुल 10 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

बरबटपुर निवासी श्याम सिंह व अजय सिंह शिवरात्रि को लेकर फरुखाबाद के श्रृंगीरामपुर से गंगाजल लेने गए थे। रविवार सुबह कांवड़ के गांव के शिवालय पहुंचने पर दोनों कांवड़ियों व उनके परिजन में आपास में विवाद हो गया। मंदिर परिसर में मौजूद लोगों ने दोनों पक्षों को समझा कर शांत करवाया। इसके पूजा अर्चना करने के बाद दोनों पक्ष गांव में पहुंचकर दोबारा भिड़ और आपस में जमकर लाठी-डंडे चलाए। मारपीट में श्याम सिंह, उनके भाई शिव कुमार व अजय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को सीएचसी अयाना में भर्ती करवाया। वहां डॉक्टर ने अजय सिंह को चिचौली मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। श्याम सिंह को सैफई रेफर किया।


कार्यक्रम के दौरान जलाभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# एकसाथ 22 शिवलिंगों का किया रुद्राभिषेक

संवाददाता, फफूंद (औरैया)

**अमृत विचार।** जैतपुर गांव में स्थित प्रसिद्ध महामाया मंगलाकाली मंदिर में अमावस्या पर भव्य रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में स्थापित 22 शिवलिंगों का सामूहिक अभिषेक देख भक्त भाव-विभोर हो उठे।

वैदिक मंत्रोच्चार और शंखध्वनि के बीच महादेव का पूजन कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गई। अनुष्ठान का शुभारंभ विद्वान पंडित अर्पण शुक्ला एवं अभय दीक्षित द्वारा सस्वर मंत्रोच्चार के साथ किया गया। पंडितों ने बताया कि अमावस्या पर शिव आराधना का विशेष महत्व है, इसी क्रम में सभी 22 शिवलिंगों का दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल से अभिषेक किया गया। पूजन के पश्चात महादेव का मनोहारी श्रृंगार किया गया, जिसकी छटा देखते ही बन रही थी।इस धार्मिक आयोजन में जैतपुर के प्रमुख समाजसेवियों और भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य रूप से रवि शंकर, राजीव दुबे, राजू, सोमू देवे, अंकुर दुबे, लोकेश अवस्थी, आशुतोष अग्निहोत्री, प्रणव शुक्ला एवं अरुण दीक्षित सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महादेव के दरबार में मत्था टेका और आरती में सम्मिलित हुए।

मंदिर समिति से जुड़े सदस्यों ने बताया कि महा मंगला काली मंदिर में प्रत्येक अमावस्या को यह आयोजन नियमित रूप से किया जाता है। स्थानीय निवासियों के लिए यह आस्था का बड़ा केंद्र बन चुका है।

## प्रधान इलेवन ने जीती ट्राफी और एक लाख रुपये

**जालौन।** जेपीएल सीजन तीन का फाइनल मुकाबला प्रधान इलेवन जालौन और प्रभाकर एकेडमी उरई के बीच हुआ। फाइनल मुकाबले में प्रधान इलेवन ने प्रभाकर एकेडमी को 72 रनों से करारी शिकस्त देकर जेपीएल की चमचमाती ट्रॉफी और एक लाख रुपये अपने नाम किए।

फाइनल मुकाबले में प्रधान इलेवन टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 214 रन बनाए। दूसरी पारी में खेलने उतरे प्रभाकर एकेडमी उरई के सलामी बल्लेबाज अंकुर यादव और कप्तान श्रीकांत ने टीम को अच्छी शुरूआत दी। लेकिन इनके बाद आने वाले बल्लेबाज आंनद राज 20 रन और रजत यादव ने 22 बनाकर पारी को संभालने का प्रयास किया। लेकिन पूरी टीम 19वें ओवर में ही 142 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। टूर्नामेंट में प्रधान इलेवन जालौन को सीजन तीन का विजेता घोषित किया गया। कमेंटेटर की भूमिका धीरज बाथम, सोनू चौहान और फरीद ने निभाई। गौरीश द्विवेदी, सरताज, विनय श्रीवास्तव, सरबर अली आदि ने सहयोग किया।


किसानों की ओर से बांधे गए तारों के अंदर कैद छुट्टा गोवंश। अमृत विचार

# गोवंशों से परेशान किसानों ने तारबंदी कर कैद किया

संवाददाता, अयाना (औरैया)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र की बड़ी गूंज में सरसों की फसल तबाह करने से परेशान किसानों ने गोवंशों को घेरकर ब्लेड के तारों से तारबंदी कर दी। इससे छुट्टा गोवंशों सिर्फ यमुना जल पर जीवित रहने को मजबूर हैं। बेजुबानों पर हो रही इस प्रताड़ना को लेकर जिम्मेदार भी अनदेखी कर रहे हैं। बड़ी गूंज में अन्ना मवेशियों ने किसानों की सरसों व अन्य फसल को नष्ट कर दिया। नाराज किसानों ने यमुना नदी किनारे ब्लेड के तारों की घेराबंदी बनाई। गोवंश सिर्फ यमुना जल पी सकते हैं चारा कुछ नहीं है। बीडीओ औरैया आदित्य तिवारी ने बताया कि बालू होने के कारण केटल कैचर मौके तक नहीं पहुंच पा रही है।

# अधिकारियों ने पुरहा नदी के कार्य की प्रगति देखकर दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जनपद में छोटी नदियों के पुनरुद्धार को लेकर कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह कार्य प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का हिस्सा है, जिसे मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के माध्यम से पूरे जनपद में प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, जो जिला गंगा समिति औरैया के अध्यक्ष भी हैं, पुरहा नदी के पुनरुद्धार कार्य की प्रगति की समीक्षा के लिए हर माह बैठक आयोजित कर रहे हैं। उनके निर्देश पर इस परियोजना के लिए सिंचाई विभाग को नोडल एजेंसी नामित किया गया है। जिला परियोजना अधिकारी, नमामि गंगे, ने बताया कि जनपद में पुरहा नदी की कुल लंबाई 31 किलोमीटर है। इसमें से 13 किलोमीटर क्षेत्र में सिंचाई विभाग द्वारा कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष 18 किलोमीटर के पुनरुद्धार कार्य की कार्ययोजना जिला गंगा समिति को सौंपी गई है। बजट आवंटन के बाद शेष कार्य प्रारंभ किया जाएगा, इसे जून 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। प्रशासन का कहना है कि नदी पुनरुद्धार से क्षेत्र में जल संरक्षण और किसानों को लाभ मिलेगा।


निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

- जून 2026 तक काम पूरा करने का लक्ष्य

# पुर्वा भीखा के शिवालय में अखंड जाप व हवन

कार्यालय संवाददाता, बेला, औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के पुर्वा भीखा स्थित प्राचीन शिवालय में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 24 घंटे के ओम नमः शिवाय' मंत्र का अखंड जाप विधि-विधान के साथ महाशिवरात्रि पर प्रारंभ हुआ था। सोमवार को हवन पूजन के बाद कार्यक्रम संपन्न हो गया इस धार्मिक आयोजन को लेकर गांव में भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई थी और भगवान शिव के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।ग्रामीणों के अनुसार यह आयोजन पिछले कई वर्षों से निरंतर किया जा रहा है और हर वर्ष की तरह इस बार भी पूरे गांव का भरपूर सहयोग मिल रहा है। श्रद्धालु बारी-बारी से मंदिर में पहुंचकर मंत्र जाप में भाग लेते रहे तथा भगवान शिव का जलाभिषेक व पूजन करते रहे महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की समान भागीदारी देखने को मिल रही है, जिससे कार्यक्रम की भव्यता और भी बढ़ गई है।महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में क्षेत्र के अन्य शिवालयों में भी भजन-कीर्तन, रुद्राभिषेक, हवन-पूजन और प्रसाद वितरण जैसे विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है। कार्यक्रम के आयोजकों में अखिलेश सिंह, सतेंद्र कुमार सिंह, सुजीत सिंह, अशोक सिंह, प्रभाकर, शानू, प्रखर सिंह संतोष शर्मा, देवेंद्र शर्मा कुलदीप शर्मा, गोलू, दन्नू, दीनू अरविंद्र आदि मौजूद रहे।

# भारत में क्रिकेट का खेल गांव-गांव तक पहुंचा

संवाददाता कालपी-जालौन

**अमृत विचार।** सपा संस्थापक की स्मृति में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का उदघाटन सपा नेता व कृभको के चेयरमैन डॉ. चन्द्र पाल यादव ने किया। इस दौरान पार्टी के विकास कार्यों को गिनाते हए उन्होंने सपा कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने का काम किया। उन्होंने खिलाड़ियों और सपाइयों का उत्सावर्धन करते हुए कहा कि खेल और राजनीति में हारजीत तो लगी रहती है इसलिए हमें मेहनत करते रहना चाहिये।

कदौरा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम जयरामपुर में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुए पूर्व सांसद व कृभको के चेयरमैन डॉ. चन्द्रपाल सिंह यादव ने कहा कि खेल मे हारजीत तो लगी रहती हैं इसे दिल पर नहीं लेना चाहिए बल्कि इस दौरान हुई गलतियों को सुधारने की जरूरत है ताकि फिर से जीत हासिल की जा सके। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत में क्रिकेट का खेल गांव - गांव तक पहुंच गया है ।ऐसे टूर्नामेंट आयोजनों से नौजवानों को अपने हुनर को दिखाने का मौका मिलता है। ऐसे ही क्षेत्रीय स्तर पर खेल कर युवा आगे बढ़ते है । इस मौके पर क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजक अजीत सिंह यादव, कल्लू सिंह काशीखेरा, विजय कुशवाहा , रोहित वर्मा, पूर्व प्रधान सरमन कुशवाहा, बाबू सिंह यादव पूर्व प्रधान, रामस्नेही धमना, अमर सिंह , नन्ना तिरही ,मयंक यादव, समर सिंह गुड्डू महेवा, सर्वेस पाल, आशीष सिंह चौंक, रोहित खटीक, योगेंद्र बीडीसी,राहुल करमचंद्रपुर, सोनू यादव, रामखिलावन, प्रांजुल सविता, धर्मेंद्र दोहरे, अखिलेश निपनियां, दीपु यादव, हरिशरण , आशुतोष सभासद, विशाल यादव, अमन विश्नोई , शोभित ठाकुर , तथा कमेटी से संजय, अभिषेक, रंनधावन अहिरवार, पुष्पेंद्र, जयहिंद , सर्वेस , विशाल चौधरी, विकास यादव, कुअँर सिंह , लल्ला यादव, नितिन , सुमित , शिवम कठेरिया, आकाश, आदेश, एस एस, संदीप अमित विकास यादव, उमेश चौधरी ,आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।


क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत करते अतिथि। अमृत विचार

- सपा संस्थापक की स्मृति में जयरामपुर में क्रिकेट स्पर्धा शुरू

## विद्यालय प्रबंध समिति को किया प्रशिक्षित

**जालौन।** बीआरसी भिटारा में विद्यालय प्रबंध समिति से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें विद्यालय को बेहतर ढंग से संचालित करने और विद्यालयों को सक्षम व सशक्त बनाए जाने संबंधी संबंधित जानकारी दी गई।

संदर्भदाता शिवकुमार राठौर ने बताया कि विद्यालय प्रंबंध समिति का कार्य विद्यालय में बहुत महत्वपूर्ण है। अध्यापकों को चाहिए कि वह विद्यालय प्रबंध समिति के माध्यम से विद्यालय को और बेहतर ढंग से कैसे संचालित किया जाए इसको लेकर चर्चा करें। प्रबंध समिति में सभी वर्गों के सदस्यों की सहभागिता आवश्यक है। इसके साथ ही 50 फीसदी महिला अभिभावक सदस्यों का यदि कोरम पूरा नहीं है तो उसे भी पूरा करें।

# शिव बारात में जमकर झूमे बाराती

कार्यालय संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि के पर्व पर रविवार की देर शाम नगर में जय बाबा बर्फानी ग्रुप एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वावधान में पहली बार भव्य शिव बारात निकाली गई। श्रद्धालुओं के हर-हर महादेव के जयकारे और आकर्षक झांकियों ने नगर को भक्तिमय कर दिया।

देर शाम मनोहर लाल आयुर्वेदिक अस्पताल के पास स्थित बाजपेई मंदिर से विधि-विधान के साथ भगवान शिव की बारात का शुभारंभ हुआ। पूजन-अर्चन के बाद भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की झांकी नंदी पर विराजमान हुई और बारात नगर भ्रमण के लिए रवाना हुई। आगे-आगे बैंड-बाजों और ढोल-नगाड़ों की धुन पर सारे भक्त झूमते हुए आगे बढ़ रहे थे। बारात में भगवान शिव, माता पार्वती, श्रीगणेश, नंदी, हनुमान, राधा कृष्ण और भूत-प्रेतों की झांकियां सजी हुईं थीं। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं ने बारात का स्वागत किया। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई यह शिव बारात बड़ी माता मंदिर पहुंची, जहां शिव विवाह का कार्यक्रम संपन्न हुआ। बड़ी माता मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की रस्में विधिपूर्वक निभाई गईं। कार्यक्रम का संचालन पुष्पेंद्र सिंह यादव ने किया। इस मौके पर दीपक कुमार मित्तल, पालिकाध्यक्ष नेहा मित्तल, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, पुनीत मित्तल, विधि अग्रवाल, यश पटेल, अनिल शिवहरे, मनोज गुप्ता, राजा सिंह सेगर, दीपेंद्र राठौर रहे।


शिव बारात में नंदी पर सवार महादेव व माता पार्वती। अमृत विचार

# बेला नुनारेश्वर महादेव मंदिर पर हुआ भंडारा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** हर वर्ष की परंपरा के अनुरूप इस बार भी बेला क्षेत्र के नुनारेश्वर महादेव मंदिर और रामनगर स्थित फटे महादेव मंदिर में भगवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया।

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दोनों मंदिरों में हवन के साथ कथा का समापन हुआ, जिसके ठीक अगले दिन सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।इस भंडारे में हजारों की संख्या में भक्तजन पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर हर हर महादेव और भोलेनाथ की जयकारों से गुंजायमान हो गया। भक्तों ने एक-दूसरे को प्रसाद वितरित कर पर्व की धूम मनाई। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह आयोजन वर्षों से चला आ रहा है, जो सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुका है।मंदिर समितियों ने बताया कि कथा के दौरान विभिन्न आचार्यों ने भगवत महापुराण की शिक्षाओं पर प्रकाश डाला, जबकि भंडारे में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने सेवा की। गांव के पंडित श्यामलाल चौबे , पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश सिंह चौहान , जेपी त्रिवेदी,बबलू चौहान, हरिओम तिवारी, सिन्टू चौबे, सुरेन्द्र कश्यप, सहित तमाम लोग रहे मौजूद।

### भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ अखंड रामायण पाठ, विशाल भंडारे में उमड़ी भीड़

- **फफूंद, औरैया।** नगर फफूंद के मोहल्ला महाजनान स्थित शिव मंदिर में आयोजित दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का सोमवार को हवन-पूजन और विशाल भंडारे के साथ भव्य समापन हुआ। भगवान भोलेनाथ की असीम अनुकंपा से आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और धर्म लाभ उठाया। 24 घंटे गूँजी राम नाम की चौपाइयां कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अखंड श्री रामचरितमानस पाठ से हुआ था। 24 घंटे तक चले इस अनवरत पाठ से संपूर्ण क्षेत्र का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। सोमवार को पाठ की पूर्णाहुति के अवसर पर विशेष हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें यजमानों ने आहुतियां देकर विश्व कल्याण की कामना की। हवन और आरती के पश्चात विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ। प्रसाद के रूप में इस भंडारे में मोहल्ला महाजनान सहित आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंचे।

**सीखी कला** | ग्रामीण महिलाओं को मिला आत्मनिर्भरता का मार्ग

# दो दिवसीय ई-कॉमर्स व डिजिटल मार्केटिंग प्रशिक्षण संपन्न

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** अपेक्षा महिला एवं बाल विकास समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय ई-कॉमर्स एवं डिजिटल मार्केटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। महिला बनारसीदास, फफूंद रोड स्थित कार्यालय हॉल में आयोजित इस प्रशिक्षण में ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल उद्यमिता की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को ऑनलाइन बाजार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाना रहा।

प्रशिक्षण के दूसरे दिन विषय विशेषज्ञ रवि दीक्षित ने प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और बिक्री प्रक्रिया की चरणबद्ध जानकारी दी। उन्होंने गूगल पे, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे डिजिटल माध्यमों के जरिए उत्पादों की बिक्री, भुगतान प्राप्ति और सुरक्षित लेन-देन के तरीकों को सरल भाषा में समझाया। महिलाओं को उत्पाद लिस्टिंग की तकनीक भी सिखाई गई, जिसमें आकर्षक फोटो, स्पष्ट विवरण, उचित मूल्य निर्धारण और ग्राहकों को आकर्षित करने की रणनीतियों पर विशेष जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त ऑर्डर प्राप्त करने, ग्राहकों से प्रभावी संवाद स्थापित करने और भुगतान प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप से संचालित करने की व्यावहारिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान पैकेजिंग, समयबद्ध डिलीवरी और बेहतर ग्राहक सेवा के महत्व पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिभागियों को बताया गया कि गुणवत्तापूर्ण पैकेजिंग और सकारात्मक ग्राहक अनुभव व्यवसाय की पहचान को मजबूत बनाते हैं।

डिजिटल लेन-देन के बढ़ते प्रचलन को देखते हुए ऑनलाइन सुरक्षा और धोखाधड़ी से बचाव के उपायों पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। इसमें साइबर सुरक्षा के बुनियादी नियम, सुरक्षित पासवर्ड का उपयोग, ओटीपी की गोपनीयता बनाए रखना और संदिग्ध लिंक से सावधानी बरतने के बारे में जानकारी दी गई। समिति की सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि यह प्रशिक्षण केवल जानकारी तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को व्यावहारिक रूप से सक्षम बनाने का एक सशक्त प्रयास है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन की अपेक्षा जताई।


जानकारी देते जिम्मेदार। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**राठ।** जरिया गांव निवासी बलराम पुत्र राजेश ने अपने घर की अटारी में साड़ी के फंदे से फांसी लगा ली। सोमवार सुबह जब परिजनों ने उसे मृत अवस्था में देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। परिजनों ने बताया कि बलराम अपने पिता की लगभग दो बीघा कृषि भूमि पर खेती करके परिवार का भरण-पोषण करता था। उन्होंने कहा कि आर्थिक तंगी के चलते उसने यह कदम उठाया है।

### बोर्ड परीक्षाओं की सभी तैयारियां पूरी

**बिवांर।** मुस्करा विकासखंड के उमरी के शाश्वत शांति इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षाओं को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। केंद्र व्यवस्थापक ने परीक्षा ड्यूटी में तैनात सभी शिक्षकों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। सोमवार को सुबह से ही परीक्षार्थियों की प्रवेश पत्र लेने के लिए भीड़ एकत्र हो गई। केंद्र व्यवस्थापक अनिल कुमार पालीवाल ने बताया कि पीने के पानी, शौचालय, सीसीटीवी कैमरा वॉइस रिकॉर्डर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली गई हैं। पहली पाली सुबह 8:30 बजे से 11:45 बजे तक, वहीं दूसरी पाली शाम 2:00 बजे से 5:15 तक आयोजित की जाएगी।

### दबंग ने घर में घुसकर मां और बेटी को पीटा

**सुमेरपुर।** इंगोहटा निवासी प्रमोद कुमार कोरी ने पुलिस को दिए गए शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री 14 फरवरी की रात 9:00 बजे अपने भाई को खाना देने जा रही थी तभी गांव के निवासी शालू खान ने उसे रास्ते में रोककर गाली-गलौज करने लगा मना करने पर गला दबाकर मारने का प्रयास किया शोर शराबा सुनकर पत्नी सोमवती ने बीच बचाव किया कुछ देर बाद शालू खान घर में घुस आया और लाठियों से पत्नी सोमवती पुत्री गायत्री को पीटकर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने दलित उत्पीड़न एक्ट एवं मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट

**कुरारा।** क्षेत्र के बेरी गांव निवासी मोहर सिंह पुत्र घसीटा ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीते 13 फरवरी को मेरा भाई बृजेंद्र पाल अपने दो साथियों के साथ बाइक से जा रहा था। तभी देवीगंज गांव के पास ट्रैक्टर चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक में सवार बृजेंद्र पाल व उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां उपचार के दौरान बृजेंद्र पाल की मौत हो गई थी। पीड़ित भाई की तहरीर पर पुलिस ने ट्रैक्टर नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### भंडारे के साथ विष्णु महायज्ञ का समापन

**बिवांर।** दयालदास बाबा के मंदिर परिसर में विष्णु महायज्ञ के समापन पर भोले शंकर की बारात के बाद सोमवार को सुबह से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें पहले गांव की कन्याओं को भोजन कराया गया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश सिंह भदौरिया ने कन्याओं के भोजन के बाद दक्षिणा देकर विदाई किया। कन्या भोज के बाद साधु-संतों के भोज का आयोजन किया गया। दो दर्जन से अधिक आए साधु संत ने बम बम भोले के जयकारा लगाते हुए भंडारे में भोजन कर अपने हाथ को उठाकर गांव में खुशहाली सुख समृद्धि के बने रहने का आशीर्वाद दिया। भंडारा सुबह से देर रात तक चलता रहा।

### जगराता के बाद कन्या भोज

**मौदहा।** महाशिवरात्रि पर्व की रात कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि जागरण कर ओम नम: शिवाय का जाप करते हुए महादेव को प्रसन्न करने के लिए पूजा अर्चना के बाद सोमवार को कन्या भोज व भंडारे का आयोजन किया गया। महादेव को प्रसन्न करने के लिए सन्यासियों व शिव भक्तों ने अलग-अलग तरीके से ध्यान साधना कर दूसरे दिन प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खण्डेह में प्राचीन शिवालय मंदिर में रात्रि को जागरण कार्यक्रम के बाद सुबह कन्या भोज व भंडारे का आयोजन किया। इचौली, गुरदहा, सिसोलर, करहिया, छिरका, अरतरा सहित कई गांवों में भंडारे का आयोजन किया गया। कस्बे के पावर हाउस के पास शिवशक्ति मंदिर में राजनारायण गुप्ता, कुंवर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में अन्नी बाबा ने फात्तेपुर महाकाल मंदिर मांगी पुरवा, टिकरी बुजुर्ग के गढ़ेश्वर मंदिर में राजकुमार सिंह ने कन्या भोज के बाद भण्डारे का आयोजन किया।

# कबूतरबाजों के पाक से संपर्क होने का आरोप

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे सहित क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को विदेश में अच्छी नौकरी का झांसा देकर विदेश भेज कर अरबों रुपये की अवैध सम्पत्ति बनाने वाले कबूतर बाज के पाकिस्तानी एजेंटों से सम्पर्क की बात कह मुख्यमंत्री से आरोपी की गिरफ्तारी और संपत्ति सीज करने की गुहार लगाई है।

कस्बे के बड़ा चौराहा निवासी शिक्षित बेरोजगार युवक शमीम उद्दीन पुत्र फैयाज उद्दीन ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मिलकर बताया कि कस्बे के मोहल्ला उपरौस निवासी कबूतर बाज सैफुल हयात ने शिक्षित बेरोजगार युवाओं को विदेश भेजकर अरबों रुपये की अवैध सम्पत्ति अर्जित की है। इतना ही नहीं पीड़ित ने मुख्यमंत्री से बताया कि आरोपी के संबंध पाकिस्तानी एजेंटों से भी हैं। पीड़ित ने आरोपी की गिरफ्तारी और संपत्ति सीज करने की मांग की है। जिस पर मुख्यमंत्री ने संज्ञान लिया है और कार्यवाही का आश्वासन दिया है। वहीं इस मामले में क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा लिखा है लेकिन पीड़ित कोतवाली आकर बयान नहीं दे रहा और यहां वहां शिकायत कर रहा है।

बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र में कबूतरबाजों का साम्राज्य है और आए दिन कबूतर बाजों के खिलाफ शिकायत आती रहती हैं। लेकिन यदा कदा अगर इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हो जाता है तो आरोपियों की शाख के चलते कार्यवाही रुक जाती है। जबकि कोतवाली में कभी भी किसी कबूतरबाज की गिरफ्तारी होने की जानकारी नहीं हो सकी है।

# ब्लैकमेलिंग से आहत सर्राफ ने किया आत्महत्या का प्रयास

- गुस्साए सराफा कारोबारियों ने दुकानें बंद कर किया प्रदर्शन
- सराफा व्यवसायी अस्पताल में भर्ती, जांच की उठाई गई मांग

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** ग्राहक की ब्लैक मेलिंग से आहत शहर के एक सराफा व्यापारी ने रविवार को जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। इस घटना से नाराज सराफा व्यवसाइयों और व्यापार मंडल ने दुकानें बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंप दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की।

शहर के सर्राफा कारोबारी भाइयों के खिलाफ गिरवी रखे गए सोने के गहनों को वापस न करने की दर्ज की गई एफआईआर के 16वें दिन एक भाई सुरेंद्र सोनी ने रविवार को तनाव के चलते चूहा मार दवा खा ली। हालत बिगड़ने पर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उसे कानपुर रेफर किया गया है। परिजनों ने एफआईआर दर्ज कराने वाले प्रांशु गुप्ता सहित तीन लोगों पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। उधर जहर खाने से पूर्व सर्राफा कारोबारी का खुद से बनाया वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

वीडियो में इस कदम के लिए शहर के सुनराही गली हाथी दरवाजा निवासी प्रांशु गुप्ता, उसके पिता सत्य प्रकाश गुप्ता, उसकी मां उर्मिला गुप्ता को जिम्मेदार ठहराया है। इस घटना से गुस्साए सर्राफा कारोबारियों ने सोमवार को अपने अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश ओमर ने एसपी डॉ.दीक्षा शर्मा को दिए शिकायती पत्र में बताया कि शहर स्थित ॐ ज्वेलर्स के मालिक सुरेन्द्र सोनी व राजेन्द्र सोनी उनके संगठन के सक्रिय सदस्य व पदाधिकारी हैं। आरोप लगाते हुए बताया कि बीते 02 माह से सुनराही गली हाथी दरवाजा निवासी सत्य प्रकाश गुप्ता, उनकी पत्नी उर्मिला गुप्ता व पुत्र प्रान्शू गुप्ता उनके प्रतिष्ठान में अभद्रता एवं धमकी देकर गलत तरीके से मुकदमे में फंसाने के लिए प्रताड़ित कर रहें है। जिससे व्यापारी सुरेंद्र सोनी मानसिक रूप से तनाव में है तथा संपूर्ण परिवार अवसाद की स्थिति में चल रहा है।

इसी के चलते रविवार को सुरेन्द्र सोनी ने जहरीला पदार्थ खा कर आत्महत्या का प्रयास किया। कानपुर के किसी अस्पताल में वह जीवन के लिए संघर्षरत है। उन्होंने उक्त प्रकरण की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। इस मौके पर नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रकाश गुप्ता ऊर्फ धीरू, संजय गुप्ता, राकेश साहू,जय किशोर गुप्ता,अमित कुमार, संदेश सचान, आशुतोष सोनी, अंशू सोनी, प्रिंस सोनी सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।



जिला अस्पताल में भर्ती सराफा व्यापारी। अमृत विचार

### 30 जनवरी को लिखी गई थी एफआईआर

**हमीरपुर।** शहर के सुनराही गली आर्य समाज मंदिर निवासी प्रांशु गुप्ता की तहरीर पर 30 जनवरी को ग्वालटोली मोहल्ला निवासी सर्राफा कारोबारी सुरेंद्र कुमार सोनी और इसके भाई राजेंद्र कुमार सोनी के विरुद्ध गंभीर धोखाधड़ी से संबंधित बीएनएस की धारा 318 (4) और आपराधिक विश्वासघात की धारा 316 (2) के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी।

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से मामा की मौत, भांजा घायल

## मुस्करा कस्बे में थाने से चंद कदम दूर हुआ हादसा, पुलिस ने ट्रक-चालक को पकड़ा

- बड़ी बेटी के कन्यादान का सामान खरीदने के लिए आया था बाजार
- हादसे की खबर पहुंचते ही घर में खुशियों की जगह मचा कोहराम

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** बेटी के मंडप के दिन कन्यादान का सामान लेने बाजार आए पिता की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, जिससे शादी की खुशियां मातम में बदल गई। जहां एक ओर बेटी हाथ पीले किए बैठी रही तो वहीं दूसरी ओर मंडप के दिन पिता की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, जिससे घर में खुशियों की जगह मातम पसर गया है।

पड़ोसी महोबा जनपद के कराहरा गांव निवासी देवकरन ने बताया कि वह सोमवार को लगभग 3 बजे खरेला थाना क्षेत्र के बसौठ गांव निवासी अपने मामा सिद्धगोपाल (50) पुत्र घंसू कुशवाहा के साथ मामा की बेटी कोमल की शादी के लिए मंडप वाले दिन मुस्करा कस्बे की बाजार कन्यादान का सामान खरीदने के लिए आया था। हमीरपुर रोड पर थाना गेट से आगे सामने उनकी बाइक में ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे मामा सिद्धगोपाल बुरी तरह घायल होकर गिर गया। साथ में वह भी घायल हो गया। आनन-फानन में लोगों ने दोनों घायलों को कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया, जहां सिद्ध गोपाल को देखते ही डॉक्टर संतोष राजपूत ने मृत घोषित कर दिया, वहीं भांजे देवकरन को मामूली चोटें आईं।

परिजनों को घटना की सूचना मिलने पर चीख पुकार मच गई। सारे रिश्तेदार सीएचसी में एकत्र हो गए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक को ड्राइवर समेत मौके पर ही पकड़ लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश तिवारी ने बताया कि ट्रक को ड्राइवर समेत पकड़ लिया गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



सिद्ध गोपाल ।



हादसे के बाद घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

### कल आनी थी बारात फिलहाल टली शादी

सड़क हादसे का शिकार हुए सिद्धगोपाल की तीन बेटियां और एक बेटा है। इनमें से बड़ी बेटी कोमल की शादी 18 फरवरी को राठ कस्बे के एक गेस्ट हाउस में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन में होनी थी। कोमल की शादी मुस्करा थाना क्षेत्र के पहाड़ी भिटारी गांव निवासी बलराम के पुत्र हरेंद्र के साथ तय हुई थी। सिद्धगोपाल के पुत्र संदीप ने बताया कि उसकी तीन बहनों में से बड़ी बहन कोमल की शादी का आज मंडप था। इसके बाद दो बहनें साक्षी और पिंकी हैं। भूमिहीन परिवाह है। सिद्धगोपाल ईंट भट्ठों में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। सिद्धगोपाल के समधी बलराम का कहना है कि इस दुख की घड़ी में वह परिवार के साथ हैं। फिलहाल शादी टल गई है, मगर बाद में तिथि मुकर्रर कर अपने बेटे की शादी कोमल से ही करेंगे।



जिलाधिकारी को ज्ञापन देते दो गांवों के किसान। अमृत विचार

# हाईवे की भूमि का सर्किल रेट बढ़ाने की उठाई मांग

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** ग्रीनफील्ड हाईवे के लिए चिह्नित जमीन का सर्किल रेट बढ़वाने और 8 गुना मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर दो गांवों के किसानों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा।

सदर तहसील के हेलापुर और चंदुलीतीर के किसानों ने दिए ज्ञापन में बताया कि उनकी आजीविका का एक मात्र साधन किसानी है।बताया कि उनके खेत राष्ट्रीय राजमार्ग में चिन्हित कर लिए गए है,जिसका सर्किल रेट कम है। पुराने सर्किल रेट से यदि उनको मुआवजा मिलता है तो सभी किसान भुखमरी की कगार पर पहुंच जाएंगे साथ ही उन्हें मजबूरन पलायन करना पड़ेगा। उन्होंने उनके खेत का सर्किल रेट बढ़ाने के साथ साथ 8 गुना मुआवजा दिलाने की मांग की है। इस मौके पर शिवकुमार, मूलचंद, रामकरण, जगजीत, रामबरन, उमेश चंद्र, रामशंकर, देवी दयाल आदि किसान मौजूद रहे।

# अमेरिकी ट्रेड डील पर किसानों के हितों की रक्षा करने की उठाई मांग

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** ट्रेड डील पर गहरी चिंता व आशंकाओं के कारण आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अपने साथियों के साथ राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपते हुए देश के किसानों के हितों की रक्षा की मांग की है।

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता, गुलाम मोहम्मद, आदित्य प्रजापति, इमामुद्दीन, साबिर, अनिल विश्वकर्मा, बलराम सिंह, श्याम प्रकाश आदि कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पहुंचे तहसीलदार शेखर मिश्रा को ज्ञापन सौंपते हुए देश हित में अमेरिका से हुए ट्रेड डील पर आशंकाएं व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुछ भारतीय उद्योग समूह गौतम अडानी के विरुद्ध जांच समन और वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित कार्रवाई चल रही है। ऐसे समय में जब देश के प्रमुख उद्योगपति गौतम अडानी को अमेरिका में समन जारी होने के प्रोग्राम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम आने जैसी घटनाएं सामने आई तब मोदी ट्रंप के ट्रेड डील के समय संवेदनशीलता और इसके पीछे की प्राथमिकताओं पर स्वाभाविक प्रश्न चिन्ह उठते हैं। जिससे इस देश विरोधी मोदी ट्रंप ट्रेड डील को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने की मांग की गई। जिससे देश के करोड़ों किसानों के हितों की रक्षा की जा सके।



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते आप कार्यकर्ता। अमृत विचार

# तात्या टोपे की जयंती पर याद आई वीरता

**सुमेरपुर।** वर्णिता संस्था की ओर से अध्यक्ष डॉ. भवानीदीन ने महान सूरमा तात्या टोपे की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कहा कि सही मायने में तात्या टोपे आजादी के संघर्ष के एक समर्पित योद्धा थे।

उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उनका जन्म 16 फरवरी 1814 महाराष्ट्र के पटौदा के निकट येवला में पांडुरंग त्र्यंबकं भट्ट के घर हुआ था। मां का नाम रुक्मिणी बाई था। वह प्रारम्भ से ही देशसेवी सोच के थे, देश की स्वाधीनता संघर्ष के पहले सत्तावनी समय में तात्या की प्रभावी भूमिका थी। इनकी रानी लक्ष्मीबाई, नाना साहब, कुंवर साहब और तात्या टोपे नामक संघर्षी चौकड़ी बहुत काबिले तारिफ थी। तात्या ने कई बार गोरों के छक्के छुड़ाए, इनके साथ इनके मित्र ने ही भितरघात कर इन्हें गिरफ्तार करवा दिया था। उन्हें 18 अप्रैल 1859 को फांसी दे दी गई थी।

# यूजीसी के समर्थन में जुलूस

- ओबीसी, एससी-एसटी संयुक्त मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के ब्रह्मानंद महाविद्यालय से यूजीसी के समर्थन में एक आंदोलनकारी जुलूस निकाला गया। ओबीसी, एससी एसटी संयुक्त मोर्चा के तहत सैकड़ों की संख्या में लोगों ने नारेबाजी करते हुए जुलूस निकालकर व प्रदर्शन कर राठ तहसील में उप जिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार को ज्ञापन सौंपा।

धर्मपाल सिंह जखेड़ी व सपा के सत्यपाल यादव ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा यूजीसी विनियमों पर लगाए गए स्टे को तत्काल हटाने के लिए संवैधानिक एवं विधिक प्रयास किए जाएं। समता दूत, समता स्क्वाड एवं मॉनिटरिंग कमेटी की नियुक्ति के लिए रोस्टर प्रणाली निर्धारित की जाए। ताकि सबका पर्याप्त प्रतिनिधित्व निष्पक्ष, पारदर्शी एवं संवैधानिक आरक्षण नीति के अनुरूप हो। सभी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण व्यवस्था का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से शिक्षकों, अधिकारियों एवं प्रशासनिक पदों पर। समता विनियमों को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (IIT), भारतीय प्रबंधन संस्थानों (IIM) तथा सभी केंद्रीय, राज्य एवं निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में स्पष्ट अनिवार्य रूप से लागू करने के लिए एक पृथक एवं तत्काल अधिनियम संसद से पारित कराया जाए। ओबीसी एएसी एसटी के लोगों ने भारत सरकार से यह मांग की है। ज्ञापन के दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सत्यपाल यादव, दुष्यंत राजपूत, रमेश चंद्र राजपूत, मनीराम पासवान, चेतराम पासवान, धर्मपाल राजपूत, दिनेश प्रधान व दानिश खान सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।




एसडीएम को ज्ञापन सौंपते संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी। अमृत विचार

महाशिवरात्रि की धूम | सुमेरपुर कस्बे में नयनाभिराम झांकियों के साथ निकाली गई भव्य शिव बारात

# गाजे-बाजे के साथ बारात लेकर निकले भोले शंकर

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** रविवार की रात अमरनाथ सेवा संस्थान की ओर से कस्बे में नयनाभिराम झांकियों के साथ गाजे बाजे संग भव्य शिव बारात निकालकर विशाल भंडारा कराया गया। बारात का जगह जगह पर भव्य स्वागत किया गया।

रविवार की रात कस्बे की सुराही मंदिर से अमरनाथ सेवा संस्थान के नेतृत्व में भव्य शिव बारात गांजे बाजे के साथ निकाली गई। बारात का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने किया। बारात सुराही मंदिर से कमलेश तिराहा, लक्ष्मी बाई तिराहा, गैस एजेंसी मार्ग, नरही मार्ग से गुजरकर नेहा चौराहा से हाईवे पर पहुंची। इसके बाद यहां से बस स्टैंड, देवगांव चौराहा, विंध्यवासिनी मार्ग होते हुए सुराही मंदिर में संपन्न हुई। यहां पर शिव तांडव के बाद समापन करके विशाल भंडारा कराया गया। शिव बारात को संपन्न कराने में संस्थान के अध्यक्ष सीताराम गुप्ता, महासचिव अजय उर्फ कल्लू यादव, राजेश शिवहरे, डॉ.अनिल पांडे, टोनी गुप्ता, डॉ.शिवम गुप्ता, डॉ.राहुल, छोटू सिंह, उदय यादव, विक्की यादव, मोनू गुप्ता आदि ने अहम भूमिका निभाई।

**दूसरे दिन मंदिरों में लंगर:** हमीरपुर शहर के दो शिवालयों में दूसरे दिन सोमवार को भंडारा हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद चखा। मंदिर परिसर पहुंची महिला श्रदालुओं ने जमकर श्रमदान किया।

यमुना नदी किनारे स्थित संगमेश्वर व पातालेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के दूसरे दिन सोमवार को विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। पातालेश्वर बाबा कमेटी के सदस्यों ने बताया कि महाशिवरात्रि के दूसरे दिन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कमेटी के द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने जमकर भंडारे का प्रसाद चखा है। इस दौरान महिला श्रद्धालुओं ने जमकर श्रमदान किया है,साथ ही भोले के भक्तों ने दान किया है। वहीं संगमेश्वर महादेव मंदिर में भी विशाल भंडारा का आयोजन हुआ। यहां आस पास के गांवो के भोले बाबा के भक्तों ने जमकर प्रसाद ग्रहण किया।



बारात में शिव की झांकी। अमृत विचार



शिव बारात में शामिल राधा-कृष्ण की झांकी। अमृत विचार



न्यायाधीश को भगवान राम का चित्र देते अधिवक्ता। अमृत विचार

# परिवार न्यायालय के न्यायाधीश के स्थानांतरण पर भावभीनी विदाई दी

**हमीरपुर।** जिला जज परिवार न्यायालय के न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश सिंह के स्थानांतरण पर सोमवार को अधिवक्ताओं ने उन्हें माल्यार्पण कर स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

उनका स्थानांतरण बिजनौर हुआ है। वह अदालत में आने वाले परिवारवाद से संबंधित फैसलों को कोर्ट में आपसी सुलह समझौते के आधार पर कराकर मुकदमों का निस्तारण कर बिछड़े परिवारों को मिलाने का काम करते थे। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन महामंत्री अश्वनी कुमार प्रजापति, अजय पालीवाल, दीपक चक्रवर्ती, राजेश सिंह, महिपाल प्रजापति, मुकेश सोनकर, संजय अवस्थी, राम सिंह राजपूत आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पानी टैंकर पलटने से लगा भीषण जाम

**महोबा।** शहर के नैकापुरा मुहाल में पानी की किल्लत को दूर करने के लिए नगर पालिका टैंकरों से पानी की सप्लाई कर रही। सोमवार को नगर पालिका का एक टैंकर हवेली दरवाजा की चढ़ाई पर पहुंचा था। पानी खत्म होने के बाद चालक उसे मोड़कर वापस ले जा रहा था, तभी टैंकर पलट गया। चालक ने कूदकर जान बचाई। बीच रोड पर टैंकर पलटने के बाद दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लगने से जाम की स्थिति पैदा हो गई। करीब एक घंटे तक भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। किसी तरह टैंकर को रास्ते से हटाया, तब कहीं जाकर एक एक कर वाहन निकल सके।

### आज मोदी ग्राउंड में लगेगा रोजगार मेला

**महोबा।** सेवायोजना विभाग, माडल कॅरियर सेंटर, आईटीआई, कौशल विकास मिशन के संयुक्त ततवावधान में 17 फरवरी को मोदी ग्राउंड में चल रहे सूर्य महोत्सव में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें साक्षात्कार से चयन होगा। रोजगार सहायता अधिकारी आकांक्षा वाजपेयी ने बताया कि मेला सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इस मेले में एस्कार्ट कुबोरा ट्रैक्टर, टाटा मोटर्स लि., जेके टायर्स, जुपीटर्स लेमीनेटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्र स्वराज ट्रैक्टर, किलोस्टर, फैरोस ओलीवर लि., एसडीपी एडुटेक, जीएमपी, माईक्रो सीमलैस, माईलस्टोन गियर्स आदि कंपनी प्रतिभाग कर रही हैं।

### बैंकों में चलाया गया चेकिंग अभियान

**महोबा।** सोमवार को कोतवाली पुलिस ने बैंक में चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस टीम ने बैंकों के अंदर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक में आने जाने वाले ग्राहकों से पूछताछ कर वाहनों की जांच की। बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा गार्डों की तैनाती व अन्य सुरक्षा प्रबन्धों का भी निरीक्षण किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए। क्षेत्राधिकारियों ने थाना क्षेत्रों में बैंक चेकिंग की।

# कबरई में खेल मैदान बनाने की मांग

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**



सदन में चर्चा करते एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर। अमृत विचार

- एमएलसी ने 30 हजार से अधिक आबादी वाले कस्बे में खेल मैदान की सदन में उठाई मांग

**अमृत विचार।** विधान परिषद बजट सत्र में नियम 110 के तहत जिले के औद्योगिक क्षेत्र नगर होने के बाद भ एक भी खेल का मैदान नहीं है, जिससे यहां के युवाओं और बच्चों को फुटबाल, क्रिकेट जैसे कोई भी खेल खेलने का मौका नहीं मिल पाता है। यहां के बच्चे और युवा विभिन्न खेलों से वंचित होते जा रहे हैं, जबकि शिक्षण कार्य के साथ साथ खेलकूद भी जरुरी है। एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने कबरई नगरी क्षेत्र में एक खेल मैदान स्थापित कराए जाने का सदन में मुद्दा उठाया।

बच्चों और युवाओं को खेल के लिए सरकार का ध्यान अकर्षिक कराते हुए एमएलसी ने कस्बा कबरई में खेल मैदान की व्यवस्था कराए जाने के लिए जोरदार तरीके से मांग की, जिससे युवाओं के सामाजिक उत्थान को देखते हुए खेल मैदान की स्थापना कराए जाने की बात कही। एमएलसी ने कहा कि आज कल गांव गांव में मिनी स्टेडियम और खेल मैदानों की व्यवस्था करने के लिए सरकार गंभीर है, लेकिन 30 हजार से अधिक आबादी वाले कस्बा कबरई में एक भी खेल मैदान न होने के मामले को सदन में उठाया और इस पर चर्चा कराए जाने की भी मांग की, जिस पर सभापति ने इस संबन्ध में आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित भी किया है।

# बाइक रैली निकालकर मांगा बिजली और पानी

**संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)**

- विभिन्न मांगों को लेकर किसानों ने निकाली बाइक रैली
- उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप निस्तारण की उठाई मांग



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्रों में नमामि गंगे योजना के तहत कई दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप होने सहित किसानों की तमाम समस्याओं को लेकर बुन्देलखण्ड किसान यूनियन ने कस्बे में बाइक रैली निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। बाद में किसानों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ प्रदीप कुमार को सौंपा। एसडीएम ने किसानों से ज्ञापन लेकर उच्चाधिकारियों को भेजे जाने का आश्वासन दिया।

एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि विकासखंड पनवाड़ी के लोहर गांव, कोटरा, बिहार, कोनिया सहित आधा दर्जन गांवों में कई दिनों से नमामि गंगे योजना के तहत की जाने वाली पेयजल आपूर्ति बंद है। इससे ग्रामीणों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली न मिलने जैसी कई समस्याओं को लेकर किसानों ने बाइक रैली के जरिए विरोध जताया। बताया कि अधिकारियों को कई बार अवगत कराने के बाद भी समस्याओं का निस्तारण होने पर विवश होकर आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ा।

बुंदेलखंड किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव अखिलेश रावत, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष किरण पाठक, बालाजी, सहित संगठन के लोगों ने ग्राम रगोलिया चौराहा से कुलपहाड़ तक बाइक रैली निकालकर प्रदर्शन करते हुए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि नमामि गंगे योजना के तहत की जाने वाली सप्लाई को उसे चालू कराया जाए, ग्रामों में रोस्टर के हिसाब से विद्युत सप्लाई की जाए, अतिवृष्टि का अवशेष पैसा किसानों के खाते में डालने एवं जैतपुर श्रीनगर तिराहे पर लगने वाली मांस मदिरा की दुकानों को अविलंब हटाए जाने की मांग की है।

# टेस्टिंग के दूसरे दिन ओवरहेड टैंक में दरार

## जल जीवन मिशन के तहत जैतपुर विकास खंड क्षेत्र की नगाराडांग ग्राम पंचायत में बनाई गई पानी की टंकी

**संवाददाता, बेलाताल (महोबा)**



ओवरहेड टैंक की दरार से बहता पानी। अमृत विचार

- ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों के साथ मिलकर डीएम को सौंपा ज्ञापन
- ग्रामीणों को एक बूंद पानी मिला नहीं और पहले ही खुली पोलो

### ओवरफ्लो होने से बह रहा पानी: एक्सईएन

जल निगम (ग्रामीण) के अधिशाषी अभियंता संदेश सिंह तोमर ने एक विज्ञप्ति में बताया कि नगाराडांग गांव में पानी की टंकी का निर्माण धवर्रा सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था एससीएल एएमसी जेवी ने वर्ष 2025 में पूर्ण कराया था। पिछले दस माह से ओरहेड टैंक (शिरोपरि जलाशय) से नगाराडांग व अन्य ग्रामों में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। स्थलीय जांच से पता चला है कि ओवरहेड टैंक में कोई भी स्ट्रक्चरल क्षति नहीं है, बल्कि ओवर फ्लो होने के कारण टंकी के ऊपरी हिस्से से पानी बह रहा है। गुणवत्ता की जांच थर्ड पार्टी इंस्पेक्सन एजेन्सी सेन्सिस ने की थी। धवर्रा सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना वर्तमान में ट्रायल एंड रन के अन्तर्गत संचालित है।

**अमृत विचार।** जिले में जल जीवन मिशन और नमामि गंगे के तहत लोगों की पानी मयस्सर कराने के लिए पाइप लाइन और टंकियों का निर्माण कराया गया है। योजना के तहत बिछाई गई पाइप लाइन आए दिन टूटने और लीकेज होने के कारण लोगों को कई-कई दिन पानी नसीब नहीं हो पाता है। अब हाल यह है कि नवनिर्मित पानी की टंकियों से सप्लाई शुरू होने के पहले ही ओवरहेड टैंक में दरार आने से पानी बहने लगा है।

जहां हा, इसका जीता जागता उदाहरण जैतपुर विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत नगाराडांग में देखने को मिला, जहां पर पाइन लाइन बिछाने के बाद टेस्टिंग करने के दूसरे दिन ही टंकी का सारा पानी बहकर बर्बाद होने लगा। विभाग की इस योजना में गंभीर अनियमितताएं बरते जाने से ग्रामीणों में चर्चा का बाजार गर्म है। ग्राम प्रधान ने इस संबन्ध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्यदायी संस्था के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम पंचायत नगराड़ांग में जल जीवन मिशन एवं नमामि गंगे के तहत संचालित हर घर जल योजना में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। योजना के तहत कार्यदायी संस्था के कर्मचारियों ने गांव में एक दिन पहले पाइपलाइन बिछाकर उसका कनेक्शन ओवरहेड टैंक से करने के बाद उसकी टेस्टिंग की। टेस्टिंग के दिन सब कुछ ठीक रहा लेकिन दूसरे दिन ओवरहेड टेंक के बीच में दरार आने से पानी तेजी से साथ बहकर नीचे गिरने लगा, जिसे देख ग्रामीण डर गए कि कहीं टंकी धरशायी न हो जाए। सुरक्षा की दृष्टि के चलते लोगों का वहां आना जाना से मना कर दिया गया है। इस संबन्ध में जब ग्राम प्रधान गायत्री देवी को जानकारी हुई तो उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर डीएम गजल भारद्वाज के अलावा एडीएम (नमामि गंगे) मुईनुलइस्लाम को शिकायती पत्र सौंपा। शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए बताया कि कार्यदायी संस्था ने मानकविहीन और घटिया निर्माण कार्य कराया गया, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया साथ ही ग्रामीणों में पेयजल संकट बढ़ सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते निर्माण की गुणवत्ता की जांच नहीं की गई तो भविष्य में ऐसी घटनाएं जनहानि का कारण भी बन सकती हैं। ज्ञापन में ग्राम प्रधान के अलावा गौरीशंकर राजपूत, अशोक राजपूत, पप्पू साहू, मोहम्मद हकीम, सोनू, प्रदीप राजपूत आदि ने अधिकारियों से उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 148 मरीजों का इलाज

**संवाददाता, बेलाताल (महोबा)**

- जैतपुर विकास खंड के अजरन खमा और आकौन रो आरोग्य मंदिर में लगाया गया शिविर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के तहत सप्ताह में एक दिन विकासखंड जैतपुर के अजनर, खमा और आकौना आरोग्य मंदिर में स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जाता है। इस मेले में स्वास्थ्य विभाग की टीम ग्रामीण मरीजों का पंजीयन करने के बाद उनका चेकअप कर उन्हें आवश्यकतानुसार निशुल्क दवाओं का वितरण करते हैं। निशुल्क चेकअप के चलते शिविर में लोगों की भारी भीड़ जुटी है और सरकार की योजना का लाभ लेते हैं। इस दफा के स्वास्थ्य शिविर में 148 मरीजों का परीक्षण किया गया।

मुख्य चिकित्साधिकारी महोबा डॉ. आशाराम के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर के अधीक्षक डॉ. पवन राजपूत की देखरेख में अजनर, खमा एवं अकौना के आरोग्ध मंदिर में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। अजनर में आयोजित शिविर में डॉ. जितेन्द्र कुमार, डॉ. वैशाली सोनी, डॉ. रामकुमार लैब टेक्नीशियन शैलेन्द्र की देखरेख में 47 मरीजों की स्वास्थ्य जांच करने के बाद उन्हें निःशुल्क दवाएं दी गई। उधर अकौना के मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में स्वास्थ्य टीम ने 49 मरीजों से स्वास्थ्य संबन्धी जानकारी लेकर उनका हालचाल जाना और चेकअप कर इलाज किया।

खमा आरोग्ध मंदिर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में डॉ. प्रेम नारायण शर्मा, डॉ. शैलेंद्र सिंह एवं डॉ. जेपी पास्तौर के अलावा स्टाफ नर्स किरण, एएनएम उमा देवी व भानकुंवर की टीम ने 52 मरीजो पंजीयन करने के बाद स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाओ और स्वास्थ्य संबन्धी सुझाव दिए। मेले में उल्टी, पेट दर्द, सर्दी, जुकाम, बुखार, खासी व अन्य मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या ज्यादा रही।

# प्रधानों-सचिवों को तकनीकी प्रशिक्षण

**संवाददाता, बेलाताल (महोबा)**



प्रशिक्षण में शामिल ग्राम प्रधान और पंचायच सचिव। अमृत विचार

- राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार योजना के तहत ब्लाक में प्रशिक्षण

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारियों, रोजगार सेवको का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी संतराम ने की। प्रशिक्षण दौरान ग्राम प्रधानों और सचिवों को पोर्टल संबन्धी तकनीकी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में शामिल हुए प्रतिभागियों को आनलाइन भुगतान, प्रणाली पदार्शिता और तकनीकी दक्षता का ज्ञान कराया गया।

प्रशिक्षक नितीन ने बताया कि एसएनए स्पर्श क्या है यह कैसे काम करता है, पीएफएमएस के मुख्य कार्य मेकर चेकर का प्रोफाइल पंजीयन एवं डीएससी पंजीयन, पीएफएमएस पर रिपोटिंग और एसएनए स्पर्श पर भुगतान की प्रक्रिया का ज्ञान कराया गया साथ ही उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करना है, जिसके तहत 2022-2026 तक जमीनी स्तर पर सतत विकास लक्ष्यों एसडीजीएस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यह योजना केंद्र और राज्य के साथ निर्वाचित प्रतिनिधियों के क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता पर ध्यान केंद्रित करती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खंड विकास अधिकारी ने कहा कि तकनीकी रुप से वित्तीय साक्षारता होना प्रतिभागियों को आवश्यक है तथा प्रशिक्षण से सभी को वित्तीय साक्षरता की जानकारी मिलती है। इस मौके पर सचिव अरविंद पाठक, दयाशंकर जायसवाल, हर्षिक नगायच, पुष्पेंद्र बहादुर सिंह, अर्चना गुत्ता, कामता प्रसाद, ग्राम प्रधान विमलेश मिश्रा, जैतपुर प्रधान छोटेलाल, ग्राम प्रधान मबईया सहित तमाम ग्रामीण क्षेत्र के रोजगार सेवक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रिसोर्स सेंटर की मैनेजर प्राची गुप्ता ने किया।

# 15 दिवसीय सिद्ध बाबा मेले का शुभारंभ

**बेलाताल।** कस्बे के डबरा ग्राउंड में 15 वर्ष बाद एक बार फिर श्रीश्री सिद्ध बाबा मेला महोत्सव शुरू हुआ। मुख्य अतिथि प्रधान भगारी सुभाष दीक्षित ने फीता काटकर उद्घाटन किया। लगातार दस दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में दंगल प्रतियोगिता भी होगी। रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

मुख्य अतिथि ने कहा कि यह मेला आस्था और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है, जिसे निरंतर बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। मेले में टेंट व्यवस्था हरी सिंह राजपूत ने की, जबकि मेला संरक्षक फूलसिंह यादव दरोबा, अध्यक्ष फूलसिंह, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सक्सेना, पूर्व प्रधान धर्मपाल सिंह राजपूत, ग्राम प्रधान अजनर नन्हेराम अनुरागी, समाज सेवी अमित तिवारी, एस पाठक, समिति अध्यक्ष राकेश दुबे सुरेन्द्र राजपूत, जगदीश, अयूब खान, सुरेन्द्र अहिरवार, देवकरन, नूर मोहम्मद आदि उपस्थित रहे।

# डूब क्षेत्र की सुविधाओं के लिए किया प्रदर्शन

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**



सोमवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते गंज गांव के ग्रामीण। अमृत विचार

- डीएम को ज्ञापन सौंपकर अर्जुन सहायक परियोजना का लाभ दिलाए जाने की उठाई मांग

**अमृत विचार।** अर्जुन सहायक परियोजना के अंतर्गत आने वाले कबरई बांध का उच्चीकरण हो जाने के कारण वहां के कुछ गांव को डूब क्षेत्र में आने से यहां के ग्रामीणों को मुआवजा न मिलने से परेशान हैं। गंज गांव के ग्रामीणों ने इस मुद्दे को उठाते हुए कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए महत्वाकांक्षी अर्जुन सहायक परियोजना के अंतर्गत लाभ दिलाए जाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही योजना का लाभ नहीं दिया जाता तो ग्रामीण धरना देने को मजबूर हो जाएंगे।

जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में गंज गांव के ग्रामीणों ने बताया कि अर्जुन सहायक परियोजना अंतर्गत कबरई बांध का उच्चीकरण हो जाने के कारण डूब क्षेत्र में आने वाले झिरसहेबा, गुगौरा गांव को पूर्णतः डूब क्षेत्र में शामिल किया जबकि अलीपुरा के 422 परिवारों को डूब क्षेत्र में रखा गया। बताया कि गंज गांव के साथ सौतेला व्यवहार कर कुल 260 परिवारों को लिया गया, जबकि वर्षा और बांध से छोड़ा गया पानी पूरे गांव में भर जाता है, जिससे ग्रामीणों के घरों में जीव जन्तु आदि प्रवेश कर जाते है, जिससे आएदिन कोई न कोई अप्रिय घटना घटित होती रहती है। बताया कि ग्रामीण भय के कारण रात को सही से सो भी नहीं पाते है साथ ही रहन सहन व आवागमन में तमाम समस्याएं उपन्न हो रही हैं। ज्ञापन में बताया कि सिंचाई विभाग ने सन् 2009 में एक बोर्ड लगवाया था, जिसमें ग्रामीणों को जानकारी दी गई थी कि कोई भी गांव में नया निर्माण कार्य आदि न कराए, क्योंकि आपका संपूर्ण गंज गांव डूब क्षेत्र में है। बताया कि इस सर्वे 2018ऋ19 में सिंचाई विभाग ने किया और इसके बाद सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना का आज तक लाभ नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से योजना के तहत लाभ दिलाए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में साहिल, संतराम, रामकृपाल, सुरेश कुमार द्विवेदी, कढोरी, आजाद, अरविंद, रामवीर सिंह, सत्तार, सूखभान सिंह, संजय द्विवेदी, चंद्रिका प्रसाद, राजीव, प्रदीप, कैलाश सहित तमाम ग्रामीण शामिल हैं।

**सूर्य महोत्सव** | भजन गायकों ने माहौल को बनाया भक्तिमय, कत्थक नृत्यांगना ने अपनी कला से महफिल में बांधी समा

# कत्थक नृत्य के साथ भजनों में झूम उठे बुंदेले

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**



रंग मंच पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार



आल्हा गायन करते वंशगोपाल।

**अमृत विचार।** सूर्य महोत्सव में रविवार की शाम भजन गायकों के नाम रही। हमीरपुर से भजन गायक मलय सोनकर और बावला ब्लाइंड स्टार ग्रुप महोबा ने भजनों की शानदार प्रस्तुति से माहौल को भक्तिमय कर दिया। भजन सुनकर श्रोता पंडाल में ही भजन गुनगुनाते रहे। वहीं आल्हा गायक वंशगोपाल यादव ने आल्हा की चौपाई सुनाकर श्रोताओं में जोश भर दिया और आल्हा ऊदल की याद को आल्हा गायन के जरिए ताजा कर दिया।

फर्रुखाबाद से आई अंजली चौहान ने शानदार कत्थक नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। कत्थक नृत्य देखने के लिए लोग शांति से डटे रहे और घूंघरु की थाप पर कत्थक नृत्य का आनंद लिया। सर्दी के मौसम में कत्थक नृत्यका पसीने से पानी पीनी हो गई। द हिलियन्स ग्रुप ने शिव बारात और सूर्य की भगवान की बेहतर प्रस्तुति देकर दर्शको की खूब वाहवाही लूटी। इसके बाद स्कूली बच्चों ने भी अपनी शानदार कला की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

बुंदेलखंड में आज भी आल्हा गान के शौकीनों की कमी नहीं है। आल्हा गायन के कार्यक्रम की खबर लगते ही दर्शकों से पंडाल भर गया। आल्हा गायन सुनने के लिए शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के सबसे ज्यादा लोग दिखाई दिए, जिन्होंने आल्हा गायन का खूब लुत्फ उठाया। आल्हा सम्राट वंशगोपाल यादव ने आल्हा गायन बुंदेलखंड की प्रसिद्ध वीर गाथा सुनाई, जिसे जगनिक द्वारा रचित' परमाल रासो' के आधार पर ऊँचे स्वर में गया। उन्होंने आल्हा गायन के जरिए आल्हा ऊदल की वीरता और 52 लड़ाइयों का वर्णन किया, जिसमें ढोलक और नगाड़े के साथ बुंदेली अवधी मिश्रित भाषा का प्रयोग किया। गायक ने इसका सबसे प्रसिद्ध छंद "बारह बरिस लै कूकर जीवै, अरु तेरह लौ जियै सियार, बरस अठारह छत्री जीवै, आगे जीवन को धिक्कार सुनाकर लोगों में जोश भर दिया।

### दर्शकों को खूब भा रही पर्यटन प्रदर्शनी

सूर्य महोत्सव में पर्यटन विभाग की प्रदर्शनी लोगों को खूब रास आ रही है। जिले के विविध पर्यटन स्थलों के साथ साथ प्रदेश के पर्यटन स्थलों की प्रदर्शनी के माध्यम से जानकारी मिल रही है। जिले की विविध पर्यटन परियोजनाओं का ज्ञान भी पर्यटन प्रदर्शनी से प्राप्त् हो रहा है। पर्यटन नीति 2022 के अंतर्गत होटल, रिसोट आदि की स्थापना के संबन्ध में पर्यटन विभाग की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, इसके अतिरिक्त बेड एंड ब्रेकफास्ट और होस्टे नीति 2025 के पंपलेट और ब्रोसर भी वितरित किए गए। पर्यटन प्रदर्शनी में जिला पर्यटन सूचना अधिकारी का विशेष सहयोग रहा।

# जूनियर विद्यालय में इसरो लैब खुली

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**



लैब के उपकरण देखतीं डीएम गजल भारद्वाज और बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कबरई ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय रतौली में सोमवार को इसरो के निदेशक डॉ. नीलेश एम. देसाई और डीएम गजल भारद्वाज ने इसरो लैब का उद्घाटन किया। डीएम, खनिज और बेसिक शिक्षा विभाग के प्रयासों से जूनियर विद्यालय रतौली, बरीपुरा, लिलवाही, ज्योरइया, सिजरिया, मवई और छिकहरा सहित सात विद्यालयों में इसरो लैब खुली।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय रतौली में कार्यक्रम संपन्न हुआ। जहां पर सात जूनियर विद्यालयों में इसरो लैब की व्यवस्था करने के बाद फरवरी माह के अंत तक जिले के 33 विद्यालयों में इसका कार्य पूर्ण करके विद्यालयों में लैब बनाकर समर्पित कर दी जाएगी। इसके बाद मुख्य अतिथि ने सूर्य महोत्सव में पहुंचकर राष्ट्रीय आविष्कार अभियान का अनावरण एवं निरीक्षण कर जायजा लिया साथ ही सूर्य महोत्सव के मंच पर बाल संवाद का अयोजन किया गया, जिसमें तीन हजार छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि ने इसरो की कार्यप्रणाली, उपगृह विज्ञान, राकेट विज्ञान के संदर्भ में अत्यन्त उपयोगी प्रस्तुतीकरण किया गया। इसके पश्चात छात्रों से सीधा संवाद किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण अंचल के बच्चों को वैज्ञानिक उपकरण, स्पेस व अन्य वैज्ञानिक यंत्रों के उपयोग एवं जानने की प्रवृत्ति को बढ़ाने पर जोर दिया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अध्यापकों से अपील की, कि वह इस लैब के माध्यम से बच्चों को अन्तरिक्ष के गूढ़ रहस्यों के बारे में वैज्ञानिक तरीके से सटीक जानकारी प्राप्त करायें। उन्होंने कहा कि बच्चों को स्पेस लैब के प्रयोग से बच्चों में नई सोच व नई ऊर्जा का विकास होगा। कार्यक्रम में इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिक, दीपक सिंह, आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल अजीत कुमार, डीआईजी चित्रकूट धाम मंडल राजेश एस, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी आदि लोग मौजूद रहे।

# मऊ और राजापुर तहसीलों में तालाबों की संख्या बढ़ी

## तालाबों में अतिक्रमण पर 77 मुकदमे विचाराधीन, प्रशासनिक व कानूनी कार्रवाई जारी

अभिनव राज त्रिपाठी,मऊ चित्रकूट

**अमृत विचार।** जल संरक्षण की दिशा में जिले की मऊ और राजापुर तहसीलों से सकारात्मक संकेत मिले हैं। वर्ष 2005 (1412 फसली) से वर्तमान खतौनी (1432 फसली) तक के तुलनात्मक आंकड़ों में दोनों तहसीलों में तालाबों की संख्या और क्षेत्रफल में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालांकि कुछ तालाबों पर अतिक्रमण और निर्माण के मामले भी सामने आए हैं, जिन पर प्रशासनिक व कानूनी कार्रवाई जारी है।

**मऊ तहसील : 20 वर्षों में 10 तालाब बढ़े :** मऊ तहसील के कुल 175 राजस्व ग्रामों में 1359 फसली खसरा के अनुसार 553 तालाब दर्ज थे, जिनका कुल रकबा 469.558 हेक्टेयर था। वर्तमान खतौनी के अनुसार तालाबों की संख्या बढ़कर 644 हो गई है और उनका कुल रकबा 588.617 हेक्टेयर दर्ज है। वर्ष 2005 (1412 फसली) में मऊ तहसील में 634 तालाब थे, जिनका रकबा 569.722 हेक्टेयर था। वर्तमान में यह संख्या बढ़कर 644 हो गई है और रकबा 588.617 हेक्टेयर हो गया है। इसका अर्थ यह कि 20 वर्षों में 10 तालाबों की वृद्धि तथा लगभग 18.895 हेक्टेयर क्षेत्रफल में इजाफा दर्ज किया गया है। उपजिलाधिकारी कार्यालय के पत्र के अनुसार, 22 तालाब (5.772 हेक्टेयर) मौके पर समतल पाए गए हैं, जिनकी दोबारा खुदाई कर जल संरक्षण क्षमता बढ़ाई जा सकती है।


मऊ तहसील। अमृत विचार


तालाब की प्रतीकात्मक फोटो। अमृत विचार

### जल संरक्षण की दिशा में उम्मीद

- दोनों तहसीलों में तालाबों की संख्या और रकबे में वृद्धि जल संरक्षण के प्रति प्रशासनिक प्रयासों का परिणाम मानी जा रही है। साथ ही अतिक्रमण के मामलों में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 67 के अंतर्गत की जा रही देर से कार्रवाई पर लोगों में नाराजगी भी है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समतल पड़े तालाबों की समयबद्ध खुदाई और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रभावी ढंग से पूरी की जाए, तो क्षेत्र में भूजल स्तर सुधारने और किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण लाभ मिल सकता है।

### एसडीएम बोले, की जा रही है कार्रवाई

- वाटर बॉडीज में अतिक्रमण के संबंध में विचाराधीन मुकदमों पर उपजिलाधिकारी मऊ राम ऋषि रमन ने अतिक्रमण पर कड़ी कार्रवाई की बात कही। उन्होंने बताया कि इन मामलों में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

### अतिक्रमण की स्थिति

- सात तालाबों में अतिक्रमण पाया गया है।
- एक तालाब के आंशिक भाग पर आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है।
- एक तालाब के हिस्से पर उच्च प्राथमिक विद्यालय निर्मित है।
- पांच तालाबों पर 30–40 वर्ष पुरानी आबादी बसी हुई है।
- एक तालाब से संबंधित अवैध कब्जे का वाद धारा 67 के अंतर्गत तहसीलदार न्यायालय में विचाराधीन है।

### अतिक्रमण व हुई कार्रवाई

- तीन तालाबों में अतिक्रमण पाया गया है।
- दो तालाबों के 0.456 हेक्टेयर क्षेत्र में विद्यालय का निर्माण हुआ है।
- तीन तालाबों से संबंधित प्रकरण उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 67 के अंतर्गत विचाराधीन हैं।
- वाटर बॉडीज में अतिक्रमण से जुड़े कुल 76 मुकदमे तहसीलदार न्यायालय में विचाराधीन हैं।

### राजापुर तहसील : 27 तालाबों की हुई बढ़ोतरी, सात पर हुआ अतिक्रमण

- राजापुर तहसील के कुल 165 राजस्व ग्रामों में से 132 ग्रामों में 1359 फसली खसरा के अनुसार 985 तालाब दर्ज थे, जिनका रकबा 449.42 हेक्टेयर था। वर्तमान खतौनी में तालाबों की संख्या बढ़कर 1098 हो गई है और कुल रकबा 459.434 हेक्टेयर दर्ज है। कार्यालय के अनुसार, वर्ष 2005 में यहां 1071 तालाब थे, जिनका क्षेत्रफल 448.18 हेक्टेयर था। वर्तमान में यह संख्या 1098 हो गई है और क्षेत्रफल 459.434 हेक्टेयर है। इस प्रकार 20 वर्षों में 27 तालाबों की वृद्धि तथा लगभग 11.254 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 30 तालाब (6.425 हेक्टेयर) मौके पर समतल पाए गए हैं, जिनकी खुदाई कर पुनर्जीवित किए जाने की आवश्यकता बताई गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### कंपोजिट विद्यालय से टीकाकरण अभियान शुरू

**चित्रकूट।** मिजिल्स रूबेला टीकाकरण अभियान के तहत सोमवार को कंपोजिट विद्यालय नया बाजार में टीकाकरण सत्र का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी ने बताया कि टीकाकरण अभियान 27 फरवरी तक चलाया जाएगा। कंपोजिट विद्यालय में बीएसए बीके शर्मा और एसीएमओ डॉ. जीआर रतमेले ने इसका उद्घाटन किया। सीएमओ ने अभिभावकों से अपील की कि वे पांच से 10 वर्ष तक के ज्यादा से ज्यादा बच्चों को एमआर का टीकाकरण कराए जाने में सहयोग करें।

### विकास कार्यों की प्रथम किस्त अवमुक्त

**चित्रकूट।** डीएम पुलकित गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनांतर्गत नगर पंचायत राजापुर (सीमा विस्तारित) में कराए जाने वाले विकास/निर्माण कार्यों के लिए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की धनराशि 2,99,97000 रुपये के सापेक्ष प्रथम किस्त के रूप में 1,49,99,000 रुपये नगर पंचायत के लिए शासन ने अवमुक्त की है। डीएम ने ईओ को निर्देश दिए कि स्वीकृत धनराशि से स्वीकृत विकास कार्यों को अविलंब कराया जाए, जिससे आमजनमानस को योजना का लाभ मिल सके।

### ड्यूटी में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : एसपी

**सीतापुर।** एसपी अरुण कुमार सिंह ने फाल्गुन मास की अमावस्या के संबंध में सोमवार को पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक की। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिए कि ड्यूटी के प्रति लापरवाही करने पर संबंधित कर्मचारी की रिपोर्ट दी जाए।

बैठक में एएसपी सत्यपाल सिंह भी मौजूद रहे। एसपी ने कहा कि पुलिसकर्मी ड्यूटी स्थल पर तैनात रहकर मेले को सकुशल संपन्न कराएं। बताया कि पुलिस को तीन जोन व 10 सेक्टरों में बांटा गया है। इनमें सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट के अलावा चार पुलिस सीओ, 13 थाना प्रभारी निरीक्षक/ निरीक्षक, 80 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, 215 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल, 48 महिला कांस्टेबल, तीन उपनिरीक्षक यातायात, 22 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल यातायात, दो उप निरीक्षक एलआईयू, छह हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल एलआईयू, एक डॉग स्क्वायड,पीएससी की एक प्लाटून फोर्स,एक प्लाटून फ्लड कंपनी की ड्यूटी लगाई गई है। इस मौके पर सीओ राजापुर राजकमल, पुलिस उपाधीक्षक फायर यदुनाथ सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली श्याम प्रताप पटेल, प्रभारी निरीक्षक भरतकूप उपेंद्र प्रताप सिंह आदि रहे।


पहलवानों के हाथ मिलवाकर दंगल की शुरुआत कराते ब्रजभूषण शरण सिंह।

## पहलवानों ने दंगल में दिखाये दांवपेच

**राजापुर (चित्रकूट)।** सिद्धाश्रम शिव बाबा मंदिर प्रांगण में दंगल का आयोजन हुआ। पुरुषों के साथ महिला पहलवानों ने भी अपनी कुश्ती कला का प्रदर्शन किया।

पूर्व सांसद एवं भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को संयोजक राकेश द्विवेदी व कमेटी के सदस्यों ने चांदी का गदा, श्रीरामचरितमानस, श्रीफल भेंट किया। बृजभूषण सिंह ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर दंगल शुरू कराया। दंगल संयोजक राकेश द्विवेदी ने कहा कि विलुप्त होती कुश्ती कला को पुनर्जीवित करने के लिए प्रतिवर्ष दंगल का आयोजन किया जाता है। वाराणसी के किशन चौबे ने गोंडा के आयुष, वाराणसी के प्रवीण ने बागपत के आकाश खोखर को हराया। नंदनी नगर के दीपांशु ने वाराणसी के सौरभ,दीपांशु ने कार्तिक,अभिषेक ने शमशेर,सेना जवान अनुज तोमर ने अनुज कुमार को, सौरभ ने मनोहर को हराया। इसी प्रकार महिला पहलवानों में कानपुर की मोनिका ने जौनपुर की जानशी, आरती ने रचना, सोनम ने वर्षा को हराया। 75 से 86 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल मुकाबले में सेना जवान अनुज तोमर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 86 से 95 किलोग्राम भार वर्ग के लीग मुकाबलों में किशन चौबे, आयुष, प्रवीण, आकाश, बादल,रामसिंह ने भाग लिया।

## डीएम ने मिलेट्स जागरूकता वैन को दिखाई हरी झंडी

**चित्रकूट।** मिलेट्स की खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सोमवार को श्रीअन्न प्रचार वाहन को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मिलेट्स को आहार में शामिल करने से कई खनिज तत्वों व पोषक तत्वों की पूर्ति होती है।

जिला कृषि अधिकारी राजपति शुक्ल ने बताया कि यह जागरूकता वाहन वीडियो के माध्यम से श्रीअन्न के बारे में रोचक प्रस्तुति के माध्यम से लोगों को जागरूक करेगा। इस दौरान राजकुमार उप कृषि निदेशक, डा. रंजीत सरोज, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।


जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग।

## स्टेट बैंक में आवेदनों के लंबित होने पर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने सोमवार को सीएम युवा योजना में आवंटित लक्ष्य की समीक्षा बैठक की। स्टेट बैंक के सबसे अधिक 86 आवेदन लंबित पाए जाने पर सीडीओ ने कार्यप्रणाली पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और लंबित आवेदनों को एक सप्ताह के अंदर निस्तारित करने के निर्देश दिए।

सीडीओ ने कहा कि योजना का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है, लेकिन इस तरह के उदासीन रवैये से प्रगति में बाधा उत्पन्न किया जाना गंभीर विषय है। समीक्षा के दौरान बैंक ऑफ महाराष्ट्रा, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब एंड सिंध बैंक एवं यूको बैंक की स्थिति ठीक पाई गई। सीडीओ ने इनमें निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कम आवेदन भेजने पर युवा फेलो को स्थिति सुधार के लिए निर्देशित किया। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक, सहायक आयुक्त उद्योग, सीएम युवा फेलो- जुबेर एवं बरमदीन, संबंधित बैंकों के शाखा प्रबंधक आदि मौजूद रहे।

### बैंकों की लक्ष्य संबंधी वर्तमान स्थिति

| बैंक का नाम | निर्धारित लक्ष्य | उद्योग विभाग द्वारा प्रेषित आवेदन | कुल स्वीकृत | कुल लंबित आवेदन |
|---|---|---|---|---|
| बैंक ऑफ महाराष्ट्रा | 20 | 19 | 14 | 1 |
| सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया | 20 | 17 | 11 | 3 |
| पंजाब एंड सिंध बैंक | 20 | 21 | 16 | 1 |
| एसबीआई | 135 | 253 | 75 | 86 |
| यूको बैंक | 20 | 19 | 11 | 2 |


कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

**रामनगर।** विकास खंड की ग्राम पंचायत सिरावलमाफी के राजकीय हाईस्कूल में वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत पत्रकार सुनील पांडेय एवं प्रधानाचार्य डॉ. मोनिका यादव ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। पत्रकार हरी नारायण पांडेय ने आजमगढ़ में आयोजित वालीबाल प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं रोशनी, शिवानी, राखी देवी को पुरस्कृत किया। छात्रों सुभाष, सुमित, शनि, राहुल का भी उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान ग्राम सिरावल माफी के प्रधान प्रतिनिधि सत्य नारायण सिंह, शिक्षिका अंकिता पांडेय, कमल सिंह, सुभाष सिंह, राजदीप, नागेंद्र, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## डीएम के निर्देश पर पहुंचे एक्सईएन, ग्रामीणों से की बात

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम अरछा बरेठी में पयस्वनी नदी की कटान से प्रभावित बस्ती को बचाने के लिए ग्रामीणों ने समाजसेवी शंकर प्रसाद यादव की अगुवाई में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया था। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देश पर सोमवार को सिंचाई विभाग के एक्सईएन एसके प्रसाद, जेई जयप्रकाश के साथ ग्राम अरछा बरेठी पहुंचे और नदी के किनारे बसी बस्ती को देखा। पूर्व प्रधान सुमेर सिंह ने बताया कि यह गांव वर्षों से बाढ़ से प्रभावित रहा है। जब भी बाढ़ आती है, दर्जनों घर ध्वस्त हो जाते हैं। बाढ़ से अब तक एक सैकड़ा लोग प्रभावित हुए हैं और यहां से पलायन कर अन्यत्र रहने के लिए मजबूर हैं। खेतों और फसलों को भी क्षति पहुंच रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कटानरोधी काम न कराया गया तो गांव अपना अस्तित्व खो सकता है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि इस संबंध में वह अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपेंगे और अधिकारियों से भी वार्ता करेंगे, जैसा जिलाधिकारी और उच्चाधिकारियों का निर्देश होगा, कार्रवाई की जाएगी।

## रेफर सेंटर बन गए हैं सरकारी अस्पताल : प्रधान

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट


अनिल प्रधान।

- सदर विधायक ने सदन में उठाया स्वास्थ्य सेवाओं का मुद्दा

**अमृत विचार।** सदर विधायक अनिल प्रधान ने सोमवार को विधानसभा में जिले की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला चित्रकूट में संयुक्त जिला चिकित्सालय सहित अन्य सरकारी अस्पताल रेफर सेंटर बनकर रह गए हैं।

सपा विधायक ने बताया कि जिले में मेडिकल कालेज की मांग की जा रही है। उन्होंने खुद कई बार सदन में यह मांग रखी है। इस संबंध में मंत्री का रटा रटाया जवाब मिलता है कि 16 जिलों में पीपीपी माडल से मेडिकल कालेज स्थापना का शासनादेश जारी किया जा चुका है। पर जनता यह सवाल पूछ रही है कि कालेज कब बनेगा, कब चालू होगा। उन्होंने सदन को यह भी बताया कि मेडिकल कालेज की स्थापना के लिए युवाओं ने आमरण अनशन किया, खून से मुख्यमंत्री को पत्र लिखे। मेडिकल कालेज संबंधी सवाल पर संबंधित मंत्री के जवाब कि इसकी जगह 200 बेड वाले अस्पताल से पूर्ति हो रही है, से असंतुष्ट सदर विधायक ने कहा कि जिस अस्पताल की आप बात कर रहे हैं, वह भी रेफर सेंटर है। इस दौरान उन्होंने यह भी पूछा कि जिला अस्पताल में आइसोलेशन वार्ड, कैंसर अस्पताल की स्थापना कब की जाएगी।

### क्या पर्यटन विभाग के कामों की जांच होगी

- सदर विधायक ने अतारांकित प्रश्न के तहत जिले में पर्यटन विभाग द्वारा एक अप्रैल 2022 से आठ जनवरी 2026 तक कराए गए कामों का विवरण, वित्तीय स्वीकृति, कार्यदायी संस्थाओं का विवरण मांगा। उन्होंने पूछा कि सरकार इन कामों में हुई अनियमितता और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए क्या टीएसी जांच कराएगी।


परीक्षा कंट्रोल रूम का मुआयना करते एसडीएम सौरभ यादव। अमृत विचार

## एसडीएम ने कंट्रोल रूम का किया मुआयना

**चित्रकूट।** एसडीएम सौरभ यादव ने सोमवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित बोर्ड परीक्षा कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। कंट्रोल रूम प्रभारी ने 40 परीक्षा केंद्रों के डीवीआर, सीसीटीवी कैमरा के संचालन को देखा। कक्षाओं की व्यवस्था में कैमरों का दिखना, विद्यालय परिसर एवं कक्षाओं की सफाई, पेयजल, फर्नीचर, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय आदि व्यवस्थाओं को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, परीक्षा प्रभारी फूलचंद आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
पहले मेरा नाम ZABIYA KHATOON था अब मैने बदलकर अपना नाम JABIYA KHATOON रख लिया है भविष्य में मुझे JABIYA KHATOON के नाम से जाना व पहचाना जाए। W/O- ABDUL AZIZ R/O- 119/VILL AND POST KAHLA MALIHABAD RAHIMABAD, LUCKNOW

सूचना
मेरा पुत्र वरूण कुमार पाण्डेय एवं वरुण पाण्डेय (पुत्र स्व अरुण कुमार पाण्डेय),दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। **श्रीमती बीना पाण्डेय पत्नी स्व अरुण कुमार पाण्डेय पता 323, आदर्श नगर जे0 के0 कालोनी कालोनी कानपुर नगर**

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम AMIT JAISWAL था से बदलकर AMIT KUMAR JAISWAL रख लिया है। अब मुझे AMIT KUMAR JAISWAL के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-AMAR KUMAR JAISWAL ADD-954/397E-13, MEERAPUR VTC ALLAHABAD DIST-PRAYAGRAJ-211003

सूचना
मेरी पुत्री विधी मिश्रा के पासपोर्ट सं0–V0254030 में त्रुटिवश मेरा नाम PREET MISHRA अंकित हो गया है। इसे संशोधित कर मेरा सही नाम PREETI MISHRA लिखा व पढ़ा जाये। **प्रीति मिश्रा पत्नी राजेश कुमार मिश्र, नि0–54, मानस विहार कालोनी, सर्वोदय नगर, इंदिरा नगर, लखनऊ। पिन कोड–226016**

सूचना
मैं **काजी क़ाज़ी मसीउद्दीन पुत्र मोहम्मद युनुस निवासी–ग्राम भगवाभीट थाना पूराकलन्दर तहसील सदर जिला अयोध्या,** मेरा पूर्व में नाम क़ाज़ी मसीउद्दीन सिद्दीकी था। जबकि मेरा नाम आधार कार्ड में क़ाज़ी मसीउद्दीन है, जो सही है। अतः मुझे मेरे संशोधित नाम क़ाज़ी मसीउद्दीन के नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जाय।

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
मेरे पुत्र MOHAMMAD FAHEEM के पासपोर्ट संख्या– पी 8619200 में त्रुटि वश मेरा नाम HAFIZ MOHAMMAD KALEEM अंकित हो गया है। इसे संशोधित कर मेरा सही नाम MOHAMMAD KALEEM लिखा व पढ़ा जाए। MOHAMMAD KALEEM पुत्र ABDUL KALEEM निवासी– 401/80, अब्दुल अजीज रोड, लखनऊ।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम आधार कार्ड में विवाह के पहले मोनी रस्तोगी पुत्री फूलचन्द्र रस्तोगी अंकित है, परन्तु अब विवाहोपरान्त मैने अपना नाम मीना कुमारी पत्नी दीपेश कुमार सोनी कर लिया है। **मोनी रस्तोगी पत्नी दीपेश कुमार सोनी निवासी-टेढ़ी बाजार, पर0 तह0 व जिला गोण्डा**

सूचना
अब्दुल रईस पुत्र अब्दुल सकूर तथा मो0 रहीस पुत्र मो0 सकूर, निवासी 86 चौराहा पूर्वी नई कालोनी, कछौना हरदोई दोनों नाम मेरे है दोनों नाम से मुझे जाना एवं पहचाना जाता है मेरी पत्नी रहीसा का बीमा पालसी संख्या 223327529 है।

सूचना
मैं **धोबी रेनूबेन धर्मपाल पत्नी धर्मपाल मूल निवासी ग्राम बदैयनखेड़ा पोस्ट पहुँतेरा तहसील बिलग्राम व जिला हरदोई अस्थाई निवासी जमुनादास नौ चाली नियर शुभलक्ष्मी फ्लैट, बापूनगर अहमदाबाद गुजरात।** मेरे पति की पालिसी जिसका नम्बर 223664109 है में मेरा नाम जनता देवी अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड पर मेरा वास्तविक नाम धोबी रेनूबेन धर्मपाल अंकित है। यहकि जनता देवी व धोबी रेनूबेन धर्मपाल दोनों मेरे ही नाम है। मुझे इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। इस नाम व बलदियत की कोई भी महिला मेरे पड़ोस में निवास नहीं करती है।

धर्म अध्यात्म

### रामायण मेला में दूसरे दिन रामकथा पर मनीषियों ने रखे अपने-अपने विचार

# वास्तविकता में अपनाए जाएं प्रभु राम के जीवन-आदर्श

संवाददाता, सीतापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय रामायण मेले के दूसरे दिन सोमवार को श्रीराम कथा पर विद्वानों ने अपने विचार रखे। मनीषियों का कहना था कि वर्तमान समय में प्रभु राम के आदर्शों को वास्तविकता में अपनाने की आवश्यकता है।

छिंदवाड़ा के सीताराम शरण रामयानी ने सत्संग की महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा कि परमात्मा की कृपा के बिना सत्संग नहीं मिलता। बिन सत्संग विवेक न होई रामकृपा बिन सुलभ न सोई। विभीषण भी हनुमान जी से कहते हैं, अब मोहि भा भरोस हनुमंता, बिन हरि कृपा मिलहिं नहिं संता। संत वह है जो दुसरों के दुख को देखकर दुखी हो जाए और संता वह है जो दूसरों के दुख को देखकर उसका निवारण करने का प्रयास करे।

रामलाल द्विवेदी प्राणेश ने श्रीरामचरित मानस को जीवन के संविधान सदृश बताया। अयोध्या के डॉ. हरि प्रसाद दुबे ने बताया कि प्राचीन बौद्ध साहित्य में रामकथा संबंधी तीन जातक सुरक्षित हैं। सबसे अधिक प्रसिद्ध दशरथ जातक है। अनाकम् जातकम् में रामकथा संदर्भित है।

सुल्तानपुर के डा. कृष्णमणि चतुर्वेदी मैत्रेय ने कहा कि इन दिनों हनुमान चलीसा की कुछ कुछ चौपाइयों में पाठ भेद की बात मुखर हो रही है। इसका समाधान प्राचीन प्रतियों के आधार पर होता रहा है। उन्होने बताया कि हनुमान चलीसा में 'शंकर सुवन केसरी नंदन' पाठ ही प्रामाणिक है। यह पाठ संवत् 1934 सन 1877 में लिपिबद्ध लाल बंद्री प्रसाद के हस्त लिखित हनुमान चलीसा से सिद्ध हो रहा है, जो मिति श्रावण बदी एकादशी सवत् 1934 गुरूवार को देशी कागज पर लिखी गई थी। इसका दूसरा प्रमाण प्रयागराज के संग्रहालय में रखे हनुमान चलीसा की प्राचीन प्रति में भी है। बबेरू के लक्ष्मी प्रसाद शर्मा ने कहा कि प्रेम से राम नाम लेने से मोह को जीता जा सकता है।

बांदा के रामप्रताप शुक्ल मानस किंकर ने कहा कि चित्रकूट धाम, जहां पर 53 वर्षों से इन पांच दिनों के लिए तीथों के राजा प्रयागराज का आगमन होता आ रहा है, आगे भी राष्ट्रीय रामायण मेला में होता रहेगा। डा. चंद्रिका प्रसाद दीक्षित ने कहा कि विघटन को रो कर समाज को सही दिशा प्रदान करने में चित्रकूट की संस्कृति ही कार्य कर सकती है। पत्रकार संदीप रिछारिया ने कहा कि चित्रकूट से ही धर्म जीवित है । गुवाहाटी के आचार्य देवेंद्र चंद्र दास सुदामा ने बताया कि कलयुग में नाम ही परम धर्म है। पवन कुमार सिंह सुल्तानपुर, ओम अनादि गुप्त अंबेडकरनगर, डा. मूलचंद्र शुक्ल उत्तराखंड, डा. रामप्यारे सुल्तानपुर आदि ने शोधपरक व्याख्यान दिए।


रामायण मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं कलाकार। अमृत विचार


गोष्ठी में विचार व्यक्त करते मनीषी। अमृत विचार

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा

- रविवार की रात सांस्कृतिक सभा में कलाकारों ने भरपूर मनोरंजन किया। लखनलाल यादव उनके साथी कलाकारों ने बुंदेली गीत गाए। शरद अनुरागी का आल्हा गायन, श्रद्धा निगम के नृत्य कला गृह के कलाकारों का निराला की रचना राम की शक्ति पूजा में नृत्य और अभिनय, लोकगायिका संजोली पांडेय के लोकगीतों ने देर तक दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। भूदेव शर्मा की मंडली द्वारा प्रस्तुत रासलीला से दर्शक भक्ति रस में डूब गए। अंजली खन्ना और प्रीती लाल लखनऊ के गीतों की लोगों ने प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन डा. करुणा शंकर द्विवेदी ने किया।



पहली और सबसे बड़ी जीत स्वयं पर विजय प्राप्त करना है।
-प्लेटो, दार्शनिक



# रहमान को कमान

आज तारिक रहमान के शपथ ग्रहण के साथ बांग्लादेश की सत्ता चुनी हुई सरकार के हाथों में होगी। इस बदलाव का सीधा असर हसीना के समय विकसित भारत–बांग्लादेश संबंधों पर पड़ेगा। शेख हसीना के दौर में सुरक्षा, कनेक्टिविटी और ऊर्जा सहयोग में प्रगति दक्षिण एशिया में सहयोग का मॉडल मानी गई। अब नई व्यवस्था भारत के लिए अवसर बनेगी या चुनौती यह भविष्य बताएगा। सकारात्मक पक्ष यह है कि तारिक रहमान और उनके सलाहकार सार्वजनिक रूप से 'रचनात्मक सहयोग' और 'नए सिरे से संबंध' की बात कर रहे हैं। इसका अर्थ पुराने ढांचे को तोड़े बिना राजनीतिक परिवर्तनों के अनुरूप समीकरणों का पुनर्संतुलन है।

नई सरकार की संतुलित संबंधों की बात को हमें असुरक्षा के बजाय परिपक्व कूटनीति के संकेत के रूप में लेना चाहिए। एक आत्मविश्वासी भारत अपने पड़ोसी की बहुध्रुवीय कूटनीति से विचलित नहीं होता, हालांकि नकारात्मक आयाम भी कम नहीं। बीएनपी की वैचारिक पृष्ठभूमि और जमात-ए-इस्लामी जैसे दलों का संभावित प्रभाव भारत के लिए चिंता का विषय है। जमात का ऐतिहासिक झुकाव पाकिस्तान की ओर रहा है और भारत-विरोधी बयानबाजी उसकी राजनीति का हिस्सा रही है। तारिक रहमान को घरेलू दबावों के बीच 'भारत के प्रति नरम' न दिखने की मजबूरी हो सकती है, जिससे सार्वजनिक रुख कठोर और व्यावहारिक सहयोग सीमित हो सकता है। 'नए सिरे से संबंध' की अभिव्यक्ति का तात्पर्य है कि ढाका द्विपक्षीय संबंधों में अधिक समता, पारदर्शिता और पारस्परिकता चाहता है। भारत को इसे व्यापार असंतुलन कम करने, निवेश को द्विदिश बनाने और लोगों-से-लोगों के संपर्क बढ़ाने के अवसर की तरह देखना चाहिए। तीस्ता नदी जल-बंटवारा समझौते का जटिल मुद्दा नई सरकार के साथ और कठिन हो सकता है, क्योंकि तारिक को घरेलू राष्ट्रवादी दबाव झेलने होंगे। इसी तरह, कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स—रेल, सड़क, बंदरगाह और ऊर्जा ग्रिड पर भी जमात का वैचारिक विरोध बाधा बन सकता है। सुरक्षा समन्वय, विशेषकर आतंकवाद-रोधी सहयोग और सीमा प्रबंधन, हसीना काल की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। यदि नई सरकार इस सहयोग को कमजोर करती है, तो पूर्वोत्तर भारत की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है, परंतु बांग्लादेश स्वयं भी उग्रवाद की पुनरावृत्ति नहीं चाहेगा; इसलिए सुरक्षा सहयोग की बुनियाद पूरी तरह ढहने की संभावना कम है। ढाका का बीजिंग या इस्लामाबाद की ओर झुकाव तभी सीमित होगा, जब नई दिल्ली भरोसे, संवेदनशीलता और व्यावहारिक लाभों पर आधारित संबंधों का नया अध्याय लिख सके। शेख हसीना की भारत में मौजूदगी और संभावित प्रत्यर्पण का प्रश्न राजनीतिक रूप से विस्फोटक है। प्रत्यर्पण विधिक प्रक्रिया और द्विपक्षीय संधियों पर निर्भर करेगा। यदि इसे राजनीतिक बदले की कार्रवाई के रूप में देखा गया, तो यह तारिक सरकार के लिए अंतर्राष्ट्रीय आलोचना का कारण बन सकता है। अल्पसंख्यक, विशेषकर हिंदू समुदाय की सुरक्षा नई सरकार की परीक्षा होगी।

यदि बीएनपी धर्मनिरपेक्षता के बजाय 'समानता' की भाषा अपनाती है, तो उसे यह सुनिश्चित करना होगा कि समानता का अर्थ बहुसंख्यक वर्चस्व न बन जाए। हिंसा से दूरी का सार्वजनिक संदेश अंतर्राष्ट्रीय छवि सुधारने का प्रयास भी हो सकता है।

## प्रसंगवश

# ब्रह्मांड की सरकार और धरती की राजनीति

आने वाली 19 मार्च से विक्रम संवत 2083 शुरू हो रहा है। ज्योतिषियों ने बताया है कि इस बार वर्ष के राजा देवगुरु बृहस्पति होंगे। सब लोग न ज्योतिषी हैं और न खगोल के जानकार। ग्रहों की गणना समझ से बाहर हो सकती है, लेकिन हर साल यह बात पढ़कर लोग ठहर जाते हैं। वर्ष के राजा के विचार में एक प्रतीक छिपा है, वह ध्यान खींचता है। इस विचार में सत्ता को लेकर एक ऐसी सोच छिपी है, जो हमारी रोजमर्रा की राजनीति से बिल्कुल अलग है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार हर नव संवत्सर के साथ सृष्टि की सत्ता बदलती है। एक ग्रह वर्ष का राजा बनता है, कोई मंत्री, कोई सेनापति, कोई वर्षा का अधिपति।

यह पूरी व्यवस्था प्रतीकात्मक है, लेकिन कल्पना कीजिए कि ऊपर कहीं तो यह मान लिया गया है कि सत्ता स्थायी नहीं होती। वह हर साल बदलती है। उत्तदायित्व परिवर्तित होते रहते हैं। कोई एक हमेशा के लिए नहीं बैठा रहता। यह विचार अपने आप में सुंदर है, क्योंकि हमारी धरती पर सत्ता अक्सर स्थायित्व चाहती है। यहां कुर्सी को पकड़ कर रखने की प्रवृत्ति स्वाभाविक मानी जाती है। हमारी परंपराओं में बदलाव स्वाभाविक ही नहीं है, बल्कि आवश्यक है। फिर भी बदलाव को जोखिम समझा जाता है। ज्योतिषीय मान्यताएं कहती हैं कि अगर बृहस्पति वर्ष के राजा हों तो ज्ञान, संतुलन और नैतिकता के संकेत माने जाते हैं।



अमरपाल सिंह वर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

अगर शनि हों तो अनुशासन और कठोर परिश्रम के संकेत। मंगल राजा हों तो ऊर्जा और संघर्ष होना तय है। इन मान्यताओं को कोई आस्था कहता है, कोई इन्हें सांस्कृतिक कल्पना के दायरे में रखता है, तो किसी की नजर में यह प्रतीकात्मक भाषा है। तमाम दृष्टियों के बावजूद एक बात तय है कि हर साल का स्वभाव अलग हो सकता है। हर समय एक जैसा नहीं होता।

धरती पर सत्ता का लोभ इस कदर हावी है कि हम अक्सर यह मान लेते हैं कि जो व्यवस्था आज है, वही अंतिम है। जो सोच अभी प्रबल है, वही स्थायी है, लेकिन कैलेंडर हर साल बदलकर यह स्मरण करवा देता है कि समय स्थिर नहीं है। अगर ग्रहों की कल्पित सत्ता बदल सकती है, तो मनुष्य की सत्ता क्यों नहीं? अगर ब्रह्मांड को हर साल नई दिशा दी जा सकती है, तो समाज में नई सोच क्यों नहीं आ सकती?

कई लोग तर्क-वितर्क करते हैं। ज्योतिष की सत्यता या असत्यता में उलझ जाते हैं, लेकिन बात उस प्रतीक की है, जो हमारी परंपराओं ने हमें दिए हैं। परंपराएं भूमिकाओं को अस्थायी करार देती हैं। यानी, आज जो राजा है, कल वह आम आदमी होगा। आज जो मंत्री बन उद्बोधन देता है, वह कल श्रोताओं की कतार में होगा। आज जो नीति नियंता है, निर्णय लेने में समक्ष है, कल उससे सवाल पूछे जाना अवश्यंभावी हैं, दरअसल जीवन भी कुछ ऐसा ही है। बचपन में पिता सवाल पूछते हैं, बड़ा होकर बेटा पूछने लगता है। कभी शिक्षक मंच पर होता है तो कभी शिष्य मंचासीन हो जाते हैं। कभी हम निर्णय लेते हैं, तो कभी निर्णय मानने के लिए बाध्य हो जाते हैं।

नव संवत्सर का विचार सकारात्मकता का भाव लेकर आता है। चाहे पिछले वर्ष में कितनी ही उलझनें रही हों, कितनी मुश्किलें आई हों, पर नव संवत्सर कहता है कि पुनः शुरुआत संभव है। विज्ञान कहता है कि अगर हर चक्र के उपरांत नया चक्र आने के प्रति कुदरत आश्वस्त रहती है, तो हममें यह आश्वासन का भाव क्यों नहीं होना चाहिए? लोग अक्सर बड़े सिद्धांतों में उलझ जाते हैं। सोशल मीडिया के दौर में यह सब अधिक हो गया है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# गिग-इकोनॉमी में सहकारिता की दस्तक






डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर

भारत टैक्सी को लेकर इस समय चर्चा आम है। कोई इसे ओला-उबर जैसी सेवाओं का सरकारी विकल्प बता रहा है, कोई गिग-इकोनॉमी में सरकार का एक प्रयास, तो कोई इसे टैक्सी बाज़ार में अनावश्यक सरकारी दखल कहकर खारिज कर देना चाहता है। इस शोर के बीच सबसे ज़रूरी बात यह है कि इस पहल को भावनात्मक या राजनीतिक चश्मे से नहीं, बल्कि उसके संस्थागत ढांचे, आर्थिक तर्क और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर समझा जाना चाहिए।

सहकारिता मंत्रालय के अधीन गठित सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा संचालित 'भारत टैक्सी' किसी निजी स्टार्ट-अप का विस्तार नहीं, बल्कि सहकारिता ढांचे में ऐप-आधारित राइड-हेलिंग का एक संस्थागत प्रयोग है। यह संस्था जून 2025 में मल्टी-स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटीज़ एक्ट, 2002 के तहत पंजीकृत हुई और कई बड़े सहकारी संगठनों की भागीदारी से इसका गठन हुआ। दिसंबर 2025 से यह दिल्ली-एनसीआर और गुजरात के कुछ शहरों में पायलट रूप में चल रही थी, जहां मंत्रालय के अनुसार रोज़ाना दस हज़ार से अधिक राइड पूरी हो रही थीं।

भारत टैक्सी के व्यावसायिक मॉडल का मूल अंतर उसके स्वामित्व ढांचे में है। निजी टैक्सी प्लेटफॉर्मों जैसे कि ओला-ऊबर में स्वामित्व निवेशकों के पास होता है और ड्राइवर स्वतंत्र कॉन्ट्रैक्टर के रूप में काम करते हैं। भारत टैक्सी में पंजीकृत ड्राइवरों, जिन्हें 'सारथी' कहा गया है, को सहकारी संस्था के सदस्य और शेयरधारक का दर्जा दिया जाने की बात कही गई है। न्यूनतम शेयर पूंजी के साथ वे संस्था में भागीदारी प्राप्त करते हैं और प्रतिनिधियों के चुनाव में हिस्सा लेते हैं। इसका अर्थ यह है कि प्लेटफॉर्म के स्वामित्व और लाभ के ढांचे में ड्राइवर को संस्थागत हिस्सेदारी देने का प्रयास किया गया है।

निजी प्लेटफॉर्म आम तौर पर प्रति राइड कमीशन पर आधारित होते हैं, जो कई बार 15 से 30 प्रतिशत तक पहुंच जाता है। भारत टैक्सी का घोषित ढांचा कमीशन-मुक्त है। कहा जा रहा है कि ड्राइवर से केवल सीमित सदस्यता शुल्क लिया जाएगा और किराये की पूरी राशि उसके खाते में जाएगी। सहकारी संस्था के पास जो अधिशेष रहेगा, वह भी अंततः सदस्यों की सामूहिक पूंजी का हिस्सा होगा। आय-वितरण के इस ढांचे का सीधा उद्देश्य ड्राइवर की शुद्ध आय बढ़ाना और प्लेटफॉर्म-लाभ में उसकी हिस्सेदारी सुनिश्चित करना है, हालांकि, केवल सदस्यता शुल्क से तकनीकी अवसंरचना का खर्च निकालना प्रबंधन के लिए एक चुनौती हो सकती है, जिसका उत्तर परिचालन के विस्तार में छिपा है।

यात्रियों के दृष्टिकोण से सबसे महत्वपूर्ण पहलू किराया-प्रणाली है। ऐप-आधारित सेवाओं की सबसे बड़ी आलोचना डायनेमिक या सर्ज प्राइसिंग को लेकर रही है, जिसमें मांग बढ़ने पर किराया कई गुना तक बढ़ जाता है। फिलहाल भारत टैक्सी में एल्गोरिद्मिक सर्ज प्राइसिंग नहीं रखने की नीति घोषित की गई है। इसके स्थान पर पारंपरिक मीटर-मॉडल की तरह सीमित कंजेशन सरचार्ज का प्रावधान है। उपलब्ध टैरिफ-संरचना के अनुसार न्यूनतम किराया, प्रति किलोमीटर दर, पिक-अप चार्ज और वेटिंग चार्ज पहले से निर्धारित हैं, जिससे किराये की पूर्वानुमेयता बढ़ती है।

प्रारंभिक आकलनों में यह अनुमान व्यक्त किया गया है कि कमीशन-मुक्त मॉडल के कारण किराये प्रतिस्पर्धी ऐप्स से कम हो सकते हैं, विशेषकर पीक आवर्स में। परंतु यह केवल अनुमानित तुलना है; किसी भी निष्कर्ष के लिए दीर्घकालिक परिचालन डेटा ही निर्णायक होगा। परिवहन-अर्थशास्त्र में वास्तविक लागत, राइड-वॉल्यूम और परिचालन दक्षता ही किराये के स्थायित्व को तय करते हैं।

ड्राइवर कल्याण के संदर्भ में भी कुछ ठोस प्रावधान सामने आए हैं। दुर्घटना और स्वास्थ्य बीमा कवर, ई-श्रम पंजीकरण तथा सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं से जुड़ाव जैसे कदम गिग-वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा का औपचारिक ढांचा तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण माने जा सकते हैं। भारत में गिग-इकोनॉमी का विस्तार तेज़ हुआ है, पर सामाजिक सुरक्षा उसी अनुपात में विकसित नहीं हो पाई। इस दृष्टि से यह मॉडल नीति-स्तर पर एक संरचनात्मक हस्तक्षेप का संकेत देता है।

इस सेवा की एक और उल्लेखनीय विशेषता इसका सार्वजनिक परिवहन तंत्र से संस्थागत एकीकरण का प्रयास भी शामिल है। मेट्रो स्टेशनों, एयरपोर्ट और अन्य परिवहन केंद्रों के साथ समझौतों के माध्यम से इसे फर्स्ट-माइल और लास्ट-माइल कनेक्टिविटी का औपचारिक हिस्सा बनाने की योजना बनाई गई है, हालांकि प्रतिस्पर्धा का संदर्भ भी उतना ही स्पष्ट है। निजी प्लेटफॉर्म वर्षों का परिचालन अनुभव, विशाल पूंजी, डेटा-आधारित एल्गोरिद्म और व्यापक उपयोगकर्ता आधार लेकर इस क्षेत्र में स्थापित हैं। किसी भी नए प्लेटफॉर्म के लिए सेवा-गुणवत्ता, ऐप-स्थिरता, राइड-मैचिंग और ड्राइवर-उपलब्धता के समान स्तर तक पहुंचना एक कठिन प्रक्रिया होती है। सहकारी ढांचे की सफलता भी इस बात पर निर्भर करेगी कि निर्णय-प्रक्रिया कितनी पारदर्शी और सदस्य-केंद्रित रहती है।

तथ्यों के आधार पर भारत टैक्सी को न तो तात्कालिक क्रांति कहा जा सकता है और न ही इसे साधारण सरकारी हस्तक्षेप के रूप में खारिज किया जा सकता है। इस प्रयोग का वास्तविक मूल्यांकन कुछ ठोस मापदंडों पर होगा। ड्राइवर की वास्तविक आय और सामाजिक सुरक्षा में परिवर्तन, यात्रियों के लिए किराया-स्थिरता और सेवा-गुणवत्ता, तथा सार्वजनिक परिवहन तंत्र के साथ इसका व्यावहारिक एकीकरण। यही वे संकेतक हैं, जो आने वाले समय में तय करेंगे कि भारत टैक्सी भारतीय शहरी परिवहन में संरचनात्मक बदलाव लाती है या केवल विकल्पों की सूची में एक और ऐप जोड़ती है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा संचालित 'भारत टैक्सी' किसी निजी स्टार्ट-अप का विस्तार नहीं, बल्कि सहकारिता ढांचे में ऐप-आधारित राइड-हेलिंग का एक संस्थागत प्रयोग है।

## आमने सामने



केरल भारत का एकमात्र राज्य है, जो गांधी जी के पदचिह्नों पर आगे बढ़ा है, जिसकी तरक्की हुई है। केरल असल में पंचायती राज वाला पहला राज्य है। वहीं कानून के मामले में देश का दूसरा सबसे अच्छा राज्य है। मुख्यमंत्री विजयन आगामी विधानसभा चुनाव में अपना पद बनाए रखेंगे।
-मणिशंकर अय्यर
कांग्रेस नेता

केरल के लोग ज्यादा जिम्मेदार और जवाबदेह शासन के लिए यूडीएफ को राज्य की सत्ता में वापस लाएंगे। इसमें कोई शक नहीं होना चाहिए। वे यह भी जानते हैं कि एलडीएफ और बीजेपी गुप्त पार्टनर हैं।
-जयराम रमेश
कांग्रेस नेता



# राज्यपाल का अभिभाषण व संवैधानिकता



डॉ. कैलाश चंद सैनी
पूर्व मुख्य अंवेषण एवं संदर्भ अधिकारी
राजस्थान विधानसभा

भारतीय संसदीय लोकतंत्र में राज्यपाल का पद केवल औपचारिकता का प्रतीक नहीं, बल्कि संघीय संतुलन और संवैधानिक निरंतरता का आधार स्तंभ है। संविधान निर्माताओं ने इस पद की परिकल्पना एक ऐसे तटस्थ अभिभावक के रूप में की थी, जो निर्वाचित सरकार और संघ के मध्य समन्वय का सेतु बने। इस पद की गरिमा निष्पक्षता और संवैधानिक मर्यादा में निहित है, किंतु वर्तमान में विभिन्न राज्यों, विशेषकर केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक के घटनाक्रमों ने इस भूमिका को पुनः विमर्श के केंद्र में ला दिया है।

कर्नाटक में राज्यपाल द्वारा संयुक्त सत्र के अभिभाषण की केवल दो पंक्तियां पढ़कर सदन से प्रस्थान करना, तमिलनाडु में मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदित अभिभाषण के कुछ अंशों को छोड़ना और केरल में नीतिगत असहमति व्यक्त करना- ये प्रसंग स्थापित संवैधानिक परंपराओं से विचलन के स्पष्ट संकेत हैं। इन घटनाओं से यह आभास होता है कि राज्यपाल स्वयं को निर्वाचित सरकार के समानांतर एक शक्ति-केंद्र के रूप में देख रहे हैं। यह प्रवृत्ति न केवल संसदीय शिष्टाचार के प्रतिकूल है, बल्कि संघीय ढांचे के भी प्रतिकूल प्रतीत होती है।

संविधान का अनुच्छेद 176 अनिवार्य करता है कि राज्यपाल प्रत्येक वर्ष के प्रथम सत्र तथा आम चुनाव के बाद प्रथम बैठक में विधानमंडल को संबोधित करेंगे। यह अभिभाषण राज्य सरकार की उपलब्धियों और भावी कार्यक्रमों का नीति वक्तव्य होता है। अनुच्छेद 176 के अनुसार राज्यपाल अभिभाषण एक संवैधानिक दायित्व है, जो पूर्णतः मंत्रिपरिषद की सलाह पर आधारित होता है। राज्यपाल यहां राज्य सरकार के संवैधानिक संवाहक की भूमिका निभाते हैं।

इसके साथ ही, अनुच्छेद 159 के तहत राज्यपाल संविधान की रक्षा और संरक्षण की शपथ लेते हैं। संसदीय लोकतंत्र की मर्यादा यह है कि राज्यपाल सरकार के नीतिगत विजन से निजी तौर पर असहमत होने के बावजूद उसे पढ़ने के लिए बाध्य हैं, क्योंकि वह दस्तावेज उस जनादेश का प्रतिनिधित्व करता है, जो जनता ने सरकार को दिया है। जब राज्यपाल इसे परिवर्तित या संक्षिप्त करते हैं या पढ़ने से इनकार करते हैं, तो वे परोक्ष रूप से उस लोकतांत्रिक जनादेश का अनादर कर रहे होते हैं।

राज्यपाल की शक्तियों और सीमाओं पर न्यायपालिका ने अक्सर मार्गदर्शक रेखाएं खींची हैं। शमशेर सिंह बनाम पंजाब राज्य (1974) के ऐतिहासिक मामले में सात न्यायाधीशों की पीठ ने स्थापित किया था कि राज्यपाल, राष्ट्रपति की भांति ही अपनी शक्तियों का प्रयोग मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह पर ही करेंगे। इसी प्रकार, नबाम रेबिया प्रकरण (2016) में सर्वोच्च न्यायालय ने पुनः रेखांकित किया कि राज्यपाल अपनी व्यक्तिगत इच्छा या राजनीतिक पसंद के आधार पर निर्वाचित सरकार के नीतिगत कार्यों में हस्तक्षेप नहीं कर सकते। न्यायालय का मत रहा है कि अभिभाषण जैसे मामलों में राज्यपाल के पास कोई विवेकाधीन शक्ति नहीं होती; उन्हें मंत्रिपरिषद द्वारा तैयार मसौदे को ही पढ़ना होता है।

सरकारिया आयोग (1988) और पुंछी आयोग (2010) ने राज्यपाल के पद की निष्पक्षता को सुदृढ़ करने की दृष्टि से यह अनुशंसा की थी कि राज्यपाल की नियुक्ति की प्रक्रिया में संबंधित राज्य के मुख्यमंत्री से परामर्श लेना अनिवार्य होना चाहिए। इससे पद की स्वीकार्यता बढ़ती है और राजभवन व मुख्यमंत्री सचिवालय के बीच अनावश्यक टकराव की संभावना कम होती है। वर्तमान परिस्थितियां इंगित करती हैं कि इन सुझावों की अनदेखी ने ही इस पद को अक्सर राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का उपकरण बना दिया है।

डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संविधान सभा में 'संवैधानिक नैतिकता' की अवधारणा पर जोर देते हुए कहा था कि किसी संविधान की सफलता केवल उसके लिखित प्रावधानों पर नहीं, बल्कि उन मर्यादाओं और आत्मसंयम पर निर्भर करती है, जिन्हें पदों पर आसीन व्यक्ति अपनाते हैं। यह दृष्टिकोण आज और भी प्रासंगिक हो गया है। राज्यपाल का पद राजनीतिक संघर्ष का केंद्र नहीं बनना चाहिए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा इस परंपरा को समाप्त करने के लिए संविधान संशोधन का सुझाव और कर्नाटक में सुप्रीम कोर्ट की राय लेने पर विचार, यह स्पष्ट करता है कि विवाद अब केवल राजनीतिक मतभेद तक सीमित नहीं रहा। यह संघीय ढांचे के भीतर उभरते एक बड़े संवैधानिक टकराव का पूर्व संकेत है। समाधान राज्यपाल के पद को समाप्त करने में नहीं, बल्कि उसे उसकी मूल भावना में पुनर्स्थापित करने में निहित है।

संवैधानिक पदों की प्रभावशीलता विधिक प्रावधानों के साथ-साथ संस्थागत संयम पर टिकी होती है। राजभवन और निर्वाचित सरकारों के बीच मतभेदों को सार्वजनिक रूप से उजागर करने के बजाय बंद कमरों में संवैधानिक संवाद के माध्यम से सुलझाना चाहिए।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

भारतीय संसदीय लोकतंत्र में राज्यपाल का पद संघीय संतुलन और संवैधानिक निरंतरता का आधार स्तंभ है।

## सोशल फोरम

# गोंडवाना जंक्शन

मैं कन्याकुमारी की यात्रा पर गया। यह एक सुनियोजित यात्रा थी, या यूं कहिए कि कन्याकुमारी मुझे बुला रही थी। मुझे भी लगने लगा कि यह संभवतः मेरा सबसे लंबा प्रवास हो। अमूमन मैं लंबा प्रवास नहीं करता, लेकिन स्वामी विवेकानंद रॉक पर खड़े होकर समुद्रों के भिन्न-भिन्न रंग यह अहसास दिला गए कि जब संस्कृति बदलती है, जल के रंग भी बदल जाते हैं। इस स्थान को ही गोंडवाना जंक्शन कहते हैं। यही वह स्थान है, जहां से गोंडवाना के तीन बंधु हमेशा के लिए बिछड़ गए। अगर जंबूद्वीप का इतिहास समझना है, तो हमें एक बार इस पत्थर पर खड़ा होना ही होगा।



प्रवीण कुमार झा
लेखक

11.8 करोड़ वर्ष पूर्व एक ज्वालामुखी विस्फोट के बाद ऑस्ट्रेलिया और अंटार्कटिका भारत से अलग हो गए। इसी घटना से शिलॉन्ग, राजमहल, सिलहट (बांग्लादेश) की पहाड़ियां बनीं। 8.8 करोड़ वर्ष पूर्व मेडागास्कर पूरी तरह अलग हो गया और भारत समुद्र में विचरण करता स्वतंत्र द्वीप बन गया।

मेडागास्कर से अलग होने के बाद भारत लगभग 18-20 सेमी प्रति वर्ष की गति से पूर्व की ओर जाने लगा। यह किसी जहाजी यात्रा से कम नहीं थी। मुझे उस वक्त की कल्पना कर 'लाइफ़ ऑफ़ पाई' फ़िल्म याद आ गई। तमाम जंगल और डायनासॉर लिए भारत अकेला समुद्र में विचरण कर रहा था।

यहां एक बात बतानी जरूरी है कि C आकार के पैन्जिया के मध्य जो समुद्र था, वह टेथीज़ सागर कहलाता था। अब जब सभी द्वीप बिखर गए, तो वहां खुला समुद्र रह गया। भारत इसी समुद्र में आगे बढ़ रहा था, जो अब हिंद महासागर कहलाता है। अगर भारत को एक जहाज मानें, तो इसका अगला नुकीला हिस्सा आज का सिंध और कच्छ का हिस्सा था।

भारत जैसे ही मेडागास्कर से कुछ दूर आज के रियूनियन द्वीप तक पहुंचा कि अचानक जैसे लक्ष्मण-रेखा पर पैर रख दिया। ज्वालामुखी विस्फोट होने लग गए, बल्कि इन विस्फोटों से ही वह रियूनियन द्वीप बन कर तैयार हुआ। अगर भारत वहां से न गुजरता तो यह खूबसूरत स्थान ही न होता। यह विडंबना है कि इसी द्वीप पर सदियों बाद भारत से बंधुआ मजदूर ले जाए गए, जिसका विवरण मैंने 'कुली लाइन्स' पुस्तक में दिया है। लगभग 6.8 करोड़ वर्ष पूर्व यह विस्फोट शुरू हुआ और अगले 40 लाख वर्षों तक चलता रहा। भारत ने इतने घाव झेले कि लगभग संपूर्ण जीवन खत्म हो गया। डायनासॉर युग भी इसके साथ ही खत्म हो गया।

-फेसबुक वाल से

## सामयिकी

# ब्रह्मपुत्र पुल व अंडरवाटर टनल बनेगा विकास सेतु

असम की धरती पर जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुवाहाटी की जनसभा में भारत माता की जय का उद्घोष किया, तो वह केवल एक राजनीतिक नारा नहीं था, बल्कि उत्तर–पूर्व के विकास को लेकर केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता का संदेश भी था। उनके संबोधन में संगठन की शक्ति, कार्यकर्ताओं के समर्पण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प की झलक दिखाई दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 2014 के बाद उत्तर–पूर्व को प्राथमिकता दी गई है और यह क्षेत्र अब विकास की मुख्यधारा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। असम, जो लंबे समय तक भौगोलिक दूरी और बुनियादी ढांचे की कमी के कारण पिछड़ा माना जाता था, आज बड़े प्रोजेक्ट्स के जरिए नए युग में प्रवेश कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने ब्रह्मपुत्र नदी पर बने 6-लेन के आधुनिक पुल कुमार भास्कर वर्मा सेतु का उद्घाटन किया। लगभग 3,030 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह पुल गुवाहाटी और नॉर्थ गुवाहाटी को जोड़ता है। यह पूर्वोत्तर भारत का पहला एक्स्ट्राडोज्ड पुल है, जो इंजीनियरिंग की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके बन जाने से दोनों शहरों के बीच यात्रा समय घटकर मात्र सात मिनट रह जाएगा। इससे न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन को भी नई गति मिलेगी। ब्रह्मपुत्र, जो असम की जीवनरेखा है, अब विकास का सेतु बन चुकी है।



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में यह भी उल्लेख किया कि पिछले वर्षों में उत्तर–पूर्व के 125 से अधिक महान व्यक्तित्वों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि इस क्षेत्र की प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि को राष्ट्रीय मंच पर उचित पहचान मिल रही है। लंबे समय तक उपेक्षित रहे इस भूभाग को अब देश के विकास मानचित्र में प्रमुख स्थान दिया जा रहा है।

विकास की इसी कड़ी में केंद्र सरकार ने एक और ऐतिहासिक निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे देश की पहली ट्विन-ट्यूब अंडरवाटर रेल एवं सड़क टनल को मंजूरी दी है। यह परियोजना गोहपुर और नुमालीगढ़ के बीच बनाई जाएगी। लगभग 15.8 किलोमीटर लंबी यह टनल तकनीकी दृष्टि से अत्यंत जटिल और महत्वाकांक्षी है। पूरे प्रोजेक्ट, जिसमें अप्रोच रोड और रेलवे ट्रैक भी शामिल हैं, की लंबाई 33.7 किलोमीटर होगी और इस पर लगभग 18,600 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

इस टनल के बन जाने से वर्तमान में 240 किलोमीटर की दूरी घटकर लगभग 34 किलोमीटर रह जाएगी। इससे न केवल समय और ईंधन की बचत होगी, बल्कि क्षेत्रीय संपर्क भी सुदृढ़ होगा। यह परियोजना सामरिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आपात स्थिति में सेना और आवश्यक संसाधनों की तेजी से आवाजाही संभव हो सकेगी। एक ट्यूब में सिंगल रेल ट्रैक की सुविधा होगी और ट्रेनें बिजली से संचालित होंगी। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इसे इस प्रकार डिजाइन किया जाएगा कि ट्रेन के गुजरने के दौरान सड़क यातायात नियंत्रित रहेगा। इसमें बैलिस्टिक ट्रैक जैसी आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाएगा, जो इसे अत्याधुनिक संरचना बनाता है।


इन परियोजनाओं का महत्व केवल यातायात सुविधा तक सीमित नहीं है। उत्तर–पूर्व भारत लंबे समय से भौगोलिक अलगाव और सीमित बुनियादी ढांचे के कारण आर्थिक रूप से पीछे रहा है। जब मजबूत पुल, आधुनिक सड़कें और सुरक्षित रेल नेटवर्क तैयार होते हैं, तो वे केवल दो स्थानों को नहीं जोड़ते, बल्कि संभावनाओं को जोड़ते हैं। इससे उद्योग, कृषि, पर्यटन और छोटे व्यवसायों को नई ऊर्जा मिलती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# अंतस

यदि हम अपने पौराणिक इतिहास का दृष्यावलोकन करें, तो सबसे बड़े दानी के रूप में हमारे सामने कर्ण का नाम आता है- कर्ण से जिसने जो मांगा, उसने वह उसको दान में दिया, परंतु यहां हम देखते हैं कि कर्ण ने सदैव अर्थ का ही दान किया, परंतु वो योद्धा जो सर्वशक्तिमान था, धर्म का ज्ञाता था, जिसने अपने शीश तक का दान दे दिया, ऐसा अभूतपूर्व परमवीर योद्धा- एक मात्र और केवल एक बर्बरीक हुए हैं। बर्बरीक भी कर्ण के काल में ही पैदा हुए और कर्ण के साथ ही महाभारत युद्ध में अप्रकट भी हो गए।



अशोक सूरी
आध्यात्मिक लेखक

## स्कंद पुराण में उल्लेख

बर्बरीक कुंती पुत्र महाबली भीम के पौत्र और अति बलशाली मायावी घटोत्कच के पुत्र थे। इनकी मां का नाम नागकन्या अहिलावती (कहीं-कहीं मोरवी) था। भारतीय पौराणिक परंपरा में कुछ पात्र ऐसे हैं, जो ग्रंथों में तो बहुत सीमित रूप से दिखाई देते हैं, परंतु लोक गाथाओं में विशाल स्वरूप धारण कर लेते हैं। बर्बरीक ऐसा ही एक नाम है, जो महाभारत के युद्ध में बिना कोई अस्त्र उठाए इतिहास में अमर हो गए। आगे चलकर यही वीर बर्बरीक खाटू श्याम के रूप में लोक आस्था का केन्द्र बने और घर-घर पूजे जाने लगे। बर्बरीक की कथा मुख्य रूप से स्कंद पुराण के कौमारिका एवं रेवा खंड में मिलती है, परंतु यहां भी बर्बरीक नाम का उल्लेख नहीं मिलता है। वर्तमान में उपलब्ध स्कंद पुराण के अवंती खंड/ रेवा खंड में श्याम/श्यामदेव की कथा का संकेत है, जिसको कलियुग में पूजे जाने का वरदान भगवान श्री कृष्ण ने दिया है और शीशदान की स्वीकृति प्रदान की है।

## प्रचलित श्लोक

शीशं मे देवदेवेश गृहाण पुरुषोत्तम। युद्ध दर्शनमिच्छामि तव प्रसादान्महामुने।। अर्थात हे पुरुषोत्तम मेरा यह शीश स्वीकार कीजिए एवं मैं आपकी कृपा से इस महायुद्ध का साक्षी बनना चाहता हूं। इसके अलावा एक और श्लोक आता है कि कलौ त्वं श्यामनामा पूज्यः सर्वजन प्रियः। भविष्यसि महामात्र भक्तानां फलदायकः।। अर्थात कलयुग में तुम श्याम नाम से पूजे जाओगे और तुम सबके प्रिय और भक्तों को वांछित फल प्रदान करने वाले होगे। पूर्व में आप श्याम के नाम से ही जाने जाते रहे और इसी नाम से आपका पूजन भी होता रहा।



# बर्बरीक: करुणा, त्याग और धर्म-संतुलन का अमर प्रतीक



## महाभारत का मौन साक्षी

पौराणिक कथाओं के अनुसार बर्बरीक एक अद्भुत वीर थे, जिन्होंने देवी की घनघोर तपस्या की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर देवी ने भगवान शिव से बर्बरीक को वरदान देने की प्रार्थना की। भगवान शिव ने बर्बरीक को तीन अचूक बाण प्रदान किए। ये सामान्य बाण नहीं, बल्कि दिव्य और चेतन अस्त्र थे, जो युद्धभूमि में स्वयं ही शत्रु और मित्र का भेद कर सकते थे। इन्हीं बाणों के कारण बर्बरीक अपार शक्ति के स्वामी बने और एक श्रेष्ठ वीर के रूप में विख्यात हुए। बर्बरीक की विशेषता केवल उनकी शक्ति नहीं थी, बल्कि उस शक्ति पर उनका विवेकपूर्ण नियंत्रण भी था। जब उनकी माताश्री को अपने पुत्र की अद्भुत सामर्थ्य का ज्ञान हुआ, तो उन्होंने उससे एक ही प्रतिज्ञा करवाई-कि वह इन बाणों का उपयोग केवल असहाय और कमजोर समाज की रक्षा के लिए करेगा। उन्होंने पुत्र से यह भी कहा कि उसे सदैव युद्ध में हारने वाले पक्ष का साथ देना होगा। बर्बरीक ने मां की इस आज्ञा और प्रतिज्ञा का जीवनपर्यंत पालन किया। इसी कारण वे "हारे का सहारा" कहे गए।

घटोत्कच की मृत्यु के बाद बर्बरीक ने युद्ध में जाने की अनुमति मांगी। मां ने उन्हें विदा करते समय फिर से उनकी प्रतिज्ञा स्मरण कराई। महाभारत के युद्ध में उस समय कौरवों की स्थिति कमजोर थी और वे पराजय के निकट थे। अपनी प्रतिज्ञा के अनुसार बर्बरीक ने कौरवों के पक्ष में युद्ध करने का निर्णय लिया। परंतु यह स्थिति धर्म के संतुलन के लिए घातक थी। भगवान श्रीकृष्ण, जो पांडवों के पक्ष में थे, बर्बरीक की शक्ति और उनकी प्रतिज्ञा को भली-भांति समझ गए। उन्होंने बर्बरीक से युद्ध में आने का कारण पूछा। बर्बरीक ने स्पष्ट किया कि वह सदैव हारने वाले का साथ देता है। यह भाव करुणा से उपजा था, किंतु धर्म की दृष्टि से विनाशकारी हो सकता था।



श्रीकृष्ण ने बर्बरीक की शक्ति की परीक्षा ली, जिसमें वे पूर्णतः सफल हुए। तब भगवान को एक कठोर और अप्रिय निर्णय लेना पड़ा। ब्राह्मण के वेश में उन्होंने बर्बरीक से शीश का दान मांगा। महादानी बर्बरीक ने दान स्वीकार किया, परंतु पहले भगवान का वास्तविक स्वरूप देखने की इच्छा प्रकट की। श्रीकृष्ण के दर्शन के बाद बर्बरीक ने कहा कि अब जीवन का कोई प्रयोजन नहीं बचा। उन्होंने केवल एक इच्छा रखी-युद्ध को अंत तक देखने की। भगवान के "एवमस्तु" कहते ही बर्बरीक ने अपना शीश अर्पित कर दिया। श्रीकृष्ण ने उस शीश को एक ऊंचे टीले पर स्थापित किया, जहां से वह संपूर्ण युद्ध देख सका। इस महान त्याग के फलस्वरूप भगवान ने उन्हें आशीर्वाद दिया कि कलियुग में वे उनके ही नाम "श्याम" से पूजे जाएंगे। यही श्याम आगे चलकर खाटू श्याम के रूप में विख्यात हुए।

## राजस्थान के सीकर में प्रमुख धाम

राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू उनका प्रमुख धाम है- जहां श्याम केवल एक पौराणिक स्मृति नहीं, बल्कि लोक आस्था के जीवंत देवता हैं। लोक कथाओं में प्रचलित है कि बर्बरीक के शीश का खाटू में प्राकट्य हुआ था। खाटू श्याम की विषेशता यह है कि यहां श्याम राजा नहीं, सेवक के रूप में पूजे जाते हैं, जबकि द्वारका में द्वारिकाधीश के रूप में पूजे जाते हैं। खाटू श्याम युद्ध जिताने वाले देव नहीं हैं, अपितु संकट में साथ देने वाले आराध्य हैं। लोक कथाओं के अनुसार खाटू के राजा रूपसिंह की पत्नी नर्मदा कंवर को स्वप्न में भगवान के शीश के प्रकट होने का आभास हुआ था, जिसके बाद राजा रूपसिंह चौहान ने सन् 1027 ई. में इस स्थान पर प्रथम मंदिर का निर्माण करवाया। इसके उपरांत सन् 1727 में मारवाड़ के दीवान अभय सिंह ने मंदिर का भव्य जीणोद्धार करवाया। मंदिर के निर्माण में मकराना के प्रसिद्ध सफेद संगमरमर का उपयोग हुआ है तथा गर्भगृह के दरवाजों की परतों को चांदी से मढ़ा गया है। मंदिर के पास ही श्याम कुंड स्थित है, जहां बाबा का पावन शीश प्रकट हुआ था। श्याम बाबा का पूजन गंध, पुष्प, धूप, दीप एवं भोग से किया जाता है। बाबा को भोग में विशेष रूप से चूरमा मिश्री मावा, खीर या पेड़े का भोग लगाया जाता है। बाबा को मुख्य रूप से ध्वजा को विजय प्रतीक के रूप में अर्पित करते हैं। भक्तों को मोरछड़ी से आशीर्वाद प्राप्त होता है। 21 फरवरी से 28 फरवरी तक खाटूश्याम जी मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से परिपूर्ण फाल्गुन लक्खी मेले का आयोजन किया जाएगा।

पौराणिक कथा

## सुदामा और भगवान श्रीकृष्ण की माया

एक बार सुदामा ने श्रीकृष्ण से जिज्ञासावश पूछा, "कान्हा, मैं आपकी माया के दर्शन करना चाहता हूं। माया वास्तव में होती कैसी है?" श्रीकृष्ण यह प्रश्न टालना चाहते थे, पर सुदामा की जिद के आगे मुस्कराते हुए बोले, "अच्छा, समय आने पर तुम्हें स्वयं दिखा दूंगा।" एक दिन कृष्ण ने कहा, "सुदामा, आओ, गोमती में स्नान करने चलें।" दोनों गोमती नदी के तट पर पहुंचे, वस्त्र उतारकर जल में उतरे। कुछ ही क्षणों में श्रीकृष्ण स्नान कर तट पर लौट आए और अपना पीतांबर पहनने लगे। सुदामा ने सोचा-मैं भी एक डुबकी और लगा लेता हूं। जैसे ही उसने डुबकी लगाई, भगवान ने उसे अपनी माया के दर्शन करा दिए। सुदामा को लगा कि गोमती में अचानक बाढ़ आ गई है और वह बहता जा रहा है। किसी तरह वह एक घाट के पास रुका और बाहर निकला। चारों ओर एक अनजान नगरी थी। वह आगे बढ़ा तो देखा-एक हथिनी आई और उसके गले में फूलों की माला डाल गई। लोग इकट्ठे हो गए और बोले, "हमारे राजा का देहांत हो गया है। परंपरा है कि हथिनी जिसके गले में माला डाल दे, वही राजा होता है। अब आप हमारे राजा हैं।"



सुदामा आश्चर्यचकित रह गया। उसका राजतिलक हुआ, राजकन्या से विवाह हुआ और समय के साथ उसके दो पुत्र भी हुए। जीवन सुख से चल रहा था कि एक दिन उसकी पत्नी गंभीर रूप से बीमार पड़ी और अंततः चल बसी। सुदामा शोक में डूब गया। तभी लोगों ने कहा, "मायापुरी का नियम है-राजा को अपनी रानी के साथ चिता में प्रवेश करना होता है।"

यह सुनते ही सुदामा घबरा गया। उसे लगा- मेरी तो मृत्यु नहीं हुई, फिर मैं क्यों जलूं? अब उसे पत्नी का शोक भूलकर अपनी ही चिंता सताने लगी। उसने कहा, "मैं इस नगरी का निवासी नहीं हूं।" पर कोई नहीं माना। अंत में उसने विनती की-"मृत्यु से पहले मुझे स्नान करने दो।" पहरे के साथ उसे नदी तक ले जाया गया। डर से कांपते हुए सुदामा ने जैसे ही जल में डुबकी लगाई और बाहर आया- मायानगरी लुप्त थी। सामने वही गोमती तट था और श्रीकृष्ण अभी भी पीतांबर पहन रहे थे। सुदामा फूट-फूट कर रोने लगा।

श्रीकृष्ण ने अनजान बनते हुए पूछा, "सुदामा, क्यों रो रहे हो?" सुदामा बोला, "प्रभु, जो मैंने देखा- वह सत्य था या यह?" कृष्ण मुस्कराए-"जो देखा, भोगा वह माया थी, स्वप्न था। सत्य तो मैं हूं। माया अज्ञान है, आत्म-विस्मरण है। जो मुझे जान लेता है, उसे माया बांध नहीं पाती।" सुदामा समझ गया और जो समझ गया, वह श्रीकृष्ण से भिन्न कैसे रह सकता है।

बोधकथा

## ईमानदारी का फल

एक था चेकपोस्ट का अधिकारी, धीरज। वह अत्यंत ईमानदार, संतोषी और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति था। भ्रष्टाचार के इस युग में ऐसे व्यक्ति का जीवन आसान नहीं होता। चारों ओर से समझौते की नीति अपनाने का दबाव रहता, छोटे-बड़े लोग तरह-तरह से उसे प्रभावित करने का प्रयास करते, परंतु धीरज अपने सिद्धांतों पर अडिग रहा। बार-बार होने वाले स्थानांतरण उसकी दिनचर्या का हिस्सा बन चुके थे, किंतु उसने कभी शिकायत नहीं की।

एक बार उसने तस्करी का एक बड़ा माल पकड़ा। माल का मालिक एक प्रभावशाली व्यापारी था, जिसके संबंध बड़े-बड़े राजनेताओं और अधिकारियों से थे। पहले तो उसने धीरज को प्रलोभन देने का प्रयास किया और यहां तक कह दिया कि यदि वह आंख मूंद ले तो पचास लाख रुपये देने को तैयार है, पर धीरज तनिक भी विचलित नहीं हुआ। इसके बाद नेताओं और मंत्रियों के फोन आने लगे, दबाव डाला जाने लगा, किंतु उसने किसी की नहीं सुनी। उसने नियमों के अनुसार चालान किया और पूरा माल जब्त कर लिया। मामला न्यायालय पहुंचा, परंतु धन और प्रभाव के बल पर केस शीघ्र ही खारिज हो गया। ऊपर से मंत्रियों की नाराजगी का परिणाम यह हुआ कि धीरज को अपनी नौकरी से भी हाथ धोना पड़ा। इतनी बड़ी क्षति के बाद भी वह टूटा नहीं। उसका आत्मसम्मान और ईमानदारी आज भी उतनी ही दृढ़ थी। कुछ समय बाद एक बड़े उद्योगपति को इस पूरी घटना की जानकारी मिली। उसने धीरज को बुलाया और उसकी निष्ठा से प्रभावित होकर अपनी कंपनी में सर्वोच्च पद पर सम्मान सहित नियुक्त कर लिया। यहां उसे न केवल पहले से अधिक वेतन मिला, बल्कि सभी आवश्यक सुविधाएं भी प्राप्त हुईं। धीरज अब पहले से भी अधिक सतर्क और जिम्मेदार हो गया। वह मालिक के हितों की रक्षा करता और अधीनस्थ कर्मचारियों के अधिकारों तथा कल्याण का विशेष ध्यान रखता।



प्रत्येक माह वह सभी कर्मचारियों की बैठक करता, जिसमें कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी, संतोष और परोपकार जैसे मूल्यों पर चर्चा करता। उसके नेतृत्व में कंपनी निरंतर उन्नति करने लगी। एक दिन उसने उद्योगपति को धन की असारता का बोध कराते हुए शिक्षा, चिकित्सा और असहायों की सहायता के लिए एक ट्रस्ट बनाने का सुझाव दिया। उद्योगपति ने सहर्ष यह प्रस्ताव स्वीकार किया और धीरज को ही ट्रस्ट का सचिव बना दिया। अब कंपनी की आय का एक निश्चित अंश लोककल्याण के कार्यों में व्यय होने लगा। ठीक ही कहा गया है-धन तो बहुतों को मिल जाता है, पर उसका सदुपयोग वही कर पाता है, जिसके जीवन में ईमानदारी और पुण्य का प्रकाश हो।

## क्यों लगता है मृत्यु से डर

मृत्यु जीवन का विश्राम स्थली हैं, जहां जीवात्मा अपनी थकान दूर करती, नये जीवन के लिए शक्ति प्रदान करती है। थकान दूर करने के लिए विश्राम तो नित्य ही करते हैं। पुनः नई शक्ति एवं स्फूर्ति से दैनिक कार्यों में जुड़ जाते हैं। विश्रामावधि में जाने में ना तो डर लगता है, ना ही किसी प्रकार की कठिनाई अनुभव होती है। विश्राम के अभाव में तो व्यय हुई शक्ति की आपूर्ति नहीं हो पाती। काया कमजोरी तथा श्रम के अयोग्य हो जाती है। जीवन भर की थकान को मिटाने के लिए भावी जीवन के लिए शक्ति प्राप्त करने के उद्देश्य से मृत्यु रूपी विश्राम अवधि भी उतनी ही आवश्यक है। काया-परिवर्तन इसलिए आवश्यक हो जाता है कि लंबी अवधि तक श्रम करने के कारण वह इस योग्य नहीं रहती कि कठोर श्रम कर सके। पुराने फटे वस्त्रों को बदलकर, नये पहन लिए जाते हैं। जर्जर हो गई मशीनों को पूर्ण रूपेण परिवर्तित कर देना ही उचित होता है।

इन परिवर्तनों में ना तो किसी प्रकार का दुराग्रह होता है, ना आसक्ति और नहीं किसी प्रकार का भय। नये के प्रति, परिवर्तन के प्रति भयभीत हो जाने अथवा पुरातन के प्रति आसक्ति बने रहने से उन लाभों से वंचित रह जाना पड़ता है, जो नए वस्त्रों एवं वस्तुओं से मिलता है। मृत्यु के संबंध में यही बात लागू होती है।



शिवानंद मिश्रा
लेखक

मृत्यु इसलिए भी आवश्यक एवं उपयोगी है कि जीव नये जीवन का, परिवर्तन का आनंद ले सके। मृत्यु का क्रम रुक जाय, उस स्थिति की कल्पना की जाय तो पता चलता है कि जीवन कितना नीरस एवं उभरा होगा। लंबी आयु, अमर काया, जर्जर, अशक्त बनी लाश ढोने के समान होगी, बुढ़ापा वैसे ही कितना नीरस भार भरा प्रतीत होता है। उस पर भी यदि उसके साथ अमरता का वरदान जुड़ जाए तो कितनी कठिनाई होगी। निश्चित ही कोई विचारशील, काया रूपी अमरता को स्वीकार न करना चाहेंगे। असमर्थ, अशक्त, जराजीर्ण काया की गठरी के बोझ को कौन सदा ढ़ोना चाहेगा? फिर मृत्यु से डर क्यों लगता है? शरीर के प्रति आसक्ति क्यों बनी रहती है? इन कारणों पर विचार करने पर पता चलता है, कि मृत्यु एवं जीवन के स्वरूप की वास्तविक जानकारी न होने के कारण ही भय लगता है। हमारी सत्ता शरीर से अलग है-शाश्वत, अविनाशी एवं अमर है। यह बोध बना रहे तो मृत्यु की आशंका से भयभीत होने का कोई कारण नहीं दिख पड़ता। शरीर सत्ता को ही सब कुछ मान लेने, मृत्यु के साथ जीवन का अंत समझ लेने से डर लगता है। शास्त्र इसलिए निर्देश देते हैं कि अपनी सत्ता को जानो और पहचानो, शास्त्रों का प्रत्येक को अध्ययन करना चाहिए।


# सास-बहू का रिश्ता: वास्तु शास्त्र से सामंजस्य की राह



आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
ज्योतिष एवं वास्तु विशेषज्ञ

हर परिवार में सास-बहू का बंधन अनमोल होता है, लेकिन कभी-कभी छोटे-मोटे मतभेद इसकी मिठास कम कर देते हैं। वास्तु शास्त्र कहता है कि घर की दिशाओं में संतुलन लाकर दोनों पक्षों से प्रयास करने पर ये रिश्ता और मजबूत हो सकता है। सास और बहू दोनों मिलकर ये उपाय अपनाएं, तो प्रेम और समझदारी घर की शान बनेगी।

- **दोनों के लिए शुभ आरंभ-** सास-बहू संयुक्त रूप से गुरुवार या शुक्रवार से उपाय शुरू करें, ये दिन पारिवारिक एकता के प्रतीक हैं। यदि तनाव ज्यादा हो, तो शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा से प्रारंभ करें। सभी उपाय 40-45 दिनों तक निरंतर करें, फिर जीवनभर आदत बनाएं। इससे सकारात्मक ऊर्जा घर में बनी रहेगी।
- **वायु कोण: संवाद की कुंजी-** घर के उत्तर-पश्चिम कोण (वायु कोण) को साफ रखें, कचरा या टूटा सामान न रखें। चांदी की कटोरी में केसर-कपूर भरकर रखें, हर शनिवार बदलें। सास या बहू इसे 43 दिनों तक संभालें, संवाद में मधुरता आएगी।
- **अग्नि कोण: प्रेम का प्रकाश-** दक्षिण-पूर्व (अग्नि कोण) में शाम को लाल बल्ब जलाएं। सास या बहू कोई भी 45 दिनों तक रोजाना करें। ये उपाय गलतफहमियां दूर कर सास-बहू में विश्वास जगाता है।
- **ईशान कोण: शांति का आधार-** उत्तर-पूर्व दिशा हमेशा स्वच्छ रखें, कूड़ेदान न रखें। पूजा स्थल यहीं बनाएं। रोज साफ करने का संकल्प लें, 40 दिनों में शांति का प्रभाव दिखने लगेगा।



- **शयनकक्ष व्यवस्था: सम्मान का स्थान-** सास का कमरा दक्षिण-पश्चिम में, बहू का पश्चिम या दक्षिण में रखें। दोनों कमरों में लाल फ्रेम वाली संयुक्त फोटो लगाएं। शुक्रवार से स्थापित कर 21 दिनों तक रोज प्रणाम करें।
- **दैनिक वास्तु आदतें-** सूर्योदय पूर्व घर साफ करें, गुड़युक्त जल सूर्य को अर्घ्य दें। रोज पहली रोटी गुड़ सहित गाय को दें। गुरुवार से अपनाएं, 48 दिनों बाद स्थायी करें। झगड़े कम होते हैं।
- **सास के लिए खास उपाय-** अगर आप बहू हैं, तो रोज सुबह सास के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लें और अगर आप सास हैं, तो रोज सुबह बहू को आशीर्वाद दें भले वो आपका पैर छुए न छुए, फिर घर संभालने दें। गुरुवार को केसर तिलक लगाएं। 40 दिनों का कोर्स पूरा करें। ये वास्तु ऊर्जा संतुलित कर प्रेम स्थापित करते हैं।

### विशेष वास्तु उपाय

**भूमि कोण (दक्षिण-पूर्वी मध्य) रहस्य**

घर के दक्षिण-पूर्वी मध्य भाग (भूमि तत्व क्षेत्र) में एक छोटा सा तांबे का लोटा रखें, जिसमें 7 जौ के दाने और गुड़ का टुकड़ा डालें। इसे लाल कपड़े से ढकें और कभी न हिलाएं। सास इसे स्थापित करें, बहू रोज जल चढ़ाएं। 21 दिनों में मनमुटाव गायब हो जाएगा।

**नीलिमा यंत्र स्थापना**

ईशान कोण के नीचे भूमि में (या अलमारी में) नीले रंग का त्रिकोणाकार यंत्र (नीलिमा यंत्र) दबाएं, जो बहू-सास की एकता का प्रतीक है। इसे शुक्रवार को केसर से स्थापित करें। 108 दिनों तक सक्रिय रहेगा, झगड़े जड़ से समाप्त हो जाएगी।

**वास्तु पिरामिड संधि**

घर के केंद्र (ब्रह्मस्थान) में पारदर्शी कांच का छोटा पिरामिड रखें, जिसके नीचे सास-बहू की संयुक्त फोटो (बिना फ्रेम) हो। रोज शाम 5 मिनट ध्यान करें। ये ऊर्जा संधि उपाय दोनों के कर्म बंधन को जोड़ता है, 40 दिनों में प्रेम स्वाभाविक हो जाता है।

**शयन ऊर्जा समन्वय**

सास के बिस्तर के नीचे बहू के नाम वाली सफेद मोमबत्ती (बिना जलाई) रखें और बहू के बिस्तर के नीचे सास के नाम वाली सफेद मोमबत्ती (बिना जलाई) रखें। इसे हर पूर्णिमा बदलें। ये उपाय निद्रा के दौरान वास्तु तरंगों को एकाकार करता है, सपनों में भी प्रेम का संचार होता है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 83,277.15 | 25,682.75 |
| बढ़त | 650.39 | 211.65 |
| प्रतिशत में | 0.79 | 0.83 |

सोना 1,59,200 प्रति 10 ग्राम
चांदी 2,50,000 प्रति किलो

अमृत विचार
कानपुर, मंगलवार, 17 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



न्यूज ब्रीफ

### चीनी निर्यात वर्ष 2025-26 में फरवरी तक 2.01 लाख टन

**नई दिल्ली।** भारत ने चालू वर्ष 2025-26 के विपणन वर्ष में फरवरी तक 2,01,547 टन चीनी का निर्यात किया। इसमें संयुक्त अरब अमीरात शीर्ष निर्यात गंतव्य रहा। अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ (एआईएसटीए) ने सोमवार को यह जानकारी दी। चीनी निर्यात पर सरकार का नियंत्रण बना हुआ है जिसके तहत मिल के बीच आनुपातिक रूप से कोटा वितरित किया जाता है। केंद्र सरकार ने 2025-26 विपणन वर्ष के लिए कुल 20 लाख टन निर्यात को मंजूरी दी है जिसमें हाल ही में स्वीकृत अतिरिक्त पांच लाख टन भी शामिल है।

### चांदी में दो प्रतिशत की गिरावट, सोना 700 रुपये मजबूत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमतें दो प्रतिशत घटकर 2.5 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि सोना 700 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी 5,000 रुपये या 1.96 प्रतिशत घटकर सभी कर मिलाकर 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई जो शुक्रवार को 2,55,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 700 रुपये बढ़कर सभी कर मिलाकर 1,59,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया, जो पिछली बार 1,58,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया इस साल 4 नए मॉडल पेश करेगी

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया इस वर्ष चार नए मॉडल पेश करेगी, जिनमें एक 'प्लग-इन हाइब्रिड' एसयूवी भी शामिल है। कंपनी के एमडी ने कहा कि कंपनी ने प्रीमियम एसयूवी 'मेजेस्टर' पेश की है और अपनी उत्पादन क्षमता को वर्तमान के 1.2 लाख इकाई से बढ़ाकर तीन लाख वाहन सालाना करने जा रही है। इसके अलावा, कंपनी स्थानीय उत्पादन को भी बढ़ाएगी और नए मॉडल लाएगी। इसमें कुल मिलाकर 5,000 करोड़ रुपये तक का निवेश होगा।

# आयात बढ़ने से देश का व्यापार घाटा दोगुना होकर 10 अरब डॉलर के पार

## जनवरी में वस्तुओं के निर्यात में 0.6% और सेवाओं के निर्यात 26.33% वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी

वस्तुओं के आयात में तेज वृद्धि से इस साल जनवरी में देश का कुल व्यापार घाटा लगभग दोगुना होकर 10.38 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले साल जनवरी में वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर कुल व्यापार घाटा 5.39 अरब डॉलर रहा था।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी में वस्तुओं का निर्यात साल दर साल 0.6 प्रतिशत बढ़कर 36.56 अरब डॉलर और सेवाओं का निर्यात 26.33 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 43.90 अरब डॉलर रहा। वस्तुओं का आयात 19.19 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 71.24 अरब डॉलर हो गया। जनवरी 2025 में यह 59.77 अरब डॉलर था। सेवाओं का आयात 17.30 प्रतिशत बढ़कर 19.60 अरब डॉलर रहा। इस प्रकार कुल निर्यात 80.45 अरब डॉलर और कुल आयात 90.83 अरब डॉलर दर्ज किया गया। पिछले साल जनवरी में कुल आयात 71.90 अरब डॉलर और कुल निर्यात 76.48 अरब डॉलर पर था।



### पेट्रोलियम का सर्वाधिक आयात

भारत ने पेट्रोलियम का सबसे अधिक आयात किया। इसके बाद क्रमशः इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद, सोना, मशीनरी और परिवहन उपकरण का रहा। देश से 101.13 अरब डॉलर की इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात किया गया। इसके बाद, 45.69 अरब डॉलर के पेट्रोलियम उत्पाद, 39.38 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद, 25.73 अरब डॉलर की दवाओं और 23.53 अरब डॉलर के जवाहरात और गहनों का निर्यात हुआ।

### रूस से आयात घटा, चीन, यूएई अमेरिका, सऊदी अरब से बढ़ा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीने में चीन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), अमेरिका और सऊदी अरब से भारत का आयात बढ़ा है जबकि रूस से आयात में कमी आई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल-जनवरी के दौरान क्रमशः चीन, यूएई, रूस, अमेरिका और सऊदी अरब से सबसे अधिक आयात किया गया। इनमें रूस को छोड़कर अन्य देशों से आयात में वृद्धि हुई है। खास बात यह है कि जनवरी 2026 में रूस से मात्र 2.86 अरब डॉलर का आयात किया गया जबकि उससे पहले के नौ महीने में पांच अरब डॉलर के औसत के साथ रूस से 44.98 अरब डॉलर का आयात हुआ था।

- सबसे ज्यादा निर्यात क्रमशः अमेरिका, यूएई, चीन, नीदरलैंड और ब्रिटेन को किया गया, अमेरिका, यूएई और चीन को निर्यात में वृद्धि, नीदरलैंड और ब्रिटेन को निर्यात कम


### सरकारी आंकड़े : थोक महंगाई जनवरी में 1.81 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में थोक मुद्रास्फीति जनवरी में लगातार तीसरे महीने बढ़ते हुए 1.81 प्रतिशत पर पहुंच गई। खाद्य वस्तुओं, गैर-खाद्य चीजों और विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में मासिक आधार पर बढ़ोतरी इसकी मुख्य वजह रही। सोमवार को इस संबंध में सरकारी आंकड़े जारी किए गए। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई दर पिछले साल जनवरी में 2.51 प्रतिशत जबकि दिसंबर 2025 में 0.83 प्रतिशत रही थी। उद्योग मंत्रालय ने कहा, जनवरी 2026 में थोक महंगाई बढ़ने की मुख्य वजह मूल धातुओं के विनिर्माण, अन्य विनिर्माण, गैर-खाद्य चीजों, खाद्य वस्तुओं तथा वस्त्रों आदि की कीमतों में वृद्धि रही। डब्ल्यूपीआई के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 1.55 प्रतिशत रही जबकि दिसंबर में इसमें 0.43 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। सब्जियों के मामले में जनवरी में महंगाई दर 6.78 प्रतिशत रही जबकि दिसंबर में इसमें 3.50 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

- गैर खाद्य चीजों, खाद्य वस्तुओं और वस्त्रों की कीमतों में वृद्धि कारण

## शेयर बाजार में गिरावट थमी, 650 अंक चढ़ा सेंसेक्स

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में जारी गिरावट पर सोमवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 650 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 212 अंक चढ़ गया। बिजली, बैंक और वित्तीय शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आई।


निफ्टी ने ली 212 अंकों की बढ़त

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स लगातार तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट से उबरते हुए 650.39 अंक यानी 0.79 प्रतिशत चढ़कर 83,277.15 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 211.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत बढ़कर 25,682.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में पावरग्रिड सबसे अधिक लाभ में रहा। इसमें 4.45 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, आईटीसी, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारतीय स्टेट बैंक में प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी ओर, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी इंडिया, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

## जनवरी में सोने का आयात 349% बढ़ा

नई दिल्ली। भारत ने जनवरी 2026 में 1,207.06 करोड़ डॉलर का सोना आयात किया जो पिछले साल जनवरी की तुलना में 349 प्रतिशत अधिक है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के के अनुसार, जनवरी में चांदी का आयात 127 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 200.38 करोड़ डॉलर का रहा। पिछले साल जनवरी में 268.70 करोड़ डॉलर का सोना और 88.28 करोड़ डॉलर की चांदी आयात की गई थी। चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीने (अप्रैल-जनवरी) में 6,146.39 करोड़ डॉलर का सोना और 977.53 करोड़ डॉलर की चांदी आयात की गई।

## वर्ष 2035 तक में घरेलू खुदरा बाजार दोगुना होने की उम्मीद

**मुंबई।** घरेलू खुदरा बाजार वर्ष 2035 तक बढ़कर 210-215 लाख करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है, जो 2025 में अनुमानित 90-95 लाख करोड़ रुपये का दोगुने से भी अधिक होगा। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया।

बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप और रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने संयुक्त रूप से यह रिपोर्ट 'रिटेल लीडरशिप समिट 2026' में जारी की। रिपोर्ट कहती है कि प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बेहतर प्रदर्शन और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर होने से भारत खुदरा बाजार में वृद्धि का प्रमुख चालक रहेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, खुदरा क्षेत्र के अगले चरण की वृद्धि में वे कंपनियां आगे रहेंगी जो स्पष्ट रणनीतिक ध्यान, अनुशासित क्रियान्वयन और कृत्रिम मेधा (एआई) पर आधारित बदलाव को अपनाएंगी। उपभोक्ता जुड़ाव, परिचालन मॉडल और प्रतिभा प्रबंधन में संरचनात्मक परिवर्तन अपनाने वाले खुदरा विक्रेता 200 लाख करोड़ रुपये के बाजार की यात्रा में असमानुपातिक मूल्य अर्जित कर सकेंगे।

## जनवरी में बेरोजगारी दर बढ़कर 5% पर

**नई दिल्ली।** देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के लोगों के बीच बेरोजगारी दर जनवरी में बढ़कर पांच प्रतिशत हो गई जो दिसंबर 2025 में 4.8 प्रतिशत थी।

नवीनतम आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों से पता चलता है कि बेरोजगारी दर में वृद्धि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में दर्ज की गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने एक बयान जारी करके कहा कि श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) एवं श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) में गिरावट और बेरोजगारी दर में वृद्धि मुख्य रूप से देश के ग्रामीण क्षेत्रों में मौसमी कारणों से हुई।

- देश के शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में बढ़ी बेरोजगारी

आधिकारिक बयान में दावा किया गया है कि फसल कटाई के बाद कृषि गतिविधियों में स्वाभाविक सुस्ती, निर्माण, कृषि-संबद्ध कार्य, परिवहन एवं छोटे व्यापार जैसे क्षेत्रों में सर्दियों के दौरान सुस्ती रहने और कुछ श्रमिकों का अस्थाई रूप से काम की तलाश न करना इसके प्रमुख कारण रहे। हालांकि, एनएसओ ने स्पष्ट किया कि शहरी क्षेत्रों में श्रम बाजार की स्थिति अपेक्षाकृत स्थिर रही।

## एआई से उत्पन्न गलत सूचना लोकतंत्र के लिए खतरा: जितिन

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने सोमवार को एआई उपकरणों के इस्तेमाल में सतर्कता बरतने की अपील करते हुए कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) के जरिये तैयार की गई गलत सूचना में लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को कमजोर करने की ताकत है।

राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में एक सत्र के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री ने कहा कि एआई छात्रों और शिक्षकों के लिए सीखने की प्रक्रिया को काफी बेहतर बना सकता है, लेकिन इसे ऐसा शॉर्टकट नहीं माना जाना चाहिए जिससे आलोचनात्मक सोच या जिज्ञासा कमजोर पड़े।



- केंद्रीय राज्यमंत्री ने समिट में कहा- एआई को शॉर्टकट न माना जाए

जितिन ने कहा कि एआई शिक्षकों की जगह नहीं ले सकता और शिक्षा में इसके जोखिमों से सावधानीपूर्वक निपटना होगा। मंत्री ने कहा, अगर डिजिटल साक्षरता नहीं होगी तो साइबर खतरों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ जाती है। साइबर सुरक्षा एक बहुत बड़ा मुद्दा है और एआई डीपफेक के जरिये गलत सूचना फैलाई जाती है। भारत जैसा देश जो वास्तव में लोकतांत्रिक है जहां केंद्रीय, राज्य या निगम स्तर पर साल भर चुनाव होते रहते हैं, अगर एआई के जरिए गलत सूचना फैलाई गई तो यह लोकतंत्र को पटरी से उतार सकती है। उन्होंने कहा, यह लोगों की सोच को गलत दिशा में मोड़ सकती है और एक बार मतदान हो गया तो वह बेहद नुकसानदेह हो सकता है क्योंकि लोग झूठी जानकारी के आधार पर वोट दिया होगा।

उन्होंने कहा कि यह केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। सरकार नीतियां बनाएगी और नागरिकों की सुरक्षा तथा उनके भविष्य की रक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाएगी, लेकिन इसमें सबको योगदान देना होगा।



# वांगचुक का भाषण तीन मिनट का तो उसका अनुवाद आठ मिनट का क्यों

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा सवाल, वास्तविक लिखित प्रतिलिपि पेश करने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के खिलाफ केंद्र की ओर से प्रस्तुत वीडियो के ट्रांसक्रिप्ट (लिखित प्रतिलिपि) को लेकर सवाल उठाए और कहा कि एआई के दौर में अनुवाद बिल्कुल सटीक होना चाहिए। दरअसल, वांगचुक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी थी कि अनुवाद में ऐसे शब्द भी जोड़ दिए गए हैं जो वांगचुक ने कहे ही नहीं थे। कोर्ट ने केंद्र को भाषण की वास्तविक ट्रांसक्रिप्ट पेश करने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज से कहा कि सरकार वांगचुक के बयानों की वास्तविक ट्रांसक्रिप्ट पेश करे। पीठ ने कहा, मिस्टर सॉलिसिटर, हमें भाषण की वास्तविक ट्रांसक्रिप्ट चाहिए। जिस पर उन्होंने भरोसा किया है और जो आप कह रहे हैं, वह अलग है। हम निर्णय करेंगे। उन्होंने जो कहा है, उसकी वास्तविक प्रतिलिपि होनी चाहिए। पीठ ने कहा, उन्होंने जो कहा, कम से कमउसका सही अनुवाद होना चाहिए। आपका अनुवाद सात से आठ मिनट तक चलता है, जबकि भाषण केवल तीन मिनट का है। हम एआई के युग में हैं, अनुवाद में कम से कम 98 प्रतिशत सटीकता होनी चाहिए। इस मामले की सुनवाई बृहस्पतिवार को फिर से होगी।



### जो बात कही नहीं, वह भी अदालत में : सिब्बल

- सिब्बल ने अनुवाद पर सवाल उठाते हुए कहा, वांगचुक ने अपना अनशन जारी रखा और नेपाल का संदर्भ देकर युवाओं को उकसाना भी जारी रखा यह पंक्ति कहां से आ रही है। यह एक बहुत ही अनोखा नजरबंदी आदेश है, आप ऐसी बात पर भरोसा कर रहे हैं जो मौजूद ही नहीं है और फिर कहते हैं कि यह व्यक्तिपरक संतुष्टि पर आधारित है।

### वांगचुक स्वस्थ, रिहा नहीं कर सकते: केंद्र

- केंद्र ने इससे पहले शीर्ष अदालत को बताया था कि वांगचुक की हिरासत के बाद से 24 बार चिकित्सकीय जांच की गई है और वह स्वस्थ और ठीक हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि जिन आधारों पर वांगचुक की नजरबंदी का आदेश जारी किया गया था, वे अब भी बने हुए हैं और स्वास्थ्य कारणों से उन्हें रिहा करना संभव नहीं होगा।

### हिमंत के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई से इन्कार, हाईकोर्ट जाने को कहा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के खिलाफ कार्रवाई संबंधी याचिकाओं पर सुनवाई से इन्कार कर दिया। इन याचिकाओं में उस वायरल वीडियो को लेकर कार्रवाई का आग्रह किया गया था, जिसमें शर्मा एक विशेष समुदाय के सदस्यों की ओर राइफल से निशाना साधते और गोली चलाते हुए दिखे थे। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने पक्षकारों के सीधे सुप्रीम कोर्ट का रुख करने की प्रवृत्ति पर कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए याचिकाकर्ताओं को अपनी शिकायत लेकर गुवाहाटी हाईकोर्ट के समक्ष जाने को कहा। शीर्ष अदालत ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से मामले की सुनवाई तेजी से करने को भी कहा। पीठ ने पक्षकारों से कहा, आप गुवाहाटी हाईकोर्ट क्यों नहीं गए। उसकी शक्ति को कम मत आंकिए।

### 'तार्किक विसंगति' श्रेणी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर में 'तार्किक विसंगति' श्रेणी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अनुच्छेद-32 के तहत शीर्ष अदालत का रुख करने पर सवाल भी उठाया। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा, आप चाहते हैं कि हम अनुच्छेद-32 के तहत दायर याचिका पर विचार कर यह तय करें कि आपके पिता, आपकी माता और आपका भाई कौन है।

## असम : राहुल से बात करने के बाद भूपेन बोरा ने इस्तीफा वापस लिया

गुवाहाटी, एजेंसी

असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष भूपेन बोरा ने सोमवार सुबह पार्टी में उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अपना इस्तीफा भेज दिया लेकिन राहुल गांधी और कुछ अन्य वरिष्ठ नेताओं से बातचीत के बाद उसे वापस ले लिया।

बोरा के त्यागपत्र की जानकारी मिलते ही कांग्रेस के असम प्रभारी जितेंद्र सिंह, पार्टी की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने बोरा से उनके आवास पर मुलाकात की। इसके बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने भी उनसे फोन पर बात की। जितेंद्र सिंह ने कहा कि बोरा ने अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। उन्होंने कहा, भूपेन जी हमारे बहुत ही वरिष्ठ नेता हैं। परिवार के अंदर कभी-कभी मनमुटाव हो जाता है लेकिन यह हमारा आंतरिक मामला है। भूपेन जी ने असम की जनता के लिए लड़ाई लड़ी है और कांग्रेस में लंबा राजनीतिक जीवन बिताया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने उनसे इस्तीफा वापस लेने का आग्रह किया, उनकी राहुल गांधी जी और केसी वेणुगोपाल जी से बात हुई।

इस बीच बोरा ने कहा कि उन्होंने अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए कांग्रेस आलाकमान से समय मांगा है। गोगोई ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बोरा से बात की है और उनका इस्तीफा आलाकमान ने स्वीकार नहीं किया है। गोगोई ने कहा, अगर पार्टी में कुछ मुद्दों के कारण भूपेन बोरा को ठेस पहुंची है तो हम उनसे माफी मांगते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष को भेजे अपने त्यागपत्र में बोरा ने दावा किया था कि पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें उपेक्षित किया जा रहा है और राज्य इकाई में उन्हें उनका हक नहीं दिया जा रहा है। बोरा 2021 से 2025 तक असम कांग्रेस इकाई के अध्यक्ष थे और पिछले साल उनकी जगह गौरव गोगोई को असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कमान सौंप दी गई।

- पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने पार्टी में उपेक्षा का आरोप लगाकर इस्तीफा दिया था

### हिमंत ने बोरा को भाजपा में दिया न्योता, नहीं बनी बात

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन बोरा के पार्टी से इस्तीफा देने के बाद भाजपा के दरवाजे उनके लिए खुले हैं। अगर वह भाजपा में शामिल होते हैं तो वह उन्हें किसी सुरक्षित सीट से चुनाव जितवाने की कोशिश करेंगे। हिमंत ने कहा, उनके इस्तीफे से यह प्रतीकात्मक संदेश मिलता है कि कांग्रेस में किसी सामान्य परिवार का व्यक्ति तरक्की नहीं कर सकता। वह कल शाम बोरा के आवास पर जाएंगे और उनकी भविष्य की योजनाओं पर बातचीत करेंगे। हालांकि बोरा की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। राहुल गांधी से बातचीत के बाद उनका इस्तीफा वापस लिए जाने की घोषणा कर दी गई।

### प्रश्नपत्र लीक होने की अफवाहों पर ध्यान न दें विद्यार्थी : सीबीएसई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने विद्यार्थियों से मंगलवार से शुरू होने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में प्रश्न पत्र लीक होने की अफवाहों से गुमराह न होने का आग्रह किया है। सीबीएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, जैसा कि पहले भी देखा गया है, कुछ अनैतिक तत्व परीक्षाओं के दौरान विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर फर्जी खबरें फैलाकर छात्रों और अभिभावकों को गुमराह करने का प्रयास करते हैं। इस तरह की गलत सूचनाओं में अक्सर प्रश्नपत्र लीक होने और बोर्ड की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के कथित प्रश्नपत्रों के प्रसार के झूठे दावे शामिल होते हैं। अधिकारी ने कहा, इसलिए, सीबीएसई अभिभावकों, विद्यार्थियों, विद्यालयों और सभी संबंधित हितधारकों से आग्रह करता है कि वे सतर्क रहें और अपुष्ट समाचारों, अफवाहों या फर्जी खबरों से गुमराह न हों। इस तरह की निराधार सामग्री पर भरोसा करना, उससे जुड़ना या उसे आगे बढ़ाना अनावश्यक चिंता और भ्रम पैदा कर सकता है और तैयारियों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।

### शिंदे गुट के मुस्लिम विधायक के आने के बाद भाजपा ने मंदिर में गोमूत्र छिड़का

छत्रपति संभाजीनगर। शिवसेना शिंदे गुट के मुस्लिम विधायक एवं पूर्व मंत्री अब्दुल सत्तार के छत्रपति संभाजीनगर के सिल्लोड में एक मंदिर में दर्शन करने के बाद भाजपा के कार्यकर्ताओं ने गोमूत्र से मंदिर का शुद्धिकरण किया। महाशिवरात्रि पर विधानसभा क्षेत्र सिल्लोड के रहीमाबाद स्थित शिव मंदिर में मुस्लिम विधायक के जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसपर भाजपा और अन्य संगठनों ने विरोध जताया है। भाजपा की सिल्लोड इकाई के प्रमुख मनोज मोरेलू ने दावा किया, सत्तार गोमांस खाते हैं और उन्होंने मंदिर में प्रवेश कर उसकी पवित्रता को भंग किया है। इसलिए हमने मंदिर को शुद्ध करने के लिए गोमूत्र छिड़का। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तार हाल में हज पर गए थे और अब मंदिर जा रहे हैं।

### ईडी ने न्यूजक्लिक, प्रबीर पुरकायस्थ पर 184 करोड़ का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली।** ईडी )ने समाचार पोर्टल 'न्यूजक्लिक' और उसके प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ पर फेमा के तहत 184 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पोर्टल के स्वामित्व वाली कंपनी पीपीके न्यूजक्लिक स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड पर 120 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है, जबकि पुरकायस्थ पर कथित उल्लंघनों के लिए 64 करोड़ रुपये का जुर्माना किया गया है। इन्हें विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए पाया गया है, मुख्य रूप से एक तो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) निधियों का गलत विवरण देने और दूसरे सेवाओं और निर्यात की गलत घोषणा। इस घटनाक्रम पर 'न्यूजक्लिक' से अभी प्रतिक्रिया नहीं मिली है। ईडी ने सबसे पहले सितंबर 2021 में राष्ट्रीय राजधानी के सैदुलजाब इलाके में स्थित न्यूजक्लिक परिसर में धनशोधन के आरोपों में छापेमारी की थी। एजेंसी ने इस मामले में पुरकायस्थ समेत 25 से अधिक लोगों के बयान दर्ज किए हैं। भाजपा ने 2023 में 'न्यूयॉर्क टाइम्स' अखबार के एक समाचार का हवाला देते हुए पोर्टल और उसके प्रवर्तकों पर कदाचार का आरोप लगाया था।

## प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के ग्रैंड मुफ्ती शेख अबू बक्र अहमद से बातचीत की

**नई दिल्ली।** भारत के ग्रैंड मुफ्ती शेख अबू बक्र अहमद ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और दोनों ने कई मुद्दों पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मेरी भारत के ग्रैंड मुफ्ती शेख अबू बक्र अहमद साहब के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने कई मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने कहा, सामाजिक सद्भाव, भाईचारा बढ़ाने और शिक्षा में सुधार लाने के उनके प्रयास सराहनीय हैं।

प्रधानमंत्री ने मुलाकात की तस्वीरें भी साझा कीं। शेख अबू बक्र अहमद भारत के 10वें और वर्तमान ग्रैंड मुफ्ती हैं, जिन्हें फरवरी 2019 में नियुक्त किया गया था। केरल के एक प्रमुख सुन्नी विद्वान के रूप में, वह अखिल भारतीय सुन्नी जमीयतुल उलमा का नेतृत्व करते हैं।

## अवैध हिरासत का दावा: अबू सलेम की याचिका पर सुनवाई से इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गैंगस्टर अबू सलेम की उस याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया, जिसमें दावा किया गया था कि उसे 10 महीने से अधिक समय से अवैध हिरासत में रखा गया है, जबकि वह 1993 के मुंबई विस्फोट मामले में उसे दी गई 25 साल की सजा पहले ही काट चुका है। वर्ष 1993 के मुंबई धमाकों के दोषी सलेम को लंबी कानूनी लड़ाई के बाद 11 नवंबर, 2005 को पुर्तगाल से प्रत्यर्पित किया गया था। प्रत्यर्पण समझौते की शर्तों के अनुसार, सलेम को मृत्युदंड नहीं दिया जा सकता और उसके कारावास की अवधि 25 वर्ष से अधिक नहीं हो सकती। सलेम ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर रिहाई की मांग की थी, जिसमें दावा किया था कि अच्छे व्यवहार के लिए दी छूट को शामिल करने पर वह पहले ही 25 साल की कैद काट चुका है।

## पहलगाम हमले के मृतक की बेटी को 10 महीने बाद भी नहीं मिली सरकारी नौकरी

**पुणे/मुंबई।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पिता की मौत के दस महीने बाद भी असावरी जगदाले महाराष्ट्र सरकार के सरकारी नौकरी के वादे के पूरा होने का इंतजार कर रही हैं।

असावरी के पिता संतोष जगदाले उन 26 लोगों में एक थे जिनकी मौत पिछले साल 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों की गोलीबारी में हुई थी। इसके बाद राज्य सरकार ने महाराष्ट्र के छह पीड़ित परिवारों को 50 लाख रुपये की वित्तीय सहायता और परिजनों को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की थी। असावरी ने कहा, वादा किए हुए 10 महीने हो गए हैं, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ है। राज्यसभा सदस्य मेधा कुलकर्णी ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर राज्य सरकार के आश्वासनों से अवगत कराया है। असावरी ने कहा, मैंने एकनाथ शिंदे और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यालयों से संपर्क किया है। मेरा परिवार तंगी का सामना कर रहा है और सारी बचत खत्म हो गई है।

- महाराष्ट्र सरकार ने किया था वादा, तंगी से जूझ रहा है परिवार



"भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच के दौरान अतिरिक्त दबाव होता है, लेकिन खिलाड़ी सदियों पुरानी प्रतिद्वंद्विता को लेकर बाहर हो रही चर्चाओं पर गौर न करके शांतचित्त होकर अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करते हैं।
–अक्षर पटेल


# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

कानपुर, मंगलवार, 17 फरवरी 2026


**आज के मैच**

| टीम | समय |
|---|---|
| कनाडा–न्यूजीलैंड | पूर्वाह्न 11 बजे |
| आयरलैंड–जिम्बाब्वे | दोपहर 3 बजे |
| नेपाल–स्कॉटलैंड | शाम 7 बजे |

**हाईलाइट**

## इटली को 24 रनों से हराकर इंग्लैंड पहुंचा सुपर आठ में



**कोलकाता।** विल जैक्स के हरफनमौला प्रदर्शन से इंग्लैंड ने आखिर तक जुझारू प्रदर्शन कर रही इटली को 24 रन से हराकर सोमवार को टी–20 विश्व कप के सुपर आठ में प्रवेश कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जैक्स की आक्रामक पारी के दम पर इंग्लैंड ने आखिरकार अपनी लय हासिल करते हुए सात विकेट पर 202 रन बनाए। जैक्स ने 22 गेंद में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 54 रन बनाए और टूर्नामेंट में पहली बार टीम को 200 रन के पार पहुंचाया। जवाब में इटली ने शानदार प्रदर्शन किया। एक समय लग रहा था कि कोई उलटफेर हो जाएगा पर इंग्लैंड ने वापसी की। इटली के लिए बेन मानेंटी ने 25 गेंद में 60 और ग्रांट स्टीवर्ट ने 23 गेंद में 45 रन बनाए। जैक्स ने समय पर मानेंटी को आउट करके इंग्लैंड को मैच में लौटाया। इटली की टीम 20 ओवर में 178 रन ही बना सकी।

## अफगानिस्तान ने यूएई को हराकर उम्मीद को कायम रखा



**नई दिल्ली।** अजमतुल्लाह उमरजई के ऑलराउंड प्रदर्शन और सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान के अर्धशतक से अफगानिस्तान ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में सोमवार को यहां यूएई को पांच विकेट से हराकर सुपर आठ में जगह बनाने की अपनी धुंधली उम्मीदों को जीवंत रखा। यूएई के 161 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने जादरान (53 रन, 41 गेंद, छह चौके, एक छक्का), दारविश रसूली (23 गेंद में 33 रन) और अजमतुल्लाह (21 गेंद में नाबाद 40 रन, तीन छक्के, दो चौके) की पारियों से 19 .2 ओवर में पांच विकेट पर 162 रन बनाकर जीत दर्ज की। पहले दो मैच में शिकस्त झेलने वाले अफगानिस्तान के ग्रुप में अब दो अंक हैं। यूएई के भी दो अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका छह अंक के साथ सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर चुका है जबकि न्यूजीलैंड के चार अंक हैं। इन सभी टीम ने तीन–तीन मैच खेले हैं।

# अब सेमीफाइनल या फाइनल में ही हो सकता महामुकाबला

मनीष श्रीवास्तव, खेल डेस्क

- टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 में भारत और पाकिस्तान मैच नहीं





**अमृत विचार।** भारतीय टीम द्वारा कोलंबों में पाकिस्तान को टी-20 वर्ल्ड कप मैच में करारी शिकस्त देने से फैंस का जोश और रोमांच सातवें आसमान पर है, और वह एक बार फिर से दोनों देशों के बीच हाईवोल्टेज मुकाबले की संभावनाएं देख रहे हैं।

टूर्नामेंट में अभी तक भारत और पाकिस्तान ने तीन-तीन मुकाबले खेले हैं। ग्रुप-ए में भारत तीन जीत के साथ सुपर-8 राउंड में पहुंच गया है, वहीं दो मैच जीतने वाले पाकिस्तान के सामने 18 फरवरी को नामीबिया पर जीत हासिल करने की चुनौती है। जहां तक सुपर-8 में भारत और पाकिस्तान का मैच होने की बात है, तो यह कतई नहीं हो सकता है।

सुपर-8 में भारत-पाक टीमों के बीच मैच नहीं होने की वजह यह है कि प्री-सीडिंग व्यवस्था के अंतर्गत भारत और पाकिस्तान को सुपर-8 के अलग-अलग ग्रुप में रखा गया है। इस चरण में पहुंचने वाली टीमें केवल अपने ग्रुप में विरोधी टीमों का सामना करेंगी, इसलिए सुपर-8 में भारत-पाक के बीच दोबारा मुकाबला होना संभव नहीं है, लेकिन भारत और पाकिस्तान की टीमें अगर सेमीफाइनल में पहुंचती हैं तो दोनों के बीच एक बार फिर भिड़ंत हो सकती है।





**अपने ग्रुप में पहले या दूसरे स्थान पर ही दोबारा भिड़ंत :** सेमीफाइनल में भारत-पाक मैच के लिए शर्त यह है कि जब एक टीम अपने ग्रुप में पहले स्थान पर रहे और दूसरी टीम दूसरे ग्रुप में दूसरे स्थान पर आए। अगर भारत और पाकिस्तान दोनों टीमें अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष पर या दूसरे स्थान पर रहती हैं तो दोनों के बीच सेमीफाइनल में भी भिड़ंत संभव नहीं होगी। टी-20 वर्ल्ड कप का पहला सेमीफाइनल 4 मार्च और दूसरा 5 मार्च को खेला जाना है। अगर दोनों टीमें सेमी फाइनल में पहुंचकर अपने-अपने मैच जीतती हैं, तो फाइनल में महा मुकाबले की तस्वीर बनेगी।

### सुपर-8 की यह है तस्वीर

सुपर–8 में पहुंचने वाली टीमों के दो ग्रुप बनाए जाएंगे। ग्रुप–1 की 4 टीमों को अपने ग्रुप में आपस में मैच खेलने होंगे। यही कहानी ग्रुप–2 में भी होगी। सुपर–8 के लिए दोनों ग्रुप के लिए पहले से तय सीडिंग के आधार पर क्वालीफाई करने पर ग्रुप–1 में भारत को एक्स–1, आस्ट्रेलिया को एक्स–2, वेस्ट इंडीज को एक्स–3 और दक्षिण अफ्रीका को एक्स–4 टीम के रूप में नामित किया गया है। इसी तरह ग्रुप–2 में इंग्लैंड को वाई–1, न्यूजीलैंड को वाई–2, पाकिस्तान को वाई–3 और श्रीलंका को वाई–4 के रूप में नामित किया गया है। अब इनमें से जो टीम सुपर–8 में नहीं पहुंचेगी, उसके स्थान पर उसके ग्रुप से पहुंचने वाली दूसरी टीम शामिल हो जाएगी।

### सुपर-8 में द. अफ्रीका, वेस्ट इंडीज से मैच तय, श्रीलंका व जिम्बाब्वे से संभावित

प्री सीडिंग के अनुसार सुपर–8 में पहुंचने के साथ ही भारत (एक्स–1) के मैचों की स्थिति भी स्पष्ट हो गई है। सुपर–8 में भारत की पहली भिड़ंत दक्षिण अफ्रीका (एक्स–4) से 22 फरवरी को अहमदाबाद में होगी, जबकि 26 फरवरी को संभावित रूप से चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के साथ मुकाबला करना होगा। एक मार्च को भारत अपना सुपर–8 का अंतिम मैच वेस्ट इंडीज (एक्स–3) के साथ खेलेगा।

## टी-20 विश्व कप : पाकिस्तान के खिलाफ खेली गई शानदार पारी की हो रही जमकर तारीफ

# ईशान किशन : आज मैं जीने वाला जिंदादिल खिलाड़ी



नई दिल्ली, एजेंसी

बॉलीवुड की 1965 में आई फिल्म 'वक्त' में आशा भोंसले का गाया गाना "आगे भी जाने ना तू, पीछे भी जाने ना तू, जो भी है बस यही एक पल है" समय की अनिश्चितता को दर्शाता है कि जिंदगी कभी भी बदल सकती है, भविष्य अनजान है और अतीत को बदला नहीं जा सकता है लेकिन ईशान किशन के लिए ये शब्द एक अलग मायने रखते हैं। यह शायद किशन का पसंदीदा गाना नहीं हो लेकिन इन पंक्तियों का भाव उनके करियर की कहानी से मिलती है।

पटना के 27 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ने उस दौर से वापसी की जब भारतीय क्रिकेट जगत उनसे उम्मीद छोड़ने लगा था। ऋषभ पंत टी20 विश्व कप विजेता टीम में वापसी कर चुके थे, ध्रुव जुरेल प्रभावी प्रदर्शन कर रहे थे, संजू सैमसन हमेशा की तरह दावेदार थे और जितेश शर्मा भी अपनी उपयोगिता साबित कर रहे थे। ऐसे में चयन क्रम में पांचवें स्थान पर खड़े किशन के लिए राह लगभग बंद दिख रही थी। आक्रामक शैली के इस बल्लेबाज के लिए लगातार अनिश्चितता के सहारे जीवन बिताना आसान नहीं था। किशन ने मानसिक थकान के चलते ब्रेक लेने का फैसला किया। लेकिन इसके बाद उन्हें चयन से बाहर किया गया, केंद्रीय अनुबंध रद्द हुआ और उन पर घरेलू क्रिकेट को लेकर गंभीर नहीं होने के आरोप लगे।

उनके करीबी मित्र अंशुमत श्रीवास्तव ने कहा अगले ही दिन से लोगों ने मान लिया कि वह क्रिकेट को लेकर गंभीर नहीं हैं। तरह-तरह की बातें लिखी गईं। किशन ने हालांकि इन बातों पर कभी प्रतिक्रिया नहीं दी। मुस्कुराते रहे और मेहनत करते रहे। वर्तमान में जीना कठिन होता है, लेकिन उन्होंने इस प्रक्रिया को सर्वोपरि मान लिया।

अंशुमत के अनुसार आज आप जो पाकिस्तान के खिलाफ देख रहे हैं, वह दो साल पहले शुरू की गई प्रक्रिया का परिणाम है। ये रन उस प्रक्रिया का एक हिस्सा है। अंशुमत पटना स्थित 'इशान किशन क्रिकेट अकादमी' के सह-संस्थापक भी हैं और इस दौरान उनकी मेहनत के साक्षी रहे। इस मुश्किल दौर में अंशुमत के अलावा किशन के परिवार और करीबी लोगों का सुरक्षा घेरा बना रहा।

पिता प्रणव पांडेय, बड़े भाई और चिकित्सक राज किशन ने उन्हें भावनात्मक संबल दिया। किशन की दिनचर्या पूरी तरह बदल गई। बेहतर एकाग्रता के लिए उन्होंने ध्यान शुरू किया। पिता की सलाह पर भगवद गीता पढ़नी शुरू की। अभ्यास के लिए वह नियमित तौर पर दिन में दो बार अपनी अकादमी जाते। पोषण पर ध्यान देने के लिए निजी शेफ रखा और बाहर का खाना छोड़ दिया। नींद और आराम की निगरानी भी व्यवस्थित ढंग से की गई। भले ही किशन ने सार्वजनिक तौर पर कुछ नहीं कहा, लेकिन भारतीय क्रिकेट के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर उठे सवाल उन्हें आहत कर गए थे।

अंशुमत ने कहा ब्रेक के दौरान वह मानसिक रूप से थके हुए थे और उन्हें विश्राम की जरूरत थी। उन्होंने इसे अपने तरीके से संभाला। यह कभी लक्ष्य नहीं रहा कि रणजी, सैयद मुश्ताक अली या विजय हजारे ट्रॉफी में इतने रन बनाने हैं। न्यूजीलैंड श्रृंखला और घरेलू क्रिकेट में उनका औसत शानदार रहा। मिलनसार और खुशमिजाज स्वभाव के किशन टीम माहौल को हल्का बनाए रखना पसंद करते हैं। अंशुमत कोलंबो सिर्फ पाकिस्तान मैच देखने नहीं, बल्कि अपने इस 'भाई' के साथ रहने भी पहुंचे। उन्होंने कहा वह मजाक करना और हंसी-मजाक से माहौल हल्का रखना पसंद करते हैं।

### खराब फॉर्म से जूझ रहे बाबर आजम और शाहीन शाह अफरीदी की हो सकती छुट्टी





**कराची।** भारत के खिलाफ कोलंबो में अहम मुकाबले में नाकाम रहने के बाद नामीबिया के खिलाफ टी20 विश्व कप के अगले मैच में खराब फॉर्म से जूझ रहे बाबर आजम और शाहीन शाह अफरीदी की पाकिस्तानी टीम से छुट्टी हो सकती है। पाकिस्तानी टीम प्रबंधन के विश्वस्त सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी ने भारत से मिली 61 रन से हार के बाद टीम मैनेजर नावेद अकरम चीमा को नाराजगी जता दी है। सूत्र ने कहा पीसीबी अध्यक्ष प्रेमदासा स्टेडियम से मैच खत्म होने से पहले ही चले गए क्योंकि पाकिस्तान की हार तय हो चुकी थी। सूत्र ने यह भी कहा कि नकवी ने पीसीबी के एक आला अधिकारी के जरिये मैनेजर को संदेश दिया है कि इस तरह का प्रदर्शन स्वीकार्य नहीं है। कोच माइक हेसन ने भी ड्रेसिंग रूम में टीम से बात करके कहा कि उन्होंने अपनी क्षमता के अनुरूप नहीं खेला। टीम प्रबंधन ने तय किया है कि अब बहुत हो चुका और बाबर आजम तथा शाहीन को आराम देकर सलमान मिर्जा और नसीम शाह या फखर जमां को उतारा जाए।

### बेखौफ किशन ने हमसे मैच छीन लिया : हेसन

**कोलंबो।** पाकिस्तान के मुख्य कोच माइक हेसन ने कहा कि बेखौफ होकर खेल रहे ईशान किशन के तूफानी अर्धशतक ने उनकी टीम और भारत के बीच अंतर पैदा किया। किशन की 40 गेंद पर 77 रन की तूफानी पारी की मदद से भारत ने रविवार को यहां पाकिस्तान को 61 रन से हराकर सुपर आठ में जगह पक्की कर ली।



हेसन ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा मुझे लगता है कि वह बेखौफ होकर खेलता है। वह मैदान के दोनों तरफ रन बना सकता है। इसलिए वह सिर्फ लेग साइड तक ही सीमित नहीं है। हम जानते हैं कि वह लेग साइड का मजबूत बल्लेबाज है, लेकिन वह रिवर्स शॉट भी खेल सकता है। इसलिए, अगर विशेष कर पावर प्ले में स्पिन गेंदबाज गेंदबाजी कर रहे हो तो उसे रोकना चुनौती हो सकती है। हेसन ने स्वीकार किया कि किशन ने प्रेमदासा की धीमी पिच पर पाकिस्तान के धीमे गेंदबाजों के खिलाफ 37 गेंदों में 66 रन बनाकर उनकी स्पिन–प्रधान रणनीति को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि जिस तरह से वह शानदार फॉर्म में हैं, उससे हमारे स्पिनरों पर काफी दबाव पड़ा और शायद वे 'बेसिक्स' से भटक गए। उसके अलावा (शिवम) दुबे का प्रदर्शन थोड़ा बेहतर था, लेकिन मुकाबला कठिन था।

# भारत-पाक मैचों का व्यावसायिक महत्व जल्द हो जाएगा कम


कराची, एजेंसी

- पाकिस्तानी क्रिकेट विशेषज्ञों ने लगातार हार पर जताई चिंता

पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ियों और क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला लगातार एकतरफा होने और भारत के दबदबे के कारण इन मुकाबलों का व्यावसायिक महत्व कम होता जा रहा है।

भारत की रविवार को आसान जीत ने पाकिस्तान को पहले से कहीं ज्यादा झटका दिया है क्योंकि ऐसी उम्मीदें थीं कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साथ हाल के गतिरोध के दौरान देश के प्रशासकों के कड़े रुख के बाद खिलाड़ी भी मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। लेकिन भारत ने पाकिस्तान को 61 रन से करारी शिकस्त दी जिससे दोनों टीमों के बीच अंतर भी स्पष्ट हो गया। टी20 विश्व कप में भारत ने पाकिस्तान को नौ में से आठ मैचों में हराया है। इसके अलावा पिछले साल एशिया कप में सलमान अली आगा की अगुवाई वाली टीम को भारत से लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा था।

भारत का पाकिस्तान पर सीमित ओवरों की क्रिकेट में दबदबे का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जीत के बाद से पाकिस्तान अपने चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक भी वनडे मैच नहीं जीत पाया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) तौकीर जिया ने कहा कि हर हार के साथ आईसीसी में बहुचर्चित इन मैचों का व्यावसायिक महत्व कम होता जा रहा है। उन्होंने कहा सच तो यह है कि पाकिस्तान और भारत के बीच के मैच बहुत एकतरफा हो गए हैं। देर-सवेर आईसीसी और सदस्य बोर्ड के लिए पाकिस्तान और भारत के बीच के मैचों का महत्व कम हो जाएगा। यहां एक विज्ञापन एजेंसी चलाने वाले परवेज़ मीर ने इस बात से सहमति जताई कि पाकिस्तान के प्रशंसक कभी बराबरी पर रहने वाली प्रतिद्वंद्विता के फिर से शुरू होने की उम्मीद खोते जा रहे हैं।



हार से निराश पाकिस्तानी ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज। एजेंसी

### पहली पारी में ही गंवा दिया था मैच : वकार यूनिस

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वकार यूनिस ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप में 61 रन की करारी शिकस्त के बारे में कहा कि जब सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 175 रन बनाए तो पाकिस्तान की टीम उसी समय इस मैच से बाहर हो गई थी। वकार ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा पाकिस्तान ने पहली पारी में ही मैच गंवा दिया। एक बार जब भारत ने 175 रन बना लिए तो मैच पाकिस्तान की पकड़ से बाहर हो गया था। गेंद स्पिन हो रही थी और सूर्यकुमार यादव ने गेंदबाजी में पूरी समझदारी से बदलाव किए। उन्होंने कहा मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान ने अपने स्पिन गेंदबाजों का उतना अच्छा इस्तेमाल किया जितना भारत ने किया। लेकिन मैच पहली पारी में ही खत्म हो गया था क्योंकि भारत ने बहुत ज्यादा रन बना लिए थे। हम सभी जानते हैं कि पाकिस्तान की बल्लेबाजी बहुत अच्छी नहीं है। लेकिन अगर भारत ने 175 की जगह 140 या 150 रन बनाए होते तो शायद स्थिति अलग होती।



# श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हराकर सुपर आठ में जगह पक्की की

पालेकल, एजेंसी

पथुम निसांका की नाबाद शतकीय पारी से श्रीलंका ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप बी मैच में सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को 12 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हरा कर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की कर ली। ऑस्ट्रेलिया को 181 रन पर आउट करने के बाद श्रीलंका ने 18 ओवर में दो विकेट पर 184 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की। तीन मैच में दूसरी हार साथ ही ऑस्ट्रेलिया के लिए सुपर आठ में पहुंचने की राह मुश्किल हो गयी। श्रीलंका के लिए सलामी बल्लेबाज निसांका ने 52 गेंद में नाबाद 100 रन की शानदार पारी खेली। कुसल मेंडिस ने 38 गेंद में 51 रन का योगदान दिया।



शतक लगाने के बाद जश्न मनाते श्रीलंका के बल्लेबाज पतुम निसंका।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड के विस्फोटक अर्धशतकों के दम पर मजबूत शुरुआत करने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया सोमवार को यहां टी20 विश्व कप ग्रुप बी मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर 181 रन पर सिमट गया। चोट के कारण टूर्नामेंट के शुरुआती दो मैच नहीं खेल पाए मार्श ने वापसी करते ही आक्रामक अंदाज अपनाया और 27 गेंदों में 54 रन ठोक डाले। हेड ने भी 29 गेंदों में 56 रन की तूफानी पारी खेली। दोनों ने मिलकर नौ ओवर से कम समय में 104 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को 200 से अधिक के स्कोर की राह पर ला खड़ा किया।

श्रीलंका के गेंदबाजों ने हालांकि आखिरी 10 ओवरों में शानदार वापसी की। लेग स्पिनर दुशान हेमंथा (चार ओवर में 37 रन पर तीन विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी चार विकेट महज छह रन के अंदर गंवा दिये। पहले गेंदबाजी करने का श्रीलंका का फैसला शुरुआत में गलत साबित हुआ। मार्श और हेड ने चौकों-छक्कों की झड़ी लगा दी।

### अभिषेक शर्मा पहले क्रीज पर समय बिताये : शास्त्री

**कोलंबो।** भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा अपनी पारी की शुरुआत में अधिक धैर्य रखने की सलाह दी है। पाकिस्तान पर भारत की 61 रन की जबरदस्त जीत के दौरान अभिषेक बिना किसी रन के आउट होने पर शास्त्री ने कहा कि अभिषेक को आक्रामक बल्लेबाजी से पहले क्रीज पर अधिक समय बिताने की सलाह दी है। आईसीसी ने शास्त्री के हवाले से कहा मुझे लगता है कि वह खेलने लायक है, लेकिन उसे स्वयं को थोड़ा और समय देना होगा। ऐसी चीजे होती हैं, और आप गुस्से में आ सकते हैं, लेकिन उसे वापस पटरी पर आने तक खुद को थोड़ा और समय देना होगा। उन्होंने कहा कि क्योंकि उसके लिए बाद में उन डॉट बॉल को बाउंड्री और छक्के में बदलना मुश्किल नहीं है। इसके उलट, विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन शानदार फॉर्म में हैं।

**रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल** | दूसरे दिन की खेल समाप्ति तक कर्नाटक ने छह विकेट पर बनाए 689 रन

# पडिक्कल के दोहरे शतक से उत्तराखंड बेदम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार।** लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन बल्लेबाजों का ऐसा दबदबा देखने को मिला। दिन का सबसे बड़ा आकर्षण युवा बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल का ऐतिहासिक दोहरा शतक रहा, जिसके चलते कर्नाटक ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक छह विकेट पर 689 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया।

दूसरे दिन कर्नाटक ने दो विकेट पर 355 रन से आगे खेलना शुरू किया और आक्रामक अंदाज में रन गति को आगे बढ़ाया। क्रीज पर जमे देवदत्त पडिक्कल ने अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर के साथ पारी को मजबूती दी। नायर ने 108 गेंदों में आठ चौकों और एक छक्के की मदद से 60 रन बनाए। पडिक्कल ने 288 गेंदों में अपने प्रथम श्रेणी करियर का पहला दोहरा शतक जड़ते हुए 232 रनों की यादगार पारी खेली। उनकी पारी में 29 चौके और तीन छक्के शामिल रहे। रविचंद्रन स्मरण ने 10 चौकों की मदद से शतक पूरा किया। उत्तराखंड टीम की ओर से आदित्य रावत ने 132 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। अभय नेगी, अवनीश सुधा और लक्ष्य को एक-एक सफलता मिली।



दोहरा शतक लगाने के बाद जश्न मनाते कर्नाटक के देवदत्त पडिक्कल। अमृत विचार

### शमी के तीन विकेट से जम्मू कश्मीर-बंगाल मैच में रोमांच बढ़ा

**कल्याणी।** मोहम्मद शमी के तीन विकेट के बावजूद जम्मू कश्मीर ने बंगाल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन सोमवार को पांच विकेट पर 198 रन बना लिए जिससे मुकाबला अभी भी बराबरी का है। बंगाल ने पांच विकेट पर 249 रन से आगे खेलते हुए पहली पारी में 328 रन बनाए। जम्मू कश्मीर के लिए आकिब नबी ने 26 ओवरों में 87 रन देकर पांच विकेट लिए। इस रणजी सत्र में उनके 50 विकेट पूरे हो गए हैं। बंगाल के लिए फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज सुदीप कुमार कल के स्कोर में दस रन और जोड़कर 146 रन पर आउट हो गए। अनुभवी सुमंता गुप्ता ने 36 गेंद में 39 रन बनाए। बायें तेज गेंदबाज सुनील कुमार ने तीन विकेट लिए।